राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, गुरुवार, 09 मई 2024
वर्ष 05, अंक 219, पृष्ट 12,मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

एम्बुलेंस असली, मरीज फर्जी जांच में क्यों हो रही देरी ..08

कनाडाई विदेश मंत्री बोलीं- भारत पर लगे आरोपों पर कायम....12

# अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर कब होगा फैसला? सुप्रीम कोर्ट ने तारीख बताई!

**● दिल्ली आबकारी मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करेगा. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम आदेश पारित कर सकते हैं.**

स्वतंत्र प्रभात

**दिल्ली** के सीएम अरविंद केजरीवाल के मामले पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करेगा. जस्टिस खन्ना ने एएसजी राजू से कहा कि आप कल (जीएसटी बैच में) बहस शुरू करें. राजू ने कहा कि केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कल है. जस्टिस खन्ना ने कहा कि नहीं, यह परसो है, जहां तक ??अंतरिम आदेश आदि का सवाल है तो हम वह आदेश शुक्रवार को पारित कर सकते हैं. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम आदेश पारित कर सकते हैं.

सुप्रीम कोर्ट कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने पर 10 मई को अपना आदेश सुनाएगा. उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करने वाली पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा, हम शुक्रवार को अंतरिम आदेश (अंतरिम जमानत पर) सुनाएंगे. गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर भी उसी दिन फैसला लिया जाएगा.'

न्यायमूर्ति खन्ना, जो न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी के साथ एक अलग संयोजन में बैठे थे, ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू के बाद यह टिप्पणी की, जो माल और सेवा कर से संबंधित मामले में केंद्र की ओर से पेश हुए थे. उन्होंने लिस्टिंग पर स्पष्टीकरण मांगा था. आम आदमी पार्टी (आप) नेता को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं.

**केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक**

पीठ ने केजरीवाल और प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. जांच एजेंसी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने लोकसभा चुनाव के कारण केजरीवाल के प्रति किसी भी तरह की नरमी दिखाने का कड़ा विरोध किया था.

**केजरीवाल की गिरफ्तारी से गरमाई सियासत**

बता दें कि मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी है. दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनकी गिरफ्तारी को लेकर भी अपनी राय दी थी. उल्लेखनीय है कि ईडी ने केजरीवाल को बार-बार समन जारी किया था, लेकिन वह हाजिर नहीं हुए थे. उसके बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था.



हालांकि आम आदमी पार्टी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को राजनीतिक उद्देश्यप्रेरित करार दिया था और आरोप लगाया था कि चुनाव के पहले विपक्षी पार्टियों को राजनीतिक रूप से परेशान किया जा रहा है.

**'...सीएम केजरीवाल आदतन अपराधी नहीं हैं'**

जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने खुली अदालत में कहा कि वह सीएम केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के सवाल पर 10 मई को अपना फैसला सुनाएगी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने संकेत दिया था कि वह मौजूदा आम चुनाव को देखते हुए आप नेता को अंतरिम जमानत देने पर विचार कर सकती है। इसमें कहा गया कि यह एक असाधारण स्थिति है और सीएम केजरीवाल आदतन अपराधी नहीं हैं। जांच एजेंसी ने अंतरिम राहत देने का विरोध करते हुए कहा था कि यह एक गलत मिसाल कायम करेगा और राजनेताओं के पास सामान्य नागरिकों की तुलना में कोई विशेष अधिकार नहीं है।

**केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था**

यह याचिका दिल्ली हाई कोर्ट के 10 अप्रैल के फैसले के खिलाफ दायर की गई थी, जिसमें ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज हो गई थी। सीएम केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। तब से वो हिरासत में हैं। दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी थी।

# जिला अस्पताल के वार्ड फुल, बेड के लिए हलाकान मरीज

» जबरदस्त गर्मी में एकबारगी बढ़ गई डायरिया पीड़ितों की संख्या
» खांसी, जुकाम, बुखार के मरीजों की भी लग रही है लंबी लाइन
» जिला अस्पताल के वार्ड, ट्रामा सेंटर में फुल नजर आ रहे हैं बेड
» सुबह अस्पताल खुलते ही लग रही है मरीजों की लंबी कतार

स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** तापमापी पारे की सुई 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गई है। गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में डायरिया के साथ ही अन्य मौसमी बीमारियों ने लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है। जिला अस्पताल हो या फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, यहां तक कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी मरीजों की लंबी लाइन लग रही है। जिला अस्पताल का आलम यह है कि यहां पर सभी बेड फुल नजर आ रहे हैं। अस्पताल परिसर में संचालित ट्रामा सेंटर और सभी वार्डो मे के बेड फुल होने के कारण नए आने वाले मरीजों को भर्ती होने के बाद बेड ढूंढने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते मरीजों को गद्दीदार बेंच, कुर्सियों और स्ट्रेचर में लिटाकर चिकित्सक उपचार करने को मजबूर हो रहे हैं। हालांकि जिला अस्पताल के पास अन्य वार्ड भी हैं, लेकिन अफसोस की बात यह है कि वहां पर संसाधन कम होने की वजह से मरीजों को भर्ती नहीं किया जा सकता।

बुधवार की सुबह अस्पताल खुलते ही मरीजों की लंबी लाइन लग गई। पर्चा काउंटर से पर्चा बनवाने के बाद मरीज चिकित्सकों के चेंबर पर पहुंचे। वहां पर कुछ चिकित्सक देरी से कुर्सी पर बैठे, इसकी वजह से मरीजों को काफी देर तक चिकित्सकों के आने का इंतजार करना पड़ा। उपचार कराने के बाद मरीज दवा काउंटर पर पहुंचे और वहां पर दवा प्राप्त करने के लिए भी मरीजों को लंबी लाइन लगानी पड़ी। दवा लेने के लिए लाइन में लगे तीमारदारों के बीच धक्का-मुक्की का दौर भी चला। इधर, गर्मी के चलते डायरिया, बुखार और खांसी जुकाम समेत अन्य मर्जो से पीड़ित मरीजों की संख्या में एकबारगी इजाफा हो जाने के कारण अस्पताल में भीड़ नजर आ रही है। आलम यह है कि ट्रामा सेंटर में बिछे 22 बेड फुल हो गए हैं। नए मरीज जो भर्ती किए जा रहे हैं उनको बेड उपलब्ध नहीं हो पा रहे। इसके चलते मरीजों को जिला अस्पताल की कुर्सियों, स्ट्रेचर में लिटाकर उपचार किया जा रहा है। चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी भी करें तो क्या, जितनी अस्पताल में व्यवस्था है, उसी हिसाब से काम कर रहे हैं। अस्पताल में और बेड बढ़ाए जाने की क्षमता नहीं है। इसके चलते मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सीएमएस डा. आरके गुप्ता का कहना है कि मरीजों की संख्या में एकबारगी इजाफा हो जाने के कारण बेड फुल हो जाते हैं। एहतियात के तौर पर एक दर्जन गद्दीदार बेंच डलवाई गई हैं, उनमें मरीजों को लिटाकर उपचार किया जा रहा है। डायरिया पीड़ित एक मरीज अगर अस्पताल में भर्ती होता है तो कम से कम दो दिनों तक उसका उपचार किया जाता है। मरीजों की भीड़ बढ़ने से अव्यवस्था है, जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएगी।

**आई वार्ड और आपदा राहत वार्ड का ले सकते हैं सहारा**

बांदा। जिला अस्पताल के महिला, पुरुष और इमरजेंसी वार्ड के बेड फुल हैं। इसके साथ ही ट्रामा सेंटर में भी मरीज भर्ती हैं। यहां पर बेड के साथ ही गद्दीदार बेंच भी अब फुल नजर आ रही हैं। नए मरीजों के आने पर उन्हें भर्ती करने में चिकित्सकों को मुश्किल हो रही है। जिला अस्पताल प्रशासन के पास बर्न वार्ड के समीप बना आपदा राहत वार्ड और आई वार्ड अभी कुछ हद तक खाली नजर आ रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि मरीजों की संख्या में अगर इजाफा हुआ तो इन वार्डों में भी मरीजों को भर्ती किया जाएगा।

**सीएचसी-पीएचसी से रेफर होकर आ रहे मरीज**

बांदा। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आरके गुप्ता का कहना है कि जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों के द्वारा मरीजों को उपचार के लिए रोका नहीं जा रहा है। प्राथमिक उपचार करने के बाद मरीजों को भर्ती कर दिया जाता है।




सीएमएस ने कहा कि एक तो शहर के मरीज और फिर ग्रामीण क्षेत्रों से रेफर होकर मरीजों के आ जाने की वजह से एकबारगी भीड़ बढ़ जाती है। ऐसे में अव्यवस्था होना स्वाभाविक है। सीएमएस ने कहा कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन एक हजार से अधिक मरीज रजिस्ट्रेशन कराकर अपना उपचार कराते हैं। ओपीडी बंद हो जाने के बाद ट्रामा सेंटर में संचालित इमरजेंसी में पहुंचे बीमार मरीजों की हालत गंभीर होने पर उन्हें भर्ती कर उनका उपचार किया जा रहा है। एकबारगी मरीज बढ़ जाएंगे तो किसी भी अस्पताल में अव्यवस्था हो सकती है, लेकिन स्थिति सामान्य है। मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

**मेडिकल कालेज जाने से कतराते हैं मरीज**

बांदा। जिला अस्पताल के चिकित्सकों का कहना है कि जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को अगर मेडिकल कालेज रेफर किया जाता है तो उनका कहना होता है कि मेडिकल कालेज की दूरी बहुत है, उनके पास वाहन नहीं है, उन्हें यहीं भर्ती रखकर उपचार करिए। चिकित्सकों का कहना है कि अगर मरीज मेडिकल कालेज का रुख करें तो काफी हद तक जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या कम हो सकती है और सबको बेहतर उपचार के साथ ही बेड भी उपलब्ध हो सकते हैं, लेकिन मरीज जिला अस्पताल में ही भर्ती रहकर उपचार कराते हैं। चिकित्सकों ने कहा कि डायरिया पीड़ित मरीज को कम से कम दो दिन तक भर्ती रखकर उपचार किया जाता है, तब मरीज की स्थिति सामान्य हो पाती है। चिकित्सकों ने कहा कि बीमार मरीज को बीच में डिस्चार्ज नहीं कर सकते।

## संक्षिप्त ख़बरें

### परशुराम जन्मोत्सव पर 10 मई को होगा भव्य आयोजन



**महमूदाबाद-सीतापुर।** अक्षय तृतीया के पर्व पर जनपद सीतापुर के नगर महमूदाबाद में पूर्व की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से भगवान परशुराम का जन्मो त्सव मनाया जायेगा। यह जानकारी भगवान परशुराम ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष सुशील अवस्थी ने मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भगवान परशुराम के जन्मोत्सव कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज की कई हस्तियों को बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व डी.जी.पी. उत्तर प्रदेश सूर्य कुमार शुक्ल, ओम ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी, महर्षि ब्राह्मण सभा की अध्यक्ष श्वेता शुक्ला, पूर्व महा निबन्धन उत्तर प्रदेश के.के. शुक्ला, पूर्व जेल अधीक्षक गोरखपुर आर. सी. उपाध्याय सहित ब्राह्मण समाज से सीतापुर व लखनऊ की कई महान हस्तियों को भी पूजन कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया है। उन्होंने स्थानीय ब्राह्मण समाज सहित सनातन धर्म से सम्बंधित सभी लोगों से अपील की है कि वे भी 10 मई को आयोजित इस कार्यक्रम में प्रातः साढ़े नौ बजे आकर भाग लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनायें।

### सरस्वती शिशु मंदिर एवं सरस्वती बालिका विद्या मंदिर द्वारा निकली गई मतदाता जागरूकता रैली



**बिसवां सीतापुर** सरस्वती शिशु मंदिर एवं सरस्वती बालिका विद्या मंदिर पुरवारी टोला बिसवां, सीतापुर के भैया/ बहनों के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली बिसवां नगर में निकाली गई। रैली निकालने में बिसवां तहसील के उप जिलाधिकारी एवं कोतवाली प्रभारी का भरपूर सहयोग रहा। दोनों सम्मानित अधिकारियों का विद्यालय परिवार की ओर से बहुत-बहुत आभार एवं साधुवाद।

# जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते जल निगम द्वारा बनवाई गई पानी की टंकी से हो रही खेतों की सिंचाई ,लोगों को समस्या




**● ग्रामीणों को पानी टंकी से पीने के लिए नही मिल रहा पानी**

स्वतंत्र प्रभात

**महमूदाबाद , सीतापुर** जनपद सीतापुर के विकास खंड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत सोहरिया गांव में जल निगम द्वारा बनवाई गई पानी टंकी से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पीने का पानी और पानी टंकी से खेतों की कराई जा रही सिंचाई जिससे वहां के ग्रामीणों को समस्या हो रही है। और वहीं पर मौजूद कई ग्रामीणों समेत अन्य ने बताया कि सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही के चलते यहां अभी तक ग्रामीणों को पीने को पानी नहीं मिला है । और खेतों की लगातार सिंचाई कराई जा रही है। यदि सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी इस पानी की टंकी पर थोड़ा सा भी ध्यान दे दें , तो यहां के भी ग्रामीणों को पीने के लिए पानी मिलने लगे। और वहीं पर पानी टंकी में कार्य कर रहे लोगों ने उदित कुमार यादव का नंबर देते हुए बताया कि इस मामले में इनसे बात कर लो। हम लोग इस मामले में कुछ नही जानते है। हम लोग लेवर है पानी टंकी में अधूरे पड़े कार्य को कर रहे हैं। जब उदित कुमार यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मैं अभी बाहर हूं। और अभी कुछ देर बाद मौके पर पहुंच कर देख रहा हूं। तो वहीं उक्त पूरे मामले को लेकर जब जल निगम सौरभ सिंह जेई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जानकारी मिली है। और इस मामले की पूरी जानकारी कर के जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जायेगी।

### नहर की सफाई न होने कारण किसानों को नही मिल रहा सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी



**मिश्रिख (सीतापुर)** तहसील क्षेत्र मिश्रिख के ग्रामीण इलाकों में आज भी किसानों की फसलों के लिए सिंचाई का मुख्य साधन नहरे है। परन्तु नहर विभाग में तैनात जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते नहरों की साफ सफाई न होने के कारण नहरों का पानी टेल तक नही पहुंच पा रहा है । जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की फसलें सूख रही है । वर्तमान समय सिंचाई को लेकर काफी चिंतित है।आपको बता दें कि तहसील क्षेत्र के ग्राम महसोनिया नहर पुलिया से लेकर भारतपुर की पुलिया तक काफी समय से साफ सफाई न होने के कारण नहर नाले में तब्दील हो गई है । नहर के अंदर दोनों तरफ बड़ी बड़ी झाड़ियां उग आई है। जिससे नहर का पानी टेल तक नही पहुंच पा रहा है।जिससे ग्रामीण किसानों को फसलों की सिंचाई करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस लिए यहां के क्षेत्रीय किसानों ने जिला प्रशासन व प्रदेश शासन का ध्यान इस ओर आकर्शित कराते हुए नहर की साफ सफाई कराए जाने की मांग की है।

# प्रधानों ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन दरोगा के खिलाफकार्यवाही की मांग

स्वतंत्र प्रभात



**सहारनपुर।** नई दृष्टि नव युग प्रधान संगठन के अध्यक्ष संजय वालिया के नेतृत्व मे थाना कोतवाली देहात में तैनात दरोगा दीपचन्द यादव के खिलाफ कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में एक ज्ञापन सहारनपुर के एसएसपी को सौपकर कार्यवाही की मांग की गई।

एसएसपी को दिये ज्ञापन मे नई दृष्टि नव युग प्रधान संगठन के अध्यक्ष संजय वालिया ने बताया कि हम सब नव दृष्टि नव युग प्रधान संगठन आपका ध्यान थाना कोतवाली देहात में तैनात एस0आई0 दीप चन्द यादव की कार्यशैली की ओर दिलाना चाहता है। उन्होने आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त एस0आई0दीप चन्द यादव जब से थाना कोतवाली देहात में तैनात हुआ है तभी से क्षेत्र में गौकशी, गाय चोरी आदि की घटनाएं बहुत ज्यादा बढ़ गयी है। इस सम्बन्ध में यदि गांव के प्रधान द्वारा इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कहा जाता है तो उक्त दरोगा उन्हीं प्रधानों को टारगेट करता है और गौकशी के मामले में घसीटने का प्रयास करता है और गांव में जब कोई घटना होती है तो प्रधान के द्वारा फोन कर संज्ञान लेना चाहता है तो उससे भी उक्त दरोगा बदतमीजी से बात करता है और अभद्र शब्दों का प्रयोग करता है। उन्होने बताया कि 7 मई 2024 को ग्राम गदनपुरा में राजीव भगत जी की गाय जो कि एक माह बाद बियाने वाली थी चोरों द्वारा रात्रि में मंदिर से चोरी कर ली गयी। आरोप है कि उस पर भी दरोगा जी भगत जी को धमकाने का काम कर रहे हैं, कि गाय चोरी की रिपोर्ट दर्ज न करवाये पशु चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवायें। ऐसी सूरत में इनका स्थानान्तरण अन्य थाने में करने का कष्ट करें। उन्होने कहा कि उक्त दरोगा का ग्रामीणों के प्रति अव्यवरिकता पुलिस विभाग के सम्मानित दरोगा जैसे पद की गरिमा के विपरीत है। इनकी कार्यशैली को दृष्टिगत रखते हुए विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जाये । अन्यथा ग्राम प्रधान संगठन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालो मे नई दृष्टि नव युग प्रधान संगठन के अध्यक्ष संजय वालिया, बीना सैनी, राजीव भगत, जावेद प्रधान खुशदि आदि शामिल रहे।

# मोहल्ला मुन्नूगंज वासियों ने किया मतदान का बहिष्कार करने का ऐलान ,रोड नहीं तो वोट नहीं

**● मामला जनपद खीरी के तहसील गोला गोकर्णनाथ के मोहल्ला मुन्नूगंज का है।**

**आखिर कहाँ सो रहा है प्रशासन मुन्नूगंज वासियों के एलान के बावजूद भी प्रशासन नही ले रहा कोई सुध 13 मई को है वोटिंग कुछ ही दिन शेष फिर भी हल नही!**

**लखीमपुर-खीरी।** विधानसभा गोला गोकर्णनाथ खीरी के स्थानीय शहर के कस्बा मुन्नूगंज वासी लोगों ने पुराने रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण से परेशान होकर इस लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के समक्ष सुगम रास्ते की मांग रखी है ।अन्यथा इसबर वोट न डालने का फैसला किया है। बताते चलें कि मोहल्ला मुन्नूगंज ,गली नंबर 105, गोला गोकरन नाथ जिला लखीमपुर खीरी का विगत 5 दिनों से हो रहा है वोट न देने का एलान लेकिन प्रशासन अभी तक कोई सुध नही ले रहा है ।क्या प्रशासन को 4000 वोटों की ज़रूरत नही या ये वोटर प्रशासन के लिए अहम नहीहै। कई बार जिलाधिकारी,उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, क़ानूनगों को शिकायत करने और ज्ञापन देने के बावजूद भी नही निकल रहा कोई हल !

मोहल्ला मुन्नुगंज वार्ड नंबर 9 का सुगम रास्ता स्वर्गीय हमीद बेग के घर से नाले के बाईपास तक का रास्ता लगभग 30 वर्षो से ज्यादा समय से बिना किसी अतिक्रमण के आमजन के आवागमन हेतु उपयोग में लाया जाता रहा है ।परंतु स्थानीय प्रॉपर्टी कारोबारी शिवलाल द्वारा कुछ दिनों से अपनी भूमि बताकर उसपर अतिक्रमण किया जा रहा है।





स्थानीय निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता अहमद खान का कहना है कि यह रास्ता बंद होने से मोहल्ले के 200 परिवारों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा। क्यों कि और कोई सुगम मार्ग नहीं है जिससे किसी आपात स्थिति में अग्निशमन ,एंबुलेंस या गाडियां मोहल्ले में जा सके। कुछ मोहल्ले वासियों का कहना है कि शिवलाल ने जब प्लॉट बेचा था।

तो उन्होंने यह विश्वास दिया था की वो उपयोग में लाए जा रहे रास्ते पर कभी अतिक्रमण नहीं करेंगे। इस विवाद के संदर्भ में स्थानीय निवासियों का यह भी कहना है कि शिवलाल अवैध तरीके से कृषि योग्य भूमि पर प्लॉटिंग कर रहे हैं जिसकी शिकायत प्रशासन को की गई है । वहीं मोहल्ले वासियों ने इस मामले में स्थानीय पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए और शिवलाल के पक्ष में दबाव बनाने का आरोप लगाया। मुन्नूगंज वासियों के सैकड़ों परिवारों ने मांग की है की इस मामले में आवश्यक कदम जनप्रतिनिधि और प्रशासन तत्काल उठाए नहीं तो इसबार वोट का बहिष्कार किया जाएगा।

# रोड निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार को भारतीय किसान यूनियन (भानू) के कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष बृजेश विश्वकर्मा के निर्देश पर ब्लाक अध्यक्ष आलम खान के नेतृत्व में पचपेड़वा रेलवे स्टेशन अधीक्षक रवि यादव को स्टेशन आने जाने वाले मेन रोड के निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार व मानक विहीन कार्य के खिलाफ ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया की पचपेड़वा से स्टेशन जाने वाले सड़को के निर्माण में तय मानकों व गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। निरीक्षण करने वाले सब सो रहे हैं ठिकेदार अधिक मुनाफा कमाने व कमीशन के चक्कर में निर्माण कार्य की गुणवत्ता को ताक पर रख रहें हैं । इसलिए हो रहे कार्य की जांच करवा कर दोषी ठेकेदार व जेई के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने व उक्त कार्य को मानक के अनुसार कराए जाने की मांग की है। कार्रवाई न होने पर जिला अध्यक्ष बृजेश विश्वकर्मा जी के निर्देशानुसार भारतीय किसान यूनियन भानू


भारतीय किसान यूनियन (भानू)

के कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करेंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी । इस अवसर पर जनपद में लगे आदर्श आचार संहिता वह धारा 144 को ध्यान में रखकर ब्लॉक अध्यक्ष के साथ मंजूर आलम ,वार्ड अध्यक्ष नई बाजार हैदर अली ,कार्यालय अध्यक्ष पचपेड़वा अलीहसन ,मात्र ही उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## घर के लोग पार्टी में गए चोरों ने खंगाल लिया घर केस दर्ज

**बस्ती।** बस्ती जिले के शहर में चोरी की घटनाएं रुक नही रही है। सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के डिडौहा में बहन के यहां जन्मदिन की पार्टी में गई बड़ी बहन का घर चोरों ने खंगाल लिया। वापस लौटने पर घर की दशा देखकर परिवार के लोग भौचक हो गए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है। डिड़ौहा निवासी अर्चना मिश्रा पत्नी दिवाकर मिश्र ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि सोमवार को अपने भाई के साथ अपनी छोटी बहन के यहां जन्मदिन में सिविल लाइंस स्थित उसके घर गई थी। करीब पौने दस बजे रात को लौटकर आने पर घर के दो कमरों का ताला टूटा हुआ मिला। वहां रखे 30 हजार रुपये नगद व सोने की तीन चेन, चार अंगूठी आदि करीब सवा दो लाख का सामान चोर चुरा ले गए। कोतवाल विजय कुमार दुबे ने बताया कि केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## मिशन लाइफ के तहत स्वच्छ भारत अभियान में दिया स्वच्छता का संदेश

**जरवा(बलरामपुर)।** 9वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर की सीमा चौकी गुरूग नाका के कंपोजिट विद्यालय बघेलखंड में मिशन लाइफ के तहत स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। 9वी वाहिनी के जवानों द्वारा अंतरराष्ट्रीय सीमा व पास के गांव बघेलखंड में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया । एन रमेश सिंह उप निरीक्षक गुरुग नाका चौकी ने बताया कि मिशन लाइफ के तहत स्वच्छ भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी देना और उन्हें अपने घरों, स्कूलों, और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से सार्वजनिक स्वच्छता को सुनिश्चित करने के साथ-साथ जल, हवा, और भूमि की रक्षा भी की जाती है। यह अभियान भारत के स्वास्थ्य और पर्यावरण को सुधारने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है एसएसबी के जवान विनोद कुमार, मदनलाल, प्रेम नारायण, विजय कुमार सिंह, संजय कुमार,तथा ग्राम प्रधान राम सिंह, यादव नसीम अहमद, प्रधानाध्यापक नासिर अहमद सहित काफी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## आगामी लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर की जा रही संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की जांच

**जरवा(बलरामपुर)।** कोतवाली जरवा थानाध्यक्ष अखिलेश पांडे ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए उड़ाका दल ने कोतवाली जरवा की सीमा, नगई मोड़, नथुनिया मोड़, बालापुर, जरवा सहित क्षेत्र की सीमाओं पर सघन वाहन व संदिग्ध व्यक्ति चेकिंग अभियान चलाया। सभी वाहनों को रोककर वाहनों के अंदर रखे वस्तुओं को बारीकी से जांच की जा रही है। इसके साथ ही प्रचार वाहनों पर भी पैनी नजर रही। यह सुनिश्चित किया गया कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन का पालन हो रहा है या नहीं। 25 मई को होने वाले मतदान के लिए मौजूदा समय में नामांकन की प्रक्रिया समाप्त हो गई है। इस बीच आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह के निर्देश पर उड़नदस्ता टीम पूरी तरह से अलर्ट मोड में है।

## तीन अदद मोबाइल के साथ दो चोर गिरफ्तार




**चील्ह मीरजापुर।** चील्ह थाना क्षेत्र के रामपुर निवासी आशीष ओझा पुत्र राजेन्द्र चन्द्र ओझा ने सोमवार को अज्ञात चोरों के विरूद्ध मोबाइल फोन चोरी हो जाने के सम्बन्ध में चील्ह थाना में लिखित तहरीर दिया था। जिसके आधार पर थाना चील्ह ने मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जा रही थीं। कि पुलिस ने उक्त घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु उप निरीक्षक प्रेम शंकर त्रिपाठी मय पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि इस दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना चील्ह क्षेत्र से दो लोगों आकाश पुत्र साबुलाल, अर्जुन गौतम पुत्र रविशंकर निवासीगण ग्राम जेठूपुर थाना औराई जनपद भदोही को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 03 अदद चोरी का मोबाइल फोन बरामद करते हुए जेल भेज दिया गया ।

# कार्यमुक्त वीसीपीएम अधीक्षक पर पड़ रहा भारी, कार्यमुक्त होने के बाद नही दे रहा कार्यालय का जांच

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती ।** बस्ती जिले केगौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर से कार्यमुक्त वी0 सी0 पी0 एम0 रामजीत जायसवाल अधीक्षक डा0 प्रेमचन्द्र पर भारी पड़ रहा है । 15 दिन पहले वी0 सी0 पी0 एम0 राम जीत जायसवाल सीएचसी गौर से कार्यमुक्त होने के बाद भी रामजीत जायसवाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर का चार्ज नही दे रहा है जिसमें सीएचसी गौर पर कार्यालय सम्बंधी कार्य बाधित हो रहा है । सीएचसी अधीक्षक प्रेमचन्द्र ने वी0 सी0 पी0 एम0 को नोटिस जारी करके तत्काल चार्ज देने की का निर्देश दिया है और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को भी सूचित किया है कि सीएचसी गौर पर वी0 सी0 पी0 एम0 द्वारा चार्ज न देने के कारण समस्त कार्य बाधित है ।

आपको बताते चलें कि सीएचसी गौर से कार्यमुक्त वी0 सी0 पी0 एम0 रामजीत जायसवाल पर आशाओं ने आशा प्रोत्साहन राशि वाउचर के भुगतान हेतु 200 रुपये प्रति वाउचर लेने का आरोप लगाया था जिसमें कुछ आशाओं ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से लिखित शिकायत भी किया था एवं आशाओं से आशा प्रोत्साहन राशि भुगतान के लेन-देन का आडियों सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था । सोशल मीडिया पर वायरल खबरों का संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने टीम गठित करके उक्त मामले की जांच करने का निर्देश दिया था । जांच टीम के द्वारा सीएचसी गौर के अन्तर्गत कार्यरत आशाओं से पूछताछ किया था और शिकायत सम्बंधी बिन्दुओं की गहनता से जांच भी किया था । जांच में आशाओं द्वारा वी0 सी0 पी0 एम0 राम जीत जायसवाल पर लगाया गया आरोप सत्य पाया गया था जिसमें अधीक्षक डा0 प्रेम चन्द्र ने वी0 सी0 पी0 एम0 राम जीत जायसवाल को दिनांक - 23- 04- 2024 को सीएचसी गौर से कार्यमुक्त करते हुए अग्रिम आदेशों तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी बस्ती से सम्बद्ध किया गया था । अधीक्षक डा0 प्रेम चन्द्र के द्वारा चार्ज देने के सम्बंध में नोटिस जारी करने के बाद भी सीएचसी गौर से कार्यमुक्त वी0 सी0 पी0 एम0 राम जीत जायसवाल द्वारा कार्यालय का चार्ज न देना चर्चा का विषय बना हुआ है । इस सम्बंध में मीडिया टीम को अधीक्षक डा0 प्रेम चन्द्र ने बताया कि चार्ज देने के सम्बंध वी0 सी0 पी0 एम 0 जायसवाल को दो बार नोटिस जारी किया जा चुका है लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी अभी तक वी0 सी0 पी0 एम0 राम जीत जायसवाल ने सीएचसी गौर कार्यालय सम्बंधी चार्ज नही है जिसके सम्बंध में वी0 सी0 पी0 एम0 के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है ।

# कब बुझेगी मनरेगा में फर्जीवाड़े की आगकब टूटेगी अधिकारियों की कुंभकरण नीद

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती ।** बस्ती जिले के सल्टौआ विकास खण्ड के ग्राम पंचायत पचानू में नई तकनीक से मिट्टी कार्य एवं तालाब खुदाई व सफाई कार्य फर्जीवाड़ा किये जाने का मामला चर्चाओं में है । सूत्रों के मुताबिक ग्राम पंचायत पचानू में मिट्टी पटाई कार्य में पहले मिट्टी ट्रैक्टर ट्राली से गिराया जाता है और बाद में दो - तीन मजदूर लगाकर मिट्टी रोल दिया जाता है एवं बाद फर्जी आनलाइन मस्टर रोल जारी करके मनरेगा मजदूरों के नाम फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन का बंदरबांट किया जाता है । जिस तालाब में पानी एवं जलकुंभी भरा है उस तालाब की धरातल पर सफाई / खुदाई कार्य न हो कर कागज में सफाई / खुदाई कार्य पूर्ण हो रहा है । मीडिया टीम ने ग्राम पंचायत पचानू का धरातलीय पड़ताल किया तो पता चला कि ग्राम पंचायत पचानू में नई तकनीक से मिट्टी पटाई कार्य / तालाब खुदाई / विकास कार्य की सूचना सत्य है । ग्राम पंचायत पचानू में वर्तमान समय में तीन चकरोड पर ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी गिराया गया है और एक तालाब की खुदाई रातों रात जेसीबी मशीन से कराई गई है एवं सुबह दो मजदूरों को ठेका देकर जेसीबी मशीन के खुदाई एवं पहिये के निशान को खत्म करा दिया गया है । एक तालाब पानी एवं जलकुंभी से पटा है चारो तरफ गन्दगी का अम्बार लगा है । पानी से भरे हुए तालाब में भी खुदाई / सफाई के नाम पर फर्जीवाड़ा किया जाता है । चार मनरेगा साइडों को मिलाकर 167 मनरेगा मजदूर कागज में कार्यरत हैं । इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान मिनाक्षी से मीडिया टीम ने जानकारी के लिए फोन किया तो ग्राम प्रधान मिनाक्षी ने मीडिया टीम के फोन को रिसीव नहीं किया । उक्त प्रकरण में सचिव तनवीर अशरफ ने फोन के माध्यम से बताया कि हम अभी नये आये है हमे ग्राम पंचायत पचानू में चल रहे मनरेगा कार्य के बारे में कोई जानकारी नहीं है ।

# भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशो का अनुपालन सुनिश्चित करें-जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती।** बस्ती लोकसभा सामान्य निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने सभी प्रत्याशियों एवं राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील किया है। कलेक्टेव्ट सभागार में आयोजित प्रत्याशियों के साथ बैठक में उन्होने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशो का अनुपालन सुनिश्चित करें तथा किसी प्रकार की शिकायत पहले स्थानीय प्रशासन तहसील एवं थाना को उपलब्ध करायें। उन्होने बताया कि जनपद में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक तथा पुलिस प्रेक्षक आ गये है, जो सर्किट हाउस में ठहरे है। इनसे मिलकर के भी शिकायत या समस्या दी जा सकती है।

उन्होने कहा कि कोई भी प्रत्याशी जाति, धर्म, भाषा के मतभेद बढाने वाले गतिविधियों में शामिल नही होंगा और ना ही इस आधार पर मत के लिए अपील करेंगा। दलों की आलोचना इसकी नीति एवं कार्यक्रम के आधार पर की जायेंगी। निजी जीवन पर टिप्पणी नही की जायेंगी। धार्मिक स्थलों को प्रचार के लिए प्रयोग नही किया जायेंगा। बिना स्वामी के अनुमति के भूमि, भवन, दीवार पर ना तो नारा लिखा जायेंगा और ना ही झण्डा/बैनर लगायेंगा। एक दल के अनुयायी दूसरे दल की रैली, सभा व जुलूस में बाधा खड़ी नही करेंगें। सभा, जुलूस, रैली तथा लाउण्डस्पीकर के लिए अनुमति अवश्य ली जायेंगी।

जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित तीनों प्रेक्षक से सभी प्रत्याशियो का परिचय कराया। बैठक में किसी प्रत्याशी या जनप्रतिनिधि ने कोई समस्या नही बताया। सामान्य प्रेक्षक श्रीमती बबिता ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। पुलिस आब्जर्वर रमेश चन्द्र छाजटा ने बताया कि उन्हें बस्ती एवं संतकबीर नगर लोकसभा के पर्यवेक्षण का दायित्व सौपा गया है। प्रशासन या उन्हें शिकायत देने के पूर्व स्थानीय थाने पर सूचना उपलब्ध करायें। व्यय प्रेक्षक आर0एल0 अरूण प्रसाद ने कहा कि सभी प्रत्याशी व्यय रजिस्टर सही-सही मेनटेन करें। मतदान सम्पन्न होने तक इसका तीन बार निरीक्षण किया जायेंगा। उन्होने कहा कि पेडन्यूज पर कड़ी निगरानी की जा रही है।

एडीएम/उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चन्द्र ने बताया कि सामान्य प्रेक्षक का मोबाइल नम्बर-9335472502 एवं टेलीफोन नं0 05542-297832 है। पुलिस प्रेक्षक का मोबाइल नम्बर-7839862829 एवं टेलीफोन नं0 05542-297834 है। व्यय प्रेक्षक का मोबाइल नम्बर 6392589563 तथा टेलीफोन नं0 05542-297844 है। जनप्रतिनिधि सामान्य प्रेक्षक से प्रातः 9 से 10 बजे तक, पुलिस प्रेक्षक से सायं 5 से 7 बजे तक तथा व्यय प्रेक्षक से अपराह्न 4 से 6 बजे तक सर्किट हाउस सभागार में भेंट कर सकते है। बैठक में पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद, उप जिलाधिकारी विनोद कुमार पांडेय, शत्रुघ्न पाठक, आशुतोष तिवारी, सत्येंद्र सिंह उपस्थित रहें।

# फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती-** बस्ती जिले परिषदीय विद्यालय में फर्जी प्रमाणपत्र पर नौकरी कर रहे शिक्षक के खिलाफ परसरामपुर पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज, जालसाजी समेत अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। परसरामपुर के खंड शिक्षा अधिकारी ओंकारनाथ वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है।जानकारी के अनुसार, खंड शिक्षा अधिकारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि क्षेत्र के जूनियर विद्यालय मरवटिया में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात अनिल कुमार गुप्ता के खिलाफ फर्जी प्रमाणपत्र पर नौकरी करने की शिकायत बेसिक शिक्षा अधिकारी से की गई थी। वह मूलतः संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद थानांतर्गत मगहर का रहने वाला है।

बीएसए की जांच उसका शैक्षिक प्रमाणपत्र कूटरचित मिला। स्पष्टीकरण मांगने पर वह जवाब भी नहीं दे सका। उसकी सेवा समाप्ति के बाद विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई। विभाग को गुमराह कर जनपद बस्ती मे कार्यभार ग्रहण कर शासकीय धन का गलत तरीके से आहरण पाया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह ने बताया कि कई वर्षों से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शिक्षक के नौकरी करने की बात सामने आई है। तहरीर के आधार पर कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, धोखाधड़ी, सरकारी धन आहरण करने व जालसाजी कर केस दर्ज कर मामले की जांच आरंभ कर दी गई है।

## बीस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महराजगंज।** परसामलिक पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिरसिया मशर्की टोला पंडितपुर निवासी रामलगन पुत्र मोहन के कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया है। पुलिस ने थाना स्थानीय पर अभियुक्त के विरुद्ध धारा 60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान कर दिया। थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि बीस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

# राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कप्तानगंज में सीएचओ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कप्तानगंज में सीएचओ और एएनएम की संयुक्त प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा आर एस दुबे के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा आर एस दुबे ने कहा कि टीबी एक संक्रामक संक्रमण है जो आमतौर पर आपके फेफड़ों पर हमला करता है। यह आपके शरीर के अन्य हिस्सों, जैसे आपके मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी में भी फैल सकता है। एचआईवी, एड्स से पीड़ित लोगों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले अन्य लोगों को टीबी होने का खतरा अधिक होता है क्योंकि उनके शरीर को बैक्टीरिया से लड़ने में कठिनाई होती है। अधीक्षक डा अभय कुमार सिंह ने कहा कि क्षय रोग के जीवाणु सर्दी या फ्लू की तरह ही हवा के माध्यम से फैलते हैं। आपको टीबी तभी हो सकती है जब आप ऐसे लोगों के संपर्क में आते हैं जिन्हें यह है।

जब टीबी से पीड़ित कोई व्यक्ति खांसता है, छींकता है, बात करता है, हंसता है या गाता है, तो वे छोटी-छोटी बूंदें छोड़ते हैं जिनमें रोगाणु होते हैं। यदि आप इन कीटाणुओं में सांस लेते हैं, तो आपको यह बीमारी हो सकती है। यही कारण है कि जिन लोगों के फेफड़ों या गले में सक्रिय तपेदिक है, उनके दूसरों को संक्रमित करने की संभावना अधिक होती है। यदि आपके शरीर के अन्य क्षेत्रों में टीबी है तो आप आमतौर पर इसे नहीं फैला सकते। विश्व स्वास्थ्य संगठन सलाहकार एनटीईपी ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि सभी क्षय रोगियों के घर के सदस्यों में टीबी रोग का स्क्रीनिंग करते हुए बलगम जांच कराया जाए और जिनमे टीबी के बैक्टीरिया पाए जाते हैं उनका टीबी का इलाज कराया जाए और अन्य सदस्यों को टीपीटी की दवा दी जाए।

जिला कार्यक्रम समन्वयक अखिलेश चतुर्वेदी ने कहा की वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत हेतु पंचायत स्तर पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित कराए जाने की आवश्यकता है जिसके लिए ग्राम स्तर पर टीबी के लक्षणों वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनके बलगम का जांच कराते हुए ग्राम स्तर के सभी क्षय रोगियों को गण मान्य व्यक्तियों के माध्यम से गोद दिलवाया जाए जिससे क्षय रोगियों को पोषण में सहयोग किया जा सके। जब टीबी से पीड़ित कोई व्यक्ति खांसता है, छींकता है, बात करता है, हंसता है या गाता है, तो वे छोटी-छोटी बूंदें छोड़ते हैं जिनमें रोगाणु होते हैं। यदि आप इन कीटाणुओं में सांस लेते हैं, तो आपको यह बीमारी हो सकती है। यही कारण है कि जिन लोगों के फेफड़ों या गले में सक्रिय तपेदिक है, उनके दूसरों को संक्रमित करने की संभावना अधिक होती है। यदि आपके शरीर के अन्य क्षेत्रों में टीबी है तो आप आमतौर पर इसे नहीं फैला सकते।

इस दौरान एमओटीसी डा फरदीन अहमद, एसटीएलएस संजय कुमार पाण्डेय, टीम लीडर देवेंद्र प्रताप, जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर अब्दुल सईद, बीसीपीएम प्रदीप पाण्डेय, राहुल श्रीवास्तव, मधु यादव, अल्का मिश्रा, राधा वर्मा, आराधना वर्मा, शशि वर्मा, अनुपमा, आरती, सूर्य कुमार, नीतू सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मानसून की पहली बारिश के बाद मौसम बना सुहाना

**●लोगों को उमस भरी गर्मी से मिली राहत**

स्वतंत्र प्रभात

**मानसून** की पहली बारिश के बाद गुरुवार को दिनभर मौसम सुहाना बना रहा। आसमान में बादल छाए रहने के साथ ही पुरवा हवा चलने से वातावरण से गर्मी बिल्कुल गायब रही। मंगलवार को तापमान एक दिन पहले की तुलना में लुढ़ककर 32 डिग्री पर पहुंच गया। सामान्य तापमान से करीब साढ़े 4 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान में भी करीब 3 डिग्री की कमी आई। यह सब मानसून की पहली झमाझम हुई बारिश का परिणाम रहा। मौसम विभाग ने एक दिन पहले ही मानसून के कभी भी पहुंचने की संभावना व्यक्त कर दी थी। लेकिन हवा के दबाव के कारण मानसून की बारिश में मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई गई थी । वही 2 दिनों से तेज हवाओं के साथ बादल आसमान में छाए रहेंगे की बात देखने को कई स्थानों में मिल रही है और जगह जगह हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना मौसम विभाग ने व्यक्त किया था । जिसका परिणाम जनपद बलरामपुर के कई शहरों और आसपास ग्रामीण अंचलों में देखने को मिला जिसमे पचपेड़वा ,गैसड़ी तुलसीपुर में मूसलाधार बारिश हुई है जिससे कल से मौसम में गर्मी की तीव्रता काफी कम हुई । दिन में पुरवा हवा काफ तेज चलने की बात देखने को मिल रही है ।

मौसम की इस बारिश से जंहा आमजन मांनस ने गर्मी से राहत की सांस ली है वही इस बारिश से किसानों को कोई खास राहत न मिलने की सूचना मिल रही है ।क्योंकि पर्याप्त पानी नो होने से उन्हें अभी भी वैकल्पिक व्यवस्था का सहारा लेना पड़ रहा जिस के कारण उन्हें अभी भी तमाम समस्या का सामना करना पड़रहा है ।जिससे कही न कही किसान को आर्थिक बोझ पड़ रहा और सिचाई करने में काफी समस्या मौजूद है कही बोरिंग व्यवस्था नही तो कही नहरों में पर्याप्त मात्रा में समय से पानी न उपलब्ध होना जिसमे कही न कही विभागीय जिम्मेदारों लापरवाही का परिणाम किसानों को भुगतना पड़ता है ।फिल हाल बारिश से लोगो को गर्मी से राहत की बात सामने आ रही है ।

# बाल संसद गठन एवं स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ, करेंगे 100% मतदान

स्वतंत्र प्रभात




**जरवा(बलरामपुर)।** बेसिक शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन एवं निर्वाचन विभाग बलरामपुर के संयुक्त तत्वाधान में बाल संसद गठन एवं स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत में मतदाता जागरूकता शपथ विकासखंड गैसड़ीं के 260 विद्यालयों के तत्वाधान में आयोजित शपथ कार्यक्रम में ब्लॉक के 17500 लोगों ने मतदाता जागरूकता की शपथ लेकर लोकसभा चुनाव के मतदान दिवस के दिन 100 प्रतिशत मतदान करने का संकल्प ग्रहण किया। साथ ही प्राथमिक विद्यालय भोजपुर नवीन एवं परसा पलईडीह में बाल संसद चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात बाल संसद के विजेता 11 पदाधिकारियों की पद की शपथ एवं ग्रामवासियों को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता शपथ समारोह का आयोजन खंड विकास अधिकारी गैसड़ी अवनींद्र पांडेय, खंड शिक्षा अधिकारी शमशेर सिंह राणा के नेतृत्व में भोजपुर नवीन के प्रभारी प्रधानाध्यापक पवन कुमार जायसवाल व परसा पलईडीह की प्रभारी प्रधानाध्यापिका रागिनी यादव की अध्यक्षता एवं सहायक अध्यापक दयानंद पांडेय, शिक्षा मित्र शिल्पी श्रीवास्तव, अनुदेशक अरविंद, पिरामल फाउंडेशन की प्रोग्राम लीडर प्रतिभा यादव व गांधी फेलो नवरतन सैन की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान सोनाक्षी ने अखिलेश को 9 वोटो से हराकर प्रधानमंत्री पद पर जीत दर्ज की। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अवनींद्र कुमार पांडेय ने बाल संसद के प्रधानमंत्री सोनाक्षी, स्वास्थ्य मंत्री अखिलेश, स्वच्छता मंत्री उजाला, सुरक्षा एवं न्याय मंत्री अंश, पोषण मंत्री शिवम , उपस्थित मंत्री मानवी , शिक्षा मंत्री आर्यन, कौशल विकास मंत्री सरून, पर्यावरण मंत्री शिवा, खेलकूद एवं संस्कृति मंत्री इस्माइल, सूचना एवं संपर्क मंत्री सुधा सहित आदि को पद की शपथ दिलाई गई। साथ ही इस अवसर पर ग्रामीणों को निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत लोकसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए एवं 100% मतदान सुनिश्चित कराने हेतु मतदाता जागरूकता शपथ दिलवाई। इस दौरान स्कूल के बच्चे एव ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के निर्देशन आपदा मित्र स्कूलों एवं ग्रामों मे चला रहे हीटवेव से बचाव का जन जागरूकता अभियान

**●स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को लू से बचाव के दिये जा रहे टिप्स, सुरक्षा उपायों को अपनाने एवं सतर्क रहने को किया जा रहा जागरूक**

स्वतंत्र प्रभात

जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के निर्देशन में जनपद में प्रशिक्षित आपदा मित्रों द्वारा प्राइमरी स्कूलों, इंटर कालेजों, ग्राम पंचायतों, वृद्धाश्रम में लू से बचाव के बारे में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय महादेवा गोसाई, प्राथमिक विद्यालय हसनापुर, प्राथमिक विद्यालय दांदव, प्राथमिक विद्यालय लमुइया, वृद्धाश्रम पैगमपुर, प्राथमिक विद्यालय मटियरिया कर्मा, प्राथमिक विद्यालय अबज नगर फरेन्दा, स्व0 जगप्रसाद इंटर कालेज बरदौलिया, प्राथमिक विद्यालय चौहत्तर खुर्द, एम्स पब्लिक स्कूल सेमरहना, ग्राम पंचायत रूप नगर सहित अन्य प्राइमरी स्कूलों में हीटवेव एवं अन्य आपदाओं से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वहीं जिलाधिकारी ने स्वयं भी गर्म हवा/लू से बचाव के तरीके बताएं हैं। कहा कि गर्मी हवाओं से बचने के लिए खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एलुमिनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढककर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर, जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आतीं हैं, काले परदे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सजग रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें।

उन्होंने बचाव के बारे में बताया कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय घर के खिड़की दरवाजे आदि खुले रखें जिससे हवा का आना जाना बना रहे। नशीले पदार्थों, शराब अथवा अल्कोहल से बचें। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करें तथा बासी भोजन कतई न इस्तेमाल करें इसके साथ ही संतुलित व हल्का आहार लें। दोपहर के समय यदि बहुत आवश्यक हो तभी घर से धूप में बाहर निकलें अन्यथा धूप में जाने से बचें और यदि जाना ही पड़े तो सिर को जरूर ढकें। घर में पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छांछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नमक चीनी का घोल, नीबू पानी या आम का पना इत्यादि का प्रयोग करें। उन्होंने बताया कि लू व गर्म हवा से बचाव के लिए विभिन्न उपायों को अपनाना चाहिए।

# संक्षिप्त ख़बरें

## मातृ दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**सीतापुर** आर पी चिल्ड्रन्स हाई स्कूल द्वारा मातृ दिवस के अवसर पर विधालय परिसर मे सांस्कृतिक कार्यक्रम व अभिभावक माताओ के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्कृतिक कार्यक्रम का संयोजन रेड हाउस व प्रतियोगिता का संयोजन समन्वयक ज्योति पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना श्रीवास्तव ने मा सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर किया। संस्कृतिक कार्यक्रम मे शिखर सिंह, अर्णव पुष्कर, दिव्यम गुप्ता, शिवांस पटेल, कार्तिक दीक्षित, सूर्यांश त्रिवेदी, सचिन श्रीवास्तव, निधि वर्मा, माही वर्मा, सचिन श्रीवास्तव, प्रियांशी दीक्षित, निकिता बघेल, अंकिता राज, शानवी राणा, आराध्या मिश्रा, रस्मी बाजपेई, आदि छात्र छात्राओं ने ड्रामा, नृत्य, फैंसी ड्रेस की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता मे माताओ ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया अंत मे स्कूल प्रबंधक अनिल श्रीवास्तव ने बच्चों को बधाई देकर उनका उत्साह वर्धन किया। इस दौरान मिथलेस गुप्ता, स्वाति पाण्डेय, आयुष मिश्रा, अंजनी वैश्य, रुचि जौहरी, मुस्कान बाजपेई आदि उपस्थित रही।

## सतीश महाना ने रमेश अवस्थी के लिए मांगे वोट



**कानपुर।** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आज कानपुर लोकसभा क्षेत्र स्थित कैंट विधानसभा के अंतर्गत छावनी मण्डल में भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी जी के समर्थन में जनसंपर्क किया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और प्रत्याशी रमेश अवस्थी एक गाड़ी में सवार थे और जगह जगह गाड़ी से उतरकर लोगों से मिल रहे थे और उनका अभिवादन स्वीकार कर रहे थे।आज इस दौरान रमेश अवस्थी ने कहा कि सम्मानित देवतुल्य जनमानस से भेंटकर उनका कुशलक्षेम जाना एवं सभी से भाजपा के पक्ष में अधिकाधिक मतदान कर मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने की अपील किया। सतीश महाना ने स्थानीय लोगों से मिलकर रमेश अवस्थी को वोट देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने की अपील की। कैंट क्षेत्र से सतीश महाना कई बार विधायक रह चुके हैं और वहां उनकी अच्छी खासी पकड़ है। महाना वर्तमान में महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

## मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित- मंगला प्रसाद सिंह

**हरदोई** जिला मजिस्टेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 13 मई 2024 को बन्दी दिवस घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि मतदान दिवस को लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ख में निहित प्राविधानानुसार अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को उपर्युक्त अवसर प्रदान करने हेतु मतदान के दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करते हुए निर्देशित किया जाता है कि कि जनपद में 13 मई 2024 दिन सोमवार (चतुर्थ चरण) को होने वाले मतदान में जहाँ कोई दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठान/कारखाना स्थित है, ऐसी दुकानों एवं वाणिज्यिक अधिष्ठानों/कारखानों द्वारा मनाया जाने वाला सामान्य साप्ताहिक बंदी का दिन नही है तो मतदान के वास्तविक दिन बंदी दिवस के रूप में मनाया जायेगा तथा अगले सप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य नही लिया जायेगा।

## बार उपाध्यक्ष ने पालिका के सहयोग से अधिवक्ता भवन की करायी साफ-सफाई



**सीतापुर।** कलेक्ट्रेट कचेहरी स्थित अधिवक्ता भवन व उसके आस-पास की व्याप्त गन्दगी को देखते हुए बार एसोशिएशन पदाधिकारी द्वारा नगर पालिका अध्यक्षा के सहयोग से बुधवार की सुबह सफाई अभियान चलाया गया। विगत कई समय से कलेक्ट्रेट कचेहरी स्थित अधिवक्ता भवन व उसके आस-पास व्याप्त गन्दगी से विधि व्यवसाय करने वाले अधिवक्तागण काफी परेशान थे। जिसको संज्ञान में लेते हुए बार एसोसिएशन उपाध्यक्ष आरती राय ने नगर पालिका परिषद अध्यक्षा नेहा अवस्थी व प्रतिनिधि नमीन्द्र अवस्थी से साफ-सफाई किये जाने हेतु वार्ता की। जिसके फलस्वरूप पालिका अध्यक्षा व प्रतिनिधि द्वारा बुधवार की सुबह सफाई नायक व कर्मचारियों को मौके पर भिजवाकर भवन व आस-पास की साफ-सफाई करवायी गयी। इस अभियान से न सिर्फ बार उपाध्यक्ष बल्कि बार एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी व अधिवक्ताओं ने हर्ष जताया है।

# भारत स्काउट्स और गाइड्स, उ0प्र0 ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड, जनपद लखनऊ द्वारा लोक सभा निर्वाचन, 2024 में शत प्रतिशत मतदान हेतु आज विभिन्न स्थानो पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक का शुभारंभ जिला संस्था के सरक्षक डा0 आर0पी0 मिश्र, जिला कमिश्नर गाइड संगीता अग्रवाल एवं जिला सचिव अनिल शर्मा द्वारा किया गया। नुक्कड़ नाटक का आयोजन चारबाग रेलवे स्टेशन, डी0आर0एम0 आफिस, निकट श्रीराम टावर, के0जी0एम0यू, चौक एवं यू0पी0 प्रेस क्लब पर किया गया। मतदाताओं को मतदान हेतु आकर्षित करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक में आम जनमानस को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। नाटक का संचालन डी0ओ0सी0 गाइड मधु हंसपाल द्वारा किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के रोवर/रेंजर तथा शशि भूषण बालिका विद्यालय की छात्रोंओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिला सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि कल दिनांक 09.04.2024 को सेन्टीनियल इण्टर कालेज, गोलागंज में मतदाता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभिन्न विद्यालयों के स्काउट/गाइड द्वारा आकर्षक स्टाल लगाये जायेगें। जिला सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि नुक्कड़ नाटक के अवसर आयोजन पर जिला संस्था के संरक्षक डा0 आर0पी0 मिश्र जिला कमिश्नर (गाइड) संगीता अग्रवाल, डी0ओ0सी0 (गाइड) मधु हंसपाल तथा जनपद के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अपर निदेशक लखनऊ मंडल ने सरोजनीनगर की अस्थाई गोआश्रय का किया औचक निरीक्षण

**● - व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** अपर निदेशक ग्रेड - 2 लखनऊ मंडल डॉ वी.के सिंह के द्वारा अस्थाई गौ आश्रय स्थल कुरौनी विकासखंड सरोजिनीनगर का बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के बाद बताया कि गौआश्रय स्थलो में शत प्रतिशत टैगिंग पाई गई। अपर निदेशक के द्वारा यह भी निर्देश दिए गए की गर्मी से बचने के लिए शेड को पूवाल से ढके, टाट बोरा व तिरपाल का इंतज़ाम किया जाए एवं दिन में ठंडा पानी पिलाना सुनिश्चित करें व पानी की चरही को छाया में रखा जाए। हरा चारा, चोकर इत्यादि पोस्टिक आहार लगातार खिलाया जाना चाहिए। कुरौनी अस्थाई गोशाला में कुल 248 जिसमे 162 नर व 86 मादा गोवंश संरक्षित किए गए हैं। नर गोवंश का बधियाकरण किया जा चुका है। निरीक्षण के समय पशु चिकित्सा अधिकारी बंथरा डॉक्टर धीरज द्विवेदी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी नारायनपुर डॉ विपलव सिंह उपस्थित रहे।

# बंथरा के नारायणपुर में दो बाईकों की आमने सामने से हुई भिड़ंत में एक युवक की दर्दनाक मौत, एक अन्य गंभीर रूप से घायल

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** बंथरा में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया इसकी जानकारी जैसे ही घर वालो को मिली वो अपने घायल बेटे को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए जहाँ डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया7 अरूण घर से किसी काम से लतीफ नगर गया था काम निपटाने के बाद अपने घर रामदासपुर वापस लौट रहा था तभी नारायणपुर पेट्रोल पंप के पास उसकी बाइक की भिड़ंत सामने से आ रही दूसरी बाइक से हो गई। घटना में अरुण की मौके पर ही मौत हो गई ।जबकि दूसरी बाइक सवार मुकेश लोधी के एक पैर में फैक्चर हो गया उसे उपचार के लिए ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया गया है जहाँ उसकी हालत अभी गम्भीर बनी हुई है।

**बीजेपी विधायक ने मृतक परिजनों को बंधाया ढाढस**

घटना की सूचना मिलने पर मृतक परिजनों से मुलाकात करने मलिहाबाद विधायक जय देवी कौशल जाकर पीड़ित पारिवारिक जनों को ढाढस बधाया। विधायका लगभग आधे घंटे तक परिवार के लोगों के साथ बैठी रही उनके साथ भाजपा नेता वीरेंद्र रावत भी मौजूद थे।

# ग्राहक ने लगाया हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी मैक्स नीवा बुपा पर धोखाधड़ी का आरोप

**● - कंपनी ने एक पीडीएफ उन्हे दी जिसमे कुछ उन हॉस्पिटल के नाम थे जिनसे कंपनी संबद्ध नही थी उसमे वर्धमान का नाम नहीं था**

Bupa MAX HEALTH INSURANCE

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ** - आए दिन इंश्योरेंस कंपनियों की धांधलेबाजी देखने को मिलती रहती है उसी तरह आज भी एक केस हमारे संवादाता के संज्ञान में आया स्वतंत्र प्रभात के जानकारी में आने के बाद हमारे संवादाता ने जब पूरी जानकारी के लिए मैक्स बूपा के हेड विजय को फोन मिलाया तो मीडिया के कई बार कॉल करने के बाद भी कोई जवाब नही दिया जिससे कंपनी की कालाबाजारी का साफ पता चलता है । आपको बता दें मनीष राघव नामक ग्राहक पिछले दो साल से मैक्स निवा बुपा से अपना और अपने परिवार का हेल्थ इंश्योरेंस कराते आ रहे हैं । मार्च में मनीष के बेटे को निमोनिया की शिकायत हुई जिसमे बेटे की हालत नाजुक होने के चलते जल्दबाजी में फैजुल्लागंज के वर्धमान हॉस्पिटल में एडमिट कराया । मनीष का कहना है की एडमिट करवाने से पहले ही मनीष ने मैक्स बुपा के कंपनी एजेंट से फोन करके कन्फर्म किया था की क्या उन्हे इसका ट्रीटमेंट का रिफंड मिल जाएगा वर्धमान हॉस्पिटल का एजेंट ने पता करके बताने की बात कही जिसके बाद एजेंट का खुद कॉल आया की बेफिक्र होकर कराए सारा क्लेम आपको मिलेगा।

ग्राहक के बेटे रुद्राक्ष का इलाज लगभग एक हफ्ता चला मनीष का कहना है की इलाज के बाद जब मनीष ने सारे बिल लगाए तो उन्हे एक हफ्ते के अंदर रियंबर्समेंट का पैसा देने की बात कही जो की लगभग तिरालिस हजार था लेकिन तकरीबन पंद्रह दिन बाद उनके पास एजेंट का कॉल आया की आपका क्लेम रिजेक्ट कर दिया गया है । मनीष का कहना है की क्लेम रिजेक्ट करने का न तो उनके पास कोई मेल आया ना ही मैसेज ।आज तक भी कंपनी की तरफ से सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है । कंपनी की धोखाधड़ी से पस्त आकर मनीष ने मीडिया का सहारा लिया और इस केस को कंज्यूमर फोरम में ले जाने की भी बात कही । मनीष ने लोगो से गुजारिश भी की कभी भी मैक्स बुपा कंपनी के एजेंटों की बातो में न आए और किसी अच्छी कंपनी से ही देख समझ कर अपना इंश्योरेंस करवाए। मनीष ने कहा की क्लेम रिन्यूअल उन्होंने जनवरी में करवाया इस वक्त कंपनी ने एक पीडीएफ उन्हे दी जिसमे कुछ उन हॉस्पिटल के नाम थे जिनसे कंपनी संबद्ध नही थी उसमे वर्धमान का नाम नहीं था यही देखते हुए एजेंट ने भी कहा की आपका पैसा मिलेगा और अब कंपनी आनाकानी कर रही है। अब मनीष परेशान हो चुके हैं उन्होंने कहा की इतना पैसा मैंने कंपनी के प्रीमियम भर दिया उतने में मेरे बेटे का इलाज हो जाता। अब देखना ये है की मैक्स बुपा यूंही मीडिया से बचती रहेगी या अपने ग्राहक की समस्या का कोई समाधान भी करेगी। मनीष खुद भी एक मीडिया ग्रुप में ब्यूरो चीफ की पोस्ट पर कार्यरत है।

# गठबंधन की सरकार बनते ही 30 लाख रिक्त पदों पर निकाली जाएंगी नौकरियां-आनंद भदौरिया

**● - कस्ता क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सपा प्रत्याशी ने किया जन संपर्क**

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर।** इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार का बनना तय है, सरकार गठन के बाद सभी सरकारी विभागों में पुरानी पेंशन नीति को दोबारा लागू किया जाएगा। विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पड़े 30 लाख सरकारी पदों पर नौकरियां निकाल कर भर्ती की जाएगी और सभी सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाएंगे। इसके अलावा निजी क्षेत्रों की नौकरियों में भी सभी वर्गों की भागीदारी हो इसको लेकर भी काम किया जाएगा। यह बात धौरहरा संसदीय सीट से सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने बुधवार को कस्ता विधान सभा क्षेत्र के बहाइरापुर, सेमरावां, मझिगवां आदि गांवों में जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने साफ किया कि हमारे घोषणा पत्र में स्पष्ट है कि अग्निवीर नीति मौजूदा केंद्र सरकार की एक सोची-समझी रणनीति है। इससे युवा वर्ग में भटकाव की स्थिति बनी हुई है। इस व्यवस्था को समाप्त किया जाएगा। साथ ही एमएसपी कानून होने के साथ किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।

**कस्ता में अखिलेश की जनसभा आज**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्या गुरुवार नौ मई को धौरहरा संसदीय सीट के कस्ता कस्बे में एक चुनावी जन सभा को संबोधित करेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए धौरहरा संसदीय सीट से सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने आमजन से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पधार कर दोनों नेताओं के विचारों को सुनें और जनसभा को सफल बनाएं।

इसके साथ ही राशन में आटा के साथ डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा। जिनके कच्चे मकान या फिर झोपड़ी हैं, उन्हें पक्के मकान दिए जाएंगे। किसान अपनी उपज को आसानी से और उचित मूल्य पर बेच सकें, इसको लेकर हर दस किमी पर कृषि मंडी बनाई जाएगी। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए किसान आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सपा के घोषणा पत्र में स्पष्ट है कि मनरेगा मजदूरों के



जीवन स्तर को उठाने के लिए मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 450 रुपए की जाएगी। सपा प्रत्याशी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरी के पेपर जिस तरह से लीक हो रहे हैं, उससे युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है। लेकिन केंद्र में जब सपा होगी तो पेपर लीक जैसे भ्रष्टाचार को समाप्त करने के साथ ही लैपटॉप वितरण में व्याप्त भ्रष्टाचार को भी खत्म किया जाएगा। बेटियां शिक्षा से वंचित न रहने पाएं इसके लिए बालिकाओं को परास्नातक तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने मतदाताओं को इस बात का भी भरोसा दिलाया कि इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी तो धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा। सपा प्रत्याशी ने गुरुवार को प्रस्तावित सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की जनसभा स्थल का जायजा भी लिया।

# पतारा की जनसभा में विपक्ष पर जमकर बरसे योगी

**● - अकबरपुर का नाम बदलने के दिये संकेत, हमें अपनी विरासत को बचाने के लिए वोट करन है- योगी आदित्यनाथ**




स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर।** मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज घाटमपुर तहसील क्षेत्र के पतारा कस्बा स्थित स्टेशन रोड के बगल में स्थित मैदान में अकबरपुर लोकसभा सीट के प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर खूब तीर चलाए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपका एक एक वोट भारत की विरासत को बचाने के लिए होगा। आदित्यनाथ ने बुधवार को कानपुर के अकबरपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक तो नाम ऐसा है कि बार-बार नाम लेने में संकोच होगा है। अकबरपुर का नाम बदलना है । यह नाम ही सही नहीं है हमें विरासत को बचाना है। आपका वोट इस नाम को ही बदल देगा। जो धूप और सड़क की ओर खड़े हैं। विकास और विरासत साथ-साथ चलेगा। योगी ने कहा कि जो गुलामी के निशान हैं उनको समाप्त करेंगे। मुख्य मंत्री ने कहा कि जो राम का नहीं हुआ वो किसी का नहीं हो सकता।

इस अवसर पर विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि एक नारा है भारत माता की जय का नारा लगा है। जो यह नारा नहीं लगा सकता उसको भारत में रहने का अधिकार नहीं है। 13 तारीख को ज्यादा से ज्यादा वोट डालने हैं। हम तभी जीत पाएंगे जब ज्यादा से ज्यादा वोट पड़ेंगे। आपका वोट विकास, सुरक्षा विरासत और देश का गौरव बढ़ाने के लिये होगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, मंत्री प्रतिभा शुक्ला, विधायक नीलिमा कटियार, सरोज कुरील, स्वप्निल वरुण, देवेंद्र सिंह भोले, अरुणा कोरी, देवेश कोरी, मनोज शुक्ला, दिनेश कुशवाहा, उपेंद्र पासवान, रामप्रकाश कुशवाहा, रमेश यादव, प्रमोद जायसवाल मंच पर मौजूद रहे।

# अदिति मम्मी के चुनाव के बाद पापा के लिए मांग रहीं वोट

**● - सपा प्रमुख अखिलेश यादव की सुपुत्री हैं अदिति यादव, मैनपुरी में मम्मी डिंपल के लिए भी मांगे थे वोट।**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की सुपुत्री अदिति यादव ने अपनी माताजी डिंपल यादव के लिए मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में जमकर वोट मांगे थे। वहां मतदान हो चुका है अब अदिति अपने पापा अखिलेश यादव के लिए कन्नौज में वोट मांग रही हैं। अदिति की भाषा परिपक्व है और सौम्य है, वह कन्नौज में समाजवादी पार्टी की सरकार के समय में हुए विकास कार्यों को गिनाते हुए कन्नौज की जनता से वोट मांग रहीं हैं। अदिति को पालिटिक्स पसंद है यह बात उन्होंने एक टीवी चैनल के पत्रकार को अपने घर पर ही एक इंटरव्यू में कही थी।

अखिलेश यादव ने भी कहा था कि मैं बच्चों पर दबाव नहीं डालता जिसको जो क्षेत्र पसंद है वह उसी क्षेत्र में जाए और आगे बढ़े। सैफई परिवार का राजनीति में एक अहम स्थान है। और अदिति के दादा जी मुलायम सिंह यादव ने अपनी राजनैतिक काबिलियत पर समाजवादी पार्टी का गठन किया था और आज उसको इस मुकाम पर पहुंचाया।

# आलस के पहाड़ को तोड़ो तो मंजिल मिल जायेगी

**● - दूरदर्शन से देवेन्द्र का काव्यपाठ प्रसारित**

स्वतंत्र प्रभात

**सिधौली सीतापुर** आलस के पहाड़ को तोड़ो तो मंजिल मिल जायेगी। संघर्षों से मुँह मत मोड़ो तो मंजिल मिल जायेगी। इतिहासों के स्वर्णिम पन्ने ये कहते हैं रातों दिन, अनुशासन की डगर न छोड़ो तो मंजिल मिल जायेगी। इन पंक्तियों के रचनाकार क्षेत्र के अल्लीपुर निवासी देवेंद्र कश्यप निडर को जब टीवी के पर्दे पर पढ़ते हुए लोगों ने देखा तो बहुत खुश हुए और देवेन्द्र को इस सराहनीय काव्यपाठ के लिए फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से हार्दिक बधाईयां और शुभकामनाएं प्रेषित किया। दरअसल डॉ देवेंद्र कश्यप निडर एक जनवादी साहित्यकार हैं जो ग्रामीण पृष्ठभूमि के शिक्षक साहित्यकार है। जिनकी रचनाओं का कथ्य कृषक, मजदूर, सामाजिक, शैक्षिक और राष्ट्रीय उन्नयन जैसे मूलभूत मुद्दों पर केन्द्रित होता है। बताते चलें कि विगत दिनों दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय प्रोग्राम वन्स मोर में डा देवेंद्र कश्यप निडर का काव्यपाठ रिकार्ड हुआ था। जिसे कल शाम प्रसारित कर हुआ था। इस प्रोग्राम में देवेन्द्र ने वोट करने के लिए अपील किया। दर्शकों को प्रोत्साहित और प्रेरित करते हुए श्री निडर ने कहा कि यदि मंजिल चढ़ना चाह रहे हो तो आगे बढ़ना होगा। न्याय नीति के लिए निडर अब तुमको भी बनना होगा। शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा से नाता तुम जोड़ो तो मंजिल मिल जायेगी। जीवन की महकेगी बगिया दुनिया को महकायेगी। ज्ञान प्रगति का पासवर्ड है निडर सुनो समझाता हूँ, यदि इसको तुम भूल गये तो पीढ़ी भी पछतायेगी। शिक्षा के प्रति




अभिभावकों को भी जागरुक करते हुए पढ़ा भले खाओ न खीर पकवान, भले न घर हो आलीशान किन्तु बच्चों पर देना ध्यान यही पैगाम हमारा सदा संतान पढ़ाना। वैसे देवेन्द्र ने विराट संघर्ष पुरुष दशरथ मॉझी की गौरव गाथा को प्रबंध काव्य श्रमवीर में लिपिबद्ध किया है। बाल संग्रह काश ! चिरैया हम भी होते चर्चा के केन्द्र में है। लगातार लेखन के लिए प्रेरणा और स्नेहाशीष देने वाले शुभचिंतकों के प्रति देवेन्द्र ने आभार प्रदर्शित किया है।

# मिश्रिख लोकसभा की जन समस्याओं का समाधान कब - समाजसेवी भरत द्विवेदी

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर चल रही है। सत्ता में बैठी सरकार हैट्रिक लगाने के लिए जोर आजमाइश कर रही है। वहीं जनता की निगाहें विभिन्न समस्याओं पर टिकी हुई है। समाजसेवी भरत द्विवेदी ने कहा कि इन समस्याओं का समाधान आखिर कब होगा या इसी तरह से जनता को इन समस्याओं को झेलना पड़ेगा। छुट्टा गोवंश की ज्वलंत समस्या अस्थाई गौशाला में कब्रगाह बनी है,भूख,प्यास,गर्मी के चलते बेजुबान गौवंश मर रहे हैं,सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर, राशन घटतौली हो रही है। विभाग व राजनीतिक संरक्षण,किसानो की उपज का समर्थन मूल्य नहीं मिलता है। खरीद केंद्रों कागजों पर चल रहे हैं,प्राइवेट स्कूलों में स्कूल संचालक मनमानी फीस प्रत्येक वर्ष एडमिशन फीस के नाम पर अवैध वसूली किताबें काफी निर्धारित दुकानों से ऊंची दरों में अभिभावक खरीदने को विवश,लोकल स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव कई वर्षों से बंद चल रहे हैं।आम आदमी के आवागमन से ट्रेन को दूर कर रही है,सरकारी अस्पतालों का बुरा हाल है एक्स-रे मशीन अल्ट्रासाउंड का कमी अधिकांश जांच बाहर से मरीज कराने को विवश मेडिकल कॉलेज का सपना दिखाया जा रहा है।इमरजेंसी वाहन एम्बुलेंस 108,102 काफी संख्या में खराब है।मूलभूत सुविधाएं दवाएं ऑक्सीजन नदारद टायर मेंटेनेंस खराब है। फर्जी कॉलिंग का बड़े पैमाने पर खेल किया जा रहा है।कानून व्यवस्था में कोई सुधार नहीं है। फर्जी एनकाउंटर की पुलिस बन गई है। आवेदक को शिकायती पत्र की कोई पार्वती रसीद नहीं दी जाती है।लोकवाणी आईजीआरएस को निस्तारण गलत भ्रामक तरीके से निस्तारण किया जाता है।सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी कई विद्यालय बिना शिक्षकों के बंद चल रहे हैं सरकारी स्कूलों व प्राइवेट स्कूल की शिक्षण व्यवस्था व बुनियादी सुविधाओं में बड़ा अंतर है। बाल विकास पुष्टाहार विभाग में बड़े पैमाने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री सेवानिवृत्ति होने के कारण बंद चल रहे हैं।पोषण के नाम पर छलावा हार्ट कुक्ड गर्म खाना कागजों पर किया जा रहा है। काफी संख्या में किराए पर केंद्र चल रहे हैं।ग्रामीण क्षेत्र में जल मिशन के नाम पर गांव की गलियों को खोद डाला है। क्षतिग्रस्त कर दिया है। गड्ढे होने के कारण हादसों में इजाफा

।ग्रामीण क्षेत्र में बच्चों व युवाओं के खेलकूद मैदान का कायाकल्प नहीं किया जा रहा है।किसानो की फसल के सिंचाई साधन नहीं विकसित किए गई हैं। रजबहा माइनर से किसानों के खेतों में फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। नालियां क्षतिग्रस्त गुलाबा बंद हो गए हैं। सरकारी ट्यूबवेल सीमित प्राइवेट के



लिए किसानों को सब्सिडी बंद हो गई है।व्यापारियों के लिए मंडी समिति से नई मंडी नई दुकान नहीं बनाई गई हैं।सरकारी डिग्री कॉलेज आईटीआई,पॉलिटेक्निक स्कूल नहीं खुले हैं।आरटीओ ऑफिस में दलालों के बिना कोई भी कार्य संभव नहीं हैं।जनप्रतिनिधि विधायक,सांसद एमएलसी,ब्लॉक प्रमुख जिला पंचायत, नगर पंचायत ग्राम प्रधान बिना कमीशन के विकास कार्य नहीं संभव नहीं हैं।आधार कार्ड केंद्रों पर जमकर अवैध वसूली सीमित केंद्रों के कारण आमजन लाइन लगाने को मजबूत अवैध उसूली व अपमान के शिकार हो रहे हैं।बेरोजगारी का आलम चरम सीमा पर है। रोजगार के लिए काफी संख्या में युवा,पुरुष महिलाएं पलायन करने को विवश है।ग्रामीण क्षेत्र में गरीब मध्यम वर्ग के लिए बरात सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए कोई भी सार्वजनिक भवन नहीं है।इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए जनता को इंतजार है।

# एनसीसी कैडेटों को फायर सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी दी

स्वतंत्र प्रभात

**सहारनपुर।** 26 उ.प्र. बालिका वाहिनी एनसीसी, सहारनपुर के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर जो कि विद्या देवी कन्या महाविद्यालय, जन्धेड़ा समसपुर में लगाया गया। प्रशिक्षण शिविर में आज आठवें दिन के क्रिया कलापों को पूर्ण किया गया । इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैम्प कमांन्डेन्ट कर्नल अमित बिष्ट, सेना मेडल के नेतृत्व 425 एनसीसी कैडेटों ने आज सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया। इसके अतिरिक्त शिविर में मेजर शशि सिंह, डिप्टी कैम्प कमान्डेट, 4 जेसीओ 9 एनसीओ, 2 जीसीआई, 4 एएनओ, 3 सीटीओ का भी योगदान रहा। आठवें दिवस की कार्यवाही पीटी के साथ शुरू की गयी, जिसके उपरान्त प्रशिक्षण शिविर की मुख्य प्रतियोगिता स्कॉवड डिल करवायी गयी। इस प्रतियोगिता के निर्णायक स्वय कैम्प कमान्डेन्ट कर्नल अमित बिष्ट, सेना मेडल रहे, व कैडेटों को भविष्य के लिये प्रेरित किया। प्रतियोगिता के बाद आज के अतिथि व्याख्यान मे रिशभ पंवार, फायर स्टेशन ऑफिसर, एफएसओ एवमं कान्सटेबल अभिजीत रहे। जिन्होने अग्नि संबंधित दुर्घटनाओं की जानकारी के साथ-साथ उनके बचाव को डेमों के साथ प्रदर्शित किया। मध्यान्ह उपरान्त एनसीसी की एडवेंचर एक्टिविटी व एनसीसी में लगने वाले कैम्प व उनके प्रकार के लैक्चर कैम्प में उपस्थित एएनओ द्वारा लिये गये । समाप्ति की ओर बढ़ते



कैम्प में भी कैडेटों का उत्साह निरन्तर उन्नति की ओर है, व सीखने की ललक उनके द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों में प्रदर्शित होती है। शाम के गेम्स पीरियड्स में कैडेटों की बाधा प्रशिक्षण की प्रतियोगिता करवायी गयी, साथ ही साथ बालीवाल तथा बास्केटबाल के खिलाड़ियों का चयन किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में कैडेटों का उत्साह पूरे कैम्प की गतिविधियों, नव उर्जा देता है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पूर्व प्रधान सहित 2 की जेब से दिनदहाड़े 41000 रुपये चोरी

### नुक्कड़ सभा में प्रियंका गांधी का संबोधन सुन रहे थे दोनों

**शिवगढ़ (रायबरेली)** शिवगढ़ थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं। बेखौफ चोरों ने थाना क्षेत्र के गूढ़ा में आयोजित प्रियंका गांधी वाड्रा की नुक्कड़ सभा में खड़े होकर प्रियंका गांधी का संबोधन सुन रहे पूर्व गूढ़ा प्रधान रामहेत रावत की जेब 30 हजार रुपए व इसी गांव के रहने वाले मोहम्मद साबिर की जेब से 11 हजार रुपए निकालकर पार कर दिए। सबसे बड़ी बात है कि प्रियंका गांधी की नुक्कड़ सभा में भारी तादाद में पुलिसकर्मी मौजूद रहे इसके बावजूद सुरक्षा कर्मियों की नाक के नीचे से पूर्व प्रधान व अधेड़ की जेब से चोरों ने रुपए गायब कर दिए। जिसकी शिकायत पूर्व प्रधान रामहेत रावत ने वहां मौजूद पुलिस कर्मियों से की है। शिवगढ़ थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर शोकसभा का हुआ आयोजन


कीर्तिशेष श्री प्रवीण कुमार जैन

**बाँदा।** वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण कुमार जैंन के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन उत्तर प्रदेश प्रिंट एवं इलेक्ट्रैनिक जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान मे बुधवार को किया गया। जिसमें पत्रकारों ने वरिष्ठ पत्रकार व संपादक प्रवीण जैंन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यालय पर आयोजित शोकसभा में उपस्थित पत्रकारों ने दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की कि दुख की इस घड़ी में उनके स्वजनों को सहन शक्ति प्रदान करें। पेजा के प्रदेश सचिव व चित्रकूटधाम बाँदा मंडल प्रभारी पत्रकार नंदकिशोर शिवहरे ने कहा कि संपादक जी के निधन से समाज एवं पत्रकारिता जगत को अपूर्णीय क्षति पहुंची है।पत्रकार श्री शिवहरे ने दिवांगत जैंन साहब पर प्रकाश डालते हुए कहा की उन्होंने तीन दशक से अधिक पत्रकारिता के कार्य में अपनी भूमिका निभाई है।पत्रकार शिवहरे ने बताया की पत्रकारिता को शिखाने में मेरे गुरु थे प्रवीण भाई साहब, इनके साथ जुड़े मुझे दो दशक से अधिक हो गये मैने सदैव इनके चहरे में मुस्कराहट देखी है।पत्रकारिता के आलावा समाजिक् सेवा गौ सेवा और साधू संतो पर इनकी बहुत रुचि रही है।इन्होने अपने कार्य और सरल स्वाभाव से झाँसी के अलावा पूरे बुंदेल खंड में कीर्ति स्थापित किया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता पेजा जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने की है। इस मोके पर वरिष्ठ पत्रकार अशोक निगम,के0 एस0 दुबे, पत्रकार अनिल सिंह गौतम,रूपा गोयल,रवि यादव,बसंत गुप्ता,प्रकाश गुप्ता,सरोज त्रिपाठी,मनोज गुप्ता,संजय निगम,बालेन्द तिवारी,पुरान राय,आंसू गुप्ता आदि मौजूद रहे ।

## गौरीकला में हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**बांदा।** बुधवार को जसपुरा ब्लाक के गौरी कला ग्राम पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो बांदा के मतदाताकी धुन में गौरी कला के प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया गया स्कूल में मौजूद रहे छात्र-छात्राएं एवं अध्यापक रहे मौजूद जसपुरा ब्लाक के वीडियो गरिमा सिंह ज्ञानेंद्र यादव एसएसडीएम पैलानी शशि भूषण मिश्रा तहसीलदार विकास पांडे नायब तहसीलदार मुस्तकीम खान तहसीलदार वेद प्रकाश सचिव ओमप्रकाश पाल सचिव चंदन कुमार खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण दीक्षित ग्राम प्रधान राम सजीवन यादव मतदाता जागरूकता अभियान में रहे मौजूद बांदा जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में बनो देश के भाग विधाता जागो बांदा के मतदाता की धुन प्राथमिक विद्यालय में सुनाई दी पचासी परसेंट वोटिंग का भी आह्वान किया गया गौरी कला में आज सुबह पंडाल लगाकर ग्राम प्रधान ने सभी अधिकारी गणों के समझ मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें सभी अधिकारी गण एवं स्कूल के अध्यापक गड़ मौजूद रहे।

# राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराने वालों को जनता ठुकरा देगी जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं - दद्दन मिश्रा

● राम के अस्तित्व पर सवाल खड़े करने वाले लोग आज मंदिर - मंदिर टेक रहे हैं माथा



स्वतंत्र प्रभात

**गौरीगंज अमेठी।** श्रावस्ती के पूर्व सांसद तथा मौजूदा जिला पंचायत अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सूबे के बड़े ब्राह्मण चेहरा दद्दन मिश्रा इन दिनों अमेठी जनपद में चुनावी जन चौपाल को संबोधित करते हुए स्मृति इरानी के लिए वोट मांग रहे हैं। इसी कड़ी में विधानसभा अमेठी के मंडल संग्रामपुर में मडोली, अम्मरपुर, मोहनपुर, कोलवा ,शुकुलपुर, मिश्रौली सहित अन्य जगहों पर जन चौपाल को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित केंद्र की मोदी सरकार गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी का नारा सबका साथ सबका विकास तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की शत् प्रतिशत योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस कड़ी में उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के कठिन तपस्या त्याग और समर्पण के बाद आज वह दिन आया है जब भगवान राम टेंट से निकलकर भव्य और दिव्य आलीशान मंदिर में विराजमान है, और यह तभी संभव हुआ जब आप सभी लोगों ने कमल का बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी को वोट किया है। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जिन लोगों ने राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराया था उन्हें जनता भी ठुकरा देगी, उन्होंने कहा जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं, उन्होंने कहा कि राम के अस्तित्व पर सवाल खड़ा करने वाले कांग्रेसी नेता आज मंदिर मंदिर माथा टेक रहे हैं, मन्नत मांग रहे हैं,ऐसे अवसरवादी लोगों को अमेठी की जनता कभी नहीं चुनेगी।

उन्होंने कहा कि आज गरीबों को निशुल्क राशन मिल रहा है, निशुल्क प्रतिवर्ष 5 लाख का इलाज मिल रहा है, हर घर तक नल के जरिए जल भेजा गया, हर घर तक विद्युत पहुंचने का काम किया गया, उत्तर प्रदेश के 75 जनपद में 24 घंटे विद्युत आ रही है, और यह तभी संभव हुआ है जब आप सभी ने कमाल का बटन दबाकर बीजेपी को वोट किया है। निशुल्क राशन आगे 5 साल तक मिलता रहे विकास की गति निरंतर बनी रहे इसके लिए आने वाली 20 मई को कमल का बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान कर, भारी मतों से स्मृति इरानी को दोबारा जिताएं , तथा देश में तीसरी बार बन रही मोदी सरकार को एक कमल अमेठी से भी भेजें।उन्होंने कहा कि देश की जनता को मोदी सरकार पर पूरा भरोसा है मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है और देश की जनता मोदी के साथ है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, मंडल प्रभारी देव प्रकाश पांडे, आत्म प्रकाश तिवारी, मंडल महामंत्री युवा मोर्चा प्रभाकर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह ने अपने समर्थकों के साथ स्मृति इरानी के लिए मांग रहे वोट

● गांव - गांव जाकर किया डोर टू डोर संपर्क



स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** अमेठी लोकसभा के अंतिम छोर पर बसे शुकुल बाजार मंडल के भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है, जहां मंडल अध्यक्ष शंकर बक्स सिंह अपनी टीम के साथ डोर टू डोर संपर्क करते हुए भाजपा के लिए वोट मांग रहे हैं, वही वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित राम उंजेरे शुक्ला और युवा भाजपा नेता विश्व प्रकाश शुक्ला भी गांव-गांव डोर टू डोर संपर्क करते हुए भाजपा के लिए वोट मांग रहे हैं, तो वहीं वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला लगातार क्षेत्र भ्रमण करते हुए आने वाली 20 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। वहीं हाल ही में भाजपा में शामिल हुए उद्योगपति एवं भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह अपने पुत्र मानवेंद्र विजय सिंह व अन्य समर्थकों के साथ डोर टू डोर जाकर आने वाली 20 मई को कमल का बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी के लिए मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में महेंद्र विजय सिंह अपने समर्थकों के साथ मवैया रहमतगढ़ के धनेश पाठक और कूटी गांव में पहुंचकर डोर टू डोर संपर्क करते हुए लोगों से भाजपा के लिए मतदान करने की अपील की। उन्होंने ग्रामीण जनता से मिलकर कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गांव में रहने वाले लोगों को निशुल्क राशन मुहैया करा रही है, जो की आज की महंगाई में बहुत बड़ी बात है उन्होंने कहा अगर सरकार राशन न मुहैया कराती तो गरीबों के लिए बड़ी समस्या आती भाजपा सरकार गरीबों के उद्धार के लिए समर्पित है, उन्होंने कहा कि गरीबों को निशुल्क राशन अगले 5 वर्षों तक मिलता रहेगा, उन्होंने कहा 500 साल की कठिन तपस्या के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर तैयार हुआ है, और यह तभी संभव हुआ जब आप सभी ने भाजपा को वोट दिया, उन्होंने कहा कि महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस सिलेंडर प्राप्त हुए, तो हजारों परिवारों में बिजली भेजने का काम सरकार ने किया, आज प्रदेश के 75 जनपदों में 24 घंटे विद्युत मिल रही है, गरीबों को 5 लाख तक का इलाज मिल रहा है और यह तभी संभव है जब आप बीजेपी को वोट दे रहे हैं हर घर तक नल के जरिए शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जा रहा है। इस दौरान युवा भाजपा नेता अवनेंद्र विजय सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक अशोक शुक्ला, राजेश यादव,सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस का हाथ आज विदेशी ताकतों के साथ - शीलू सिंह

●रायबरेली में इस बार प्रचंड बहुमत से जीतेगी भाजपा - समाजसेवी

रायबरेली के लोग गांधी परिवार को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हैं तैयार

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** जहां एक तरफ लोकसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है,प्रत्याशी अपना-अपना नामांकन दाखिल कर चुनाव प्रचार में जी जान से जुट गए हैं,वहीं एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप के दौर में प्रत्याशियों के साथ-साथ समाजसेवी भी पीछे नहीं दिख रहे हैं।बुधवार को मीडिया से मुखातिब होते हुए समाजसेवी शीलू सिंह ने कहा कि रायबरेली में इस बार कमल खिलेगा।इस बार कांग्रेस रायबरेली में चारों खाने चित दिख रही है।भाजपा से प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को जनपदवासियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है।इस बार जनपदवासी पांच साल में एक बार बनाम पूरे पांच साल को चुनेगी।श्री सिंह ने कहा कि पूर्व में देखा गया है कि जनपदवासियों ने सोनिया गांधी को सांसद चुना लेकिन वह कभी जनपदवासियों के सुख दुख में शरीक नहीं हुई।वहीं दिनेश प्रताप सिंह निरंतर जनपदवासियों के सुख दुख में खड़े रहे।ऐसे में आगामी लोकसभा चुनाव में रायबरेली के लोग गांधी परिवार को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं।रायबरेली में भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह की एकतरफा जीत सुनिश्चित दिख रही है।उल्लेखनीय है कि रायबरेली में कांग्रेस पार्टी से राहुल गांधी चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं तो वहीं भाजपा से प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह चुनावी समर में विपक्षी को पटखनी देने को तैयार व आश्वस्त दिख रहे हैं।लोकसभा 2024 के



चुनाव में भारतीय जनता पार्टी रिकॉर्ड तोड़ सीट जीतने वाली है।समाजसेवी शीलू सिंह ने कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का हाथ आज विदेशी ताकतों के साथ है।लेकिन जनता कांग्रेस के इस खेल को समझ गई है और वोट की चोट से पाकिस्तान प्रायोजित वोट जिहाद की सोच को खत्म कर देगी।साथ ही साथ कहा कि कांग्रेसी राम मंदिर की जगह पुनः बाबरी मस्जिद निर्माण की बात करते हैं तो कभी उनके साथी सनातन धर्म को कुचलने की बात करते हैं।आज विश्व में देश विरोधी सोंच रखने वाले लोग बहुतायत में है।

## ईश्वर के निराकार व साकार रूप को जानने वाले के जीवन में होता है आनंद- स्वात्मानंद महाराज



स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज:**रायबरेली निराकार रूप ईश्वर मानव स्वरूप में धरती पर अवतार लेते हैं यह उनका साकार रूप होता है। जिस व्यक्ति को भगवान के साकार व निराकार दोनो रूपों का ज्ञान हो जाता है उसके जीवन में आनंद ही आनंद आ जाता है। यह बात गुनागरखेड़ा मजरे बहरामपुर गांव में चल रही श्रीमद् भागवतकथा के अंतिम दिन स्वामी स्वात्मानंद महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण एकांत में उद्धव जी से ब्रज के प्रेम का स्मरण करते हैं। जीवन में एकांत मिलना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि जहां समाज में श्रृजन, संयम, उद्धार की चर्चा हो वहीं बैठना चाहिए क्योंकि जीवन में जो व्यवहार आ जाता है उसी के अनुरूप उसे समाज में याद किया जाता है। गीता में भी कहा गया है कि भगवान के बोध के लिए सत्संग में जाना चाहिए व साधु संतो की संगत करनी चाहिए। जिनके जीवन में संतो के आदर्शो की छाया होती है वह कभी व्यथित नही होते।उनके जीवन में आत्मबल बना रहता है। उन्होंने कहा कि गोपिकाएं भगवान श्रीकृष्ण में ब्रम्ह का दर्शन करती थी। जिन्होंने जीवन में ब्रम्ह का दर्शन कर लिया वह आनंद का दर्शन करते हैं। लोगों को ईश्वर की महिमा का बोध नही होता। जिसने थोड़ा भी भगवान की महिमा को जान लिया उसी के जीवन में परम आनंद है।भागवतकथा में आने वालों का आभार प्रदर्शन अभियोजन अधिकारी शैलेश अग्निहोत्री ने किया। इस मौके पर शिव सागर अग्निहोत्री, राजकुमारी, गंगासागर, स्वतंत्र, शैलेश, बिमलेश, राहुल, रोहित, जयलक्ष्मी, रचना, अंकिता, माधुरी, सौम्या, शुभी, कार्तिकेय शंकर वाजपेयी, शानू वाजपेयी, संजय सिंह, दुक्खीलाल, सुनील सिंह, राम प्रकाश त्रिपाठी,शोभनाथ अवस्थी, राकेश पांडेय, गोपाल सिंह आदि भारी सैकड़ो की संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

## महराजगंज में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने व्यक्त किए अपने विचार

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज/रायबरेली।** गांधी परिवार को परिवारवाद का नाम देने वाली भारतीय जनता पार्टी को मैं यह बताना चाहती हूं कि इसी रायबरेली लोकसभा के लिए व देश की राजनीति के लिए मेरे पिता राजीव गांधी व मेरी दादी इंदिरा गांधी ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए इसी के बदौलत आज गांधी परिवार रायबरेली की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए हमेशा रायबरेली के विकास के लिए तत्पर रहा है आज महराजगंज कस्बे के तिराहे पर एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव उमड़े जन सैलाव को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने अपने विचार व्यक्त किए। बताते चलें कि आज बुधवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रायबरेली में अपने भाई राहुल गांधी के लिए चुनाव प्रसार शुरू कर दिया है। वह आज थुलवासा, महराजगंज, कुसुढ़ी सागरपुर, हलोर, गऊ घाट, लाही बॉर्डर, गुमावा, शिवगढ़, भवानीगढ़, गूढ़ा, रानीखेड़ा, बछरावां, राजा मऊ, इचौली, सुदौली आदि स्थान पर नुक्कड़ सभाएं कर के सरकार पर हमला बोला। उन्होंने महराजगंज की नुक्कड़ सभा में मौजूद जन सैलाब की ओर मुखातिब होकर कहा कि, मोदी ने आपकी मुश्किलें कम करने की जगह आपको 5 किलो राशन का बोरा पकड़ा दिया है।

आपको बता दें कि, बछरावां विधानसभा क्षेत्र के थुलवांसा और महराजगंज में आयोजित नुक्कड़ सभा में प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। प्रियंका ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपकी ज़रूरतें और मदद करने की बजाय 5 किलो राशन का बोरा थमा दिया है। 5 किलो राशन से क्या होने वाला है। मोदी सरकार में जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है।

महराजगंज में अपने संबोधन में प्रियंका गांधी ने रायबरेली से अपने परिवार से जुड़ाव का भी इतिहास बताया। उन्होंने कहा कि, 103 साल पहले किसान आंदोलन के दौरान नेहरू जी ने यहीं गिरफ्तारी दी थी। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि, यह लोग बेरोजगारी और महंगाई जैसे जनता से जुड़े मुद्दों पर बात नहीं करते हैं। कांग्रेस आई तो नौजवानों को रोजगार मिलेगा और ग्रेजुएट को 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। कार्यक्रम में उनकी गाड़ी पर बछरावां से सपा विधायक श्याम सुंदर भारती और कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सुशील पासी जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी कृपा शंकर शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चौधरी नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल भारत मिश्रा मनोज यादव भगवानदीन राहुल सिंह दिनेश मिश्रा रामचंद्र सिंह राजेश कुमार रवि चंद्र सिंह हौसिला प्रसाद तिवारी सत्रोहन पासी सुनील पासी मनीष वैश्य शकील गांधी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे.

## गर्म हवा एवं लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

● - तबियत ठीक न लगने पर डाक्टर से करे संपक




स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** अपर जिला आधिकारी वित्त /राजस्व राजेश कुमार वर्मा द्वारा मौसम के बढ़ते तापमान देखते हुए जनसाधारण को जागरूकता एवं बचाव के तरीके बताए हैं, कि लू प्रकोप एवं गर्म हवा लू से जनहानि भी हो सकती है। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए सावधानियाँ बरतें - कड़ी धूप में बाहर न निकलें, खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पियें, प्यास न लगे तो भी पानी पियें। हल्के रंग के ढीले ढीले सूती कपड़े पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी,छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें। सफर में अपने साथ पानी रखें। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें। शरीर को निर्जलित कर सकते हैं अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें और गीले कपडे को अपने चेहरे सिर और गर्दन पर रखें। अगर आपकी तबियत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें। घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी छाछ, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। लू के चपेट में आने पर बिल्कुल लापरवाही न करें, शरीर को बर्फ या ठंडा पानी से लगातार पोंछे । शरीर पर भीगा हुआ कपड़ा बिल्कुल न लपेटे क्योंकि इसे शरीर का तापमान बढ़ेगा और हालत पहले से गंभीर हो जाएंगे। जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को दें। अपने घर को ठंडा रखें, पर्दे शटर आदि का इस्तेमाल करे । रात में खिड़कियाँ खुली रखें। फैन, ढीले कपड़े का उपयोग करें। ठंडे पानी से बार बार नहाएं। धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवों को न छोड़ें । खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे, खिड़की खुलें रखें, जिससे हवा का आना जाना बना रहे । नशीले पदार्थ, शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें। जिला आपदा विशेषज्ञ श्री प्रभाकर सिंह ने बताया कि खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम, पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आती है, काले पर्दे लगाकर रखना चाहिए। स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात् स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों व पालतू जानवरों को कभी भी बंद वाहन में अकेला न छोड़े। जहाँ तक संभव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के सम्पर्क से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहाँ तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित भोजन करे, हल्का व सूती कपड़े पहने, घर से बाहर निकलने पर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढक कर रखें । किसी भी समस्या के लिए जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर टोल फ्री नंबर 05192 285260 व जिला आपदा विशेषज्ञ का नंबर 9452662412 पर संपर्क कर सकते है।

## अपर जिला जज ने किया कारागार का निरीक्षण

●- निरीक्षण के दौरान देखी कारागार की व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण-नई दिल्ली, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला जज व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा डा. बब्बू सारंग के निर्देशन में आज प्रातः 10 बजे जिला कारागार, बांदा का निरीक्षण अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा श्रीपाल सिंह द्वारा किया गया।

निरीक्षण के समय सर्वप्रथम पाकशाला का निरीक्षण किया गया। जहां पाया गया कि दोपहर के भोजन हेतु मूंग की दाल, आलू चौलाई व दाल की मिक्स सब्जी व चावल बनकर तैयार हो चुका था। सचिव महोदय द्वारा भोजन की गुणवत्ता की जांच की गयी। भोजन गुणवत्तापूर्ण पाया गया। सचिव महोदय द्वारा मधुमेह से, हृदय से (बीपी) अथवा गम्भीर बीमारियों से पीड़ित बन्दियों को जेल चिकित्सक के निर्देशानुसार भोजन देने के लिए निर्देशित किया गया। तदोपरान्त जेल अस्पताल का निरीक्षण किया जिसमें कैंसर से पीड़ित जेलबन्दी का हाल व इलाज के सम्बंध में एवं अन्य बन्दियों से उनके इलाज व स्वास्थ्य के सम्बंध में सचिव-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा श्रीपाल सिंह द्वारा जानकारी ली गयी। सचिव महोदय द्वारा इसके साथ ही जेल में निरुद्ध बन्दियों की टी0बी0 व एच0आई0वी0 की जाचं समय समय पर कराये जाने तथा आँख की बीमारी से पीड़ित बन्दियों हेतु चिकित्सा परीक्षण शिविर लगाकर जांच कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया। इसी कम में बैरक सं0-06, 4ए, 4बी, 9ए व 9बी का निरीक्षण किया गया। उपस्थित बन्दियों से विधिक सहायता दिये जाने हेतु पूछा गया जिसमें से 04 बन्दियों को निःशुल्क अधिवक्ता, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में जेल अपील किये जाने हेतु एवं अन्य विधिक सहायता दिये जाने हेतु प्रार्थना पत्र लिये गये। सचिव महोदय द्वारा बताया गया कि उनकी जेल अपील हेतु माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में पत्राचार किया जा जायेगा तथा सत्र एवं मजिस्ट्रेट न्यायालयों में अपील हेतु उपस्थित चीफ, डिप्टी चीफ एवं सहायक अधिवक्ता, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, बांदा को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय जेल प्रशासन की ओर से डा. वीरेशराज शर्मा, नवनियुक्त जेलर, उपजेलर महेन्द्र सिंह के साथ राशिद अहमद डी.ई.ओ. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा मूलचन्द्र कुशवाहा-चीफ, विकान्त सिंह-डिप्टी चीफ व अनुराग तिवारी-सहायक अधिवक्ता, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल उपस्थित रहे।

## महिला क्लब ओल्ड ने किया स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

●- हार्पर क्लब में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बांदा की शाखा वूमेन डाक्टर्स विंग और मिशन पिंक हेल्थ के तत्वावधान में हार्पर महिला क्लब ओल्ड में एक स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और स्वास्थ सुंदरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्लब की सभी सदस्यों ने उत्साह से भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके एक सी डी स्टूडियो की कु अमायरा द्वारा प्रस्तुत ईश वंदना से किया गया। उमर ख़य्याम के गीत पर कुमारी शिवानी के द्वारा ओडीसी शैली में एक शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया।

स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सरिता अग्रवाल को प्रथम पुरस्कार, नूतन गुप्ता को द्वितीय पुरस्कार, गीता सेठ और अनीता गुप्ता को तृतीय पुरस्कार मिला। सान्तवना पुरस्कार पूजा सिंह , रुचि और आशा सिंह को मिला।स्वास्थ सुंदरी के कैटवॉक में 30 से 40 वर्ष ग्रुप में प्रथम पुरस्कार निशा गुप्ता, द्वितीय पुरस्कार अर्पिता गुप्ता और तृतीय पुरस्कार मेघा सिंह को मिला। 40 से 50 वर्ष की आयु वर्ग में प्रथम पुरस्कार संयोगिता, द्वितीय पुरस्कार नूतन गुप्ता एवं तृतीय पुरस्कार सीमा नंदा को मिला। आइएमए अध्यक्ष डा. मोहम्मद रफ़ीक़ ने अपने उपस्थिति से कार्यक्रम को अलंकृत किया और महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। सभी विजेता महिलाओं को उन्होंने पुरस्कृत किया।मिशन पिक हेल्थ और वूमेन डॉक्टर्स विंग की चेयरपर्सन डॉक्टर शबाना रफ़ीक़ ने महिलाओं को कार्यक्रम की जानकारी दी और महिलाओं से संबंधित बीमारियों के विषय में सामान्य ज्ञान दिया। संस्था की सचिव डा.मोनिका सक्सेना और कोषाध्यक्ष डाक्टर कंचन सिंह ने प्रतियोगिता का संचालन किया उत्तर पत्रिकाओं का मूल्यांकन किया।बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर एस आर वर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहे और महिलाओं को बाल रोग संबंधी सलाह दी,



उन्होंने कहां बच्चों को फास्ट फूड से दूर रखें रोजाना घर में जो भोजन बनता है वही बच्चों को खिलाएं। क्लब की उपाध्यक्ष आदरणीया श्रीमती आशा सिंह ने कार्यक्रम की सराहना की और सभी आमंत्रित अतिथियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। सचिव श्रीमती संतोष गुप्ता ने सभी का स्वागत किया और कहा इस प्रकार के कार्यक्रमों से सभी महिलाओं को लाभ होगा इसलिए बीच-बीच में हम स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम कराते रहते हैं। कार्यक्रम का कुशल संचालन ए सी डी स्टूडियो की निर्देशिका श्रीमती निशा गुप्ता ने किया। यह कार्यक्रम सिंबायोटिक फार्मा के सौजन्य से संपन्न हुआ।डिविजनल मैनेजर नेपाल सिंह, प्रतिनिधि सिरीश, अम्बिका मिश्रा और रवि चौरसिया का विशेष योगदान रहा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन सतर्क

**लखीमपुर खीरी 08 मई।** अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले सम्भावित बाल विवाहों पर निगरानी बनाये रखने, उन्हें रोकने के लिए शासन ने रणनीति तैयार कराते हुए बाल विवाह रोकने के निर्देश दिए है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जनपद में यदि किसी स्थान पर बाल विवाह के प्रकरण संज्ञान में आता है तो उसे तत्काल रोकने सम्बन्धी प्रभावी कार्यवाही कराते हुए सूचना चाइल्ड लाईन टोल फ्री नम्बर 1098, बाल कल्याण समिति लखीमपुर खीरी या सम्बन्धित थानाध्यक्ष को तत्काल दी जाये, किसी भी दशा में बाल विवाह कदापि न हो।डीपीओ संजय कुमार निगम ने कहा कि डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन अक्षय तृतीया के अवसर पर अधिक बाल विवाह होने की संभावना को रोकने के लिए सतर्क है। बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री आज आएंगे गोला

**गोला गोकरननाथ खीरी** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को 11 बजे स्थानीय पब्लिक इंटर कॉलेज स्थित राजेंद्र गिरी स्टेडियम में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष और गोला नगर पालिका के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने बताया कि मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से 11 बजे राजेंद्र गिरी स्टेडियम में पहुंचेंगे और एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा में खीरी लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले पलिया, निघासन, श्रीनगर, गोला और लखीमपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक मौजूद रहेंगे। इनके अलावा संगठन के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताण, आम जनमानस और सभी नगर पालिकाओं के अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। उन्होंने आम मतदाताओं से जनसभा में उपस्थित रहकर मुख्यमंत्री का वक्तव्य सुनने की अपील की है।

### ग्राम अछरौड़ में हो रही है पेयजल आपूर्ति

**बांदा।** अधिशाषी अभियंता जलनिगम महेन्द्र राम ने बताया है कि जनपद बाँदा विकास खण्ड के ग्राम अछरौड़ में पेयजल की व्यवस्था हेतु सीडब्लूआर व नलकूप के माध्यम से जलापूर्ति चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान बांदा द्वारा की जा रही है एवं ग्राम में 6 हैण्डपम्प संचालित है, जिसके माध्यम से ग्राम पंचायत में जलापूर्ति हो रही है। अछारौड़ ग्राम में पेयजल योजना के सुदृढीकरण हेतु योजना के पुनर्गठन का प्रस्ताव जलनिगम ग्रामीण बॉदा द्वारा स्वीकृत कराकर जलजीवन मिशन के अन्तर्गत ग्राम में पाइपलाइन / गृह जल संयोजन व सिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा मई, 2024 तक निर्माण कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति ट्रायल टेस्टिंग के रूप में संचालित करा दी जायेगी।

### चुनाव की वजह से परीक्षाएं स्थगित

**ओरन/ बांदा।** बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के पत्र के अनुसार कई महाविद्यालों में सामान्य निर्वाचन 2024 से सम्बन्धित गतिविधियां ठप होनी है जिसके चलते एन ई पी से आच्छादित सेमेस्टर परीक्षाये जो 10 मई से प्रारम्भ हो रही थी उनमे से 10 मई, 11 मई, 13 मई व 14 मई को होने वाली परीक्षाये स्थगित कर दी गई है इनकी तिथियां जल्द घोषित की जाएंगी जबकि 24 मई से आगे की परीक्षाये पूर्व निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार ही होगी साथ ही वार्षिक पद्धति पर आधारित परीक्षाओ व व्यावसायिक परीक्षाओ के परीक्षा कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया परीक्षार्थी दुविधा में न पड़े अपने अपने महाविद्यालय से सम्पर्क करें ।इसकी जानकारी डा अजीत कुमार पांडेय प्राचार्य पं0 केदारनाथ राजाराम महाविद्यालय कमासिन ने दी।


### अवैध तमंचा के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शस्त्रों का संग्रहण, निर्माण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज सुबह थाना कमासिन पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कमासिन क्षेत्र के ग्राम साड़ा सानी से एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचे व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है । गिरफ्तार अभियुक्तों में कल्लू बड़गइया पुत्र उमादत्त बड़गइया निवासी साड़ा सानी थाना कमासिन जनपद बांदा है।

## लोकसभा चुनाव के बाद प्रत्याशियों की किस्मत हुई बंद हिंदू मतदाताओं के धुव्रीकरण से भाजपा को झटका सपा को लाभ

स्वतंत्र प्रभात





**बरेली/**जनपद की दो लोकसभा सीटों के लिए हुए मतदान में सपा और भाजपा के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला इतना ही नहीं कई जगहों पर मतदाताओं ने अपना विरोध प्रगट कर मतदान न करने के उद्देश्य को लेकर प्रशासन और नेताओं को दौड़ने पर मजबूर कर दिया बरेली लोकसभा सीट पर हुए मतदान में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां पर मतदाताओं ने इस बार अपनी गुस्सा जाहिर करते हुए भाजपा को झटका देने के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। इस लोकसभा सीट पर कुर्मी मतदाता एवं मुस्लिम मतदाता का चुनाव में विशेष महत्व रहता है इस सीट पर 23 लाख मतदाता होने के बाद यहां पर 6 लाख कुर्मी 7 लाख मुस्लिम दोनों 13 लाख मतदाता बैठता है यहीं पर शेष बचे 10 लाख मतदाता ऐसा है जिसका चुनाव में अहम भूमिका रहती है जिसकी आवारा पशुओं जैसी अन्य समस्याओं को लेकर इस बार सपा के पक्ष में मतदान होने जैसे ध्रुवीकरण की स्थिति सामने आई है जिसको लेकर तरह-तरह के प्रयास लगाए जा रहे हैं ।

इस बरेली लोकसभा सीट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद संतोष कुमार गंगवार आठ बार सांसद बने जिन्हें हर जाति वर्ग का समर्थन प्राप्त होता था इतना ही नहीं वह मुस्लिम समुदाय में भी अपना शेर कायम रखते थे इस बार पार्टी द्वारा उनका टिकट काट देने के बाद जनता में आक्रोश देखने को मिला इसका लाभ सपा को मिलता नजर आ रहा है परंतु प्रत्याशियों की अग्नि परीक्षा की कमाई अब मशीनों में कैद हो चुकी है। जिसका खुलासा 4 जून को होगा परंतु सबसे दिल चश्ब बात यह है कोई भी पार्टी चुनाव में हार मानने को तैयार नहीं है जबकि सपा प्रत्याशी 2009 के चुनाव में सांसद संतोष कुमार गंगवार को हराकर कांग्रेस से चुनाव जीत चुके हैं वह इस बार गठबंधन से सपा के प्रत्याशी है यहीं पर भाजपा के पूर्व मंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार प्रत्याशी है देखना अब यह शेष है कि किसका जादू मतदाताओं पर भारी पड़ा है।

## ग्राम पंचायत बेल्हौरा में आवास घोटाला जिम्मेदार साधे मौन

**●ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव की मिली भगत से वर्ष 2010 में आवास पाई लाभार्थी को पुनः दिया गया आवास**

**विकलांग कोटे से आए पांच आवासों में सुविधा शुल्क लेकर पहले से आवास पाए लाभार्थियों को आवास दिए जाने के दर्जनों ग्रामीणों ने लगाया आरोप**

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी** विकासखंड नकहा की बहु चर्चित ग्राम पंचायत बिल्हौरा में भ्रष्टाचार सर चढ़कर बोल रहा है ।मामला चाहे वह मनरेगा का हो या फिर अन्य निधियां का हो यहां कदम कदम पर भ्रष्टाचार की दास्तान बयां होती दिखाई पड़ रही है ।इसलिए सबसे पहले हम आपको भ्रष्टाचार की बानगी दिखाने ग्राम पंचायत बिल्हौरा ले चल रहे हैं जहां पर पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान की मिली भगत से पहले से आवास पे लोगों को ही प्रति आवास तय सुधा सुविधा शुल्क लेकर आवास से नवाजे जाने के आरोप दर्जनों ग्रामीणों ने लगाए हैं। बताते चलें और ब यदि हम बात करें तो ग्राम पंचायत बिल्हौरा के आवास लाभार्थी की सरिता देवी को आवास दिया गया जब कि इनके परिवार में पहलेआवास मिलने की बात ग्रामीणों द्वारा बताई गई है। लोगों का आरोप है कि उक्त आवास सुविधा शुल्क लेकर दिया गया है यह पहला आवास है ऐसे चार और आवास हैं जो पहले से आवास पे हुए लोगों को ही दिए गए हैं। ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर पैसा लेकर आवास दिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है। लोगों की जुबानी सत्य माने तो ग्राम प्रधान द्वारा मनरेगा में व्यापक स्तर पर फर्जी अपने लोगों की हाजिरी लगाकर भ्रष्टाचार करने के भी आरोप लगाए। लोगों ने बताया ग्राम प्रधान द्वारा कार्य जेसीबी मशीन से कराए जाते हैं और अपने लोगों के नाम फर्जी चढ़ाकर भुगतान निकाला जाता है ।उक्त प्रधान द्वारा प्रति आवास अवैध वसूली का खेल करके मनमाने तरीके से आवासों के नाम पर खेल किया गया है यदि उक्त मामले की कराई जाए निष्पक्ष जांच तो इस खेल का होगा खुलासा।

## इंटर के यूपी टॉपर छात्र सुभम वर्मा को डॉक्टर कौशल वर्मा ने किया सम्मानित।

स्वतंत्र प्रभात




**गोलागोकर्णनाथ लखीमपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के यूपी टॉपर सुभम वर्मा से मिलकर डॉक्टर ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।।

सुभम वर्मा पुत्र राजेश कुमार वर्मा निवासी निंदनपुर-रामपुर मथुरा (सीतापुर) को मिठाई खिलाकर, सम्मान राशि देकर सम्मानित किया है। भविष्य में सफल होकर उच्च मुकाम हासिल करने के लिए छात्र को प्रोत्साहित कर उसका मार्गदर्शन किया।

सुभम का घर सीतापुर जिले का अंतिम गांव है जहां अभी बहुत अच्छी सड़क तक नहीं है,जहां संघर्ष कर वह प्रतिदिन 14 किलोमीटर साइकिल से स्कूल जाता था। उसने घर में रहकर ही पढ़ाई की। पारिवारिक कंडीशन बहुत अच्छी नहीं थी। फिर भी विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी लगन और मेहनत की वजह से यूपी टॉप किया। सुभम बहुत ही होनहार छात्र है जो कि भविष्य में आईएएस बन कर देश की सेवा करना चाहता है।परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी ना होना और जरूरतों को देखते हुए डा कौशल वर्मा ने उसको आगे कोचिंग में पढ़ने के साथ ही हॉस्टल में रहने की फी व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया है। हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया। श्री डॉक्टर ने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली छात्र पर बहुत गर्व है। इस अवसर डा कौशल वर्मा के साथ में नरेंद्र वर्मा, लालाराम वर्मा, जगतपाल वर्मा, पारस नाथ वर्मा, अभिषेक वर्मा, राजेश पटेल सुमित वर्मा आदि मौजूद रहे।

## शाह बोले-राहुल बाबा अपना ट्रैक रिकॉर्ड देखो‌‌ये राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगाने का काम करेंगे

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर खीरी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को लखीमपुर में रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा-राहुल बाबा कहते हैं कि हम एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। अरे, राहुल बाबा अपना ट्रैक रिकॉर्ड देखो, आपकी दादी ने एक झटके में आपातकाल लगाया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इंडी गठबंधन पर खूब तंज कसा है। उन्होंने कहा कि अब तक हुए तीन चरणों के मतदान में विरोधी दलों का सूपड़ा साफ हो चुका है और भारतीय जनता पार्टी 190 सीट लेकर सबसे आगे चल रही है।

शाह ने कांग्रेस पर पिछड़ा वर्ग के शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि जहां-जहां कांग्रेस की सरकार में बनी है, वहां पिछड़ा वर्ग के पांच फीसदी आरक्षण को काटकर मुस्लिम समाज को दे दिया गया है, उन राज्यों में अगर भाजपा सत्ता में आई तो मुसलमानों से आरक्षण को छीन कर दोबारा पिछड़ा वर्ग समाज को दे दिया जाएगा। शाह ने कांग्रेस सपा और सभी विपक्षी दलों को हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाया , उन्होंने कहा कि जब श्री राम मंदिर की प्रतिष्ठा हो रही थी तो राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश और डिंपल समेत सभी नेताओं को आमंत्रित किया गया था लेकिन यह अपने मुस्लिम वोट बैंक के कारण नहीं गए क्योंकि इनका वोट बैंक फिसल जाता, ऐसी इनको आशंका थी। 25 मिनट तक मंच से हुंकार भरते रहे शाह ने खचाखच भरे पंडाल में कई बार लोगों को जोश दिलाया और भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों से पंडाल गूंजने लगा। उन्होंने लखीमपुर खीरी सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय कुमार मिश्र टेनी को जिताने की पुरजोर अपील की।

## शहर में, मुसीबत बनकर दौड़ रहे ई-रिक्शे

**गोकर्णनाथ खीरी** भगवान शिव की छोटी काशी में जिले व जिले के आपस के श्रद्धालु आते ही रहते हैं। ई-रिक्शा का संचालन तो सहूलियत के लिए शुरू हुआ था, लेकिन ई-रिक्शा यहां मुसीबत बनकर दौड़ रहे हैं। सूत्र बताते हैं की पंजीकरण कर इनके रूट भी तय कर दिए गए, फिर इनकी चाल रूट से हट गई। अब जाम का बड़ा कारण ई-रिक्शा चालकों की मनमानी बनती है।वहीं विकाश चौराहा से लेकर मंदिर के नजदीक, मेला मैदान, बड़ा चौराहा,लखीमपुर रोड पर सुबह से शाम तक ई-रिक्शा का जाल बिछ जाता है। राहगीरों को रास्ता तय करने में दिक्कत होती है। हटने को कहते ही झगड़े पर उतारू हो जाते हैं ई-रिक्शा चालक। यही हाल सनेमा रोड ,और मोहम्मदी रोड,चौड़ी सड़क होने के बावजूद ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से पूरे सड़क पर कब्जा रहता है। दूसरे वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं मिलती, हालात ये कि सुबह से शाम तक जाम रहता है। बड़े चौराहे से मेला मैदान तक तक दर्जनों ई-रिक्शा चालकों का कब्जा चौड़ी सड़क पर देखा जा सकता है। हालत इतनी खराब हैं कि संकरे इलाके में ई-रिक्शा निकालने के दौरान एक साइकिल निकालने की भी जगह नहीं बचती है। शहर में सवारियों के इंतजार में जाम लगाने के अलावा ओवरलोड और हाईस्पीड दौड़ते ई-रिक्शा कई बार पलटकर सवारियों को चोटिल भी कर देते हैं। कई रिक्शे नाबालिग चला रहे हैं। इन पर न तो पुलिस की ही नजर पड़ती है और न ही परिवहन विभाग कोई कार्रवाई करता है।

## धौरहरा लोकसभा में भाजपा और बसपा में जबरदस्त लड़ाई

**●धौरहरा लोकसभा का सबसे चर्चित चेहरा बने श्याम किशोर अवस्थी**

**ब्राह्मण समाज को लामबंद करने में काफी हद तक कामयाब दिख रहे हैं श्याम किशोर**

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर खीरी** धौरहरा लोकसभा मे बसपा द्वारा ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगाने के बाद धौरहरा सीट सबसे ज्यादा चर्चा में है हालांकि श्याम किशोर अवस्थी भारतीय जनता पार्टी में कई जिम्मेदार पदों पर भी रहे हैं इसलिए भाजपा के हर वर्ग के वोट मे जबरदस्त सेंधमारी भी करते नजर आ रहे हैं धौरहरा लोकसभा में ब्राह्मण लगभग साढ़े तीन लाख के आसपास है जैसा की जानकार बताते हैं उत्तर प्रदेश और बिहार मे जाति आधारित चुनाव होते हैं बसपा का कोर वोटर और ब्राह्मण मिला कर संख्या लगभग सात लाख के आसपास होती है तो वहीं दूसरी तरफ बीते दो लोकसभा चुनाव में बसपा दो नंबर की पार्टी रही है जबकि दोनों बार बाहरी प्रत्याशी था वही श्याम किशोर अवस्थी को क्षेत्रीय प्रत्याशी होने का भी लाभ मिल रहा है ब्राह्मणों के अनदेखी और कार्यकर्ताओं से दूरी वर्तमान सांसद के लिए मुश्किल पैदा करती नजर आ रही है।

### गठबंधन प्रत्याशी आनंद भदौरिया भी दिखा रहे दम

समाजवादी पार्टी के आनंद भदौरिया गठबंधन के प्रत्याशी हैं हालांकि कांग्रेस का धौरहरा में कोई ग्राफ नहीं है आनंद भदौरिया सिर्फ अपनी पार्टी के दम पर चुनाव में है इससे पहले दो हजार चौदह में भी आनंद भदौरिया समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी रह चुके हैं उस समय उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी आनंद भदौरिया पूरे ताम झाम के साथ चुनाव मैदान में उतरे थे और पूरी लोकसभा में पैदल यात्रा भी की थी मुस्लिम समाज का एक तरफा वोट आनंद भदौरिया को गया था लेकिन जितना तो दूर दूसरे नंबर की पार्टी भी नहीं बन पाए थे उसके बाद आनंद भदौरिया ने धौरहरा से दूरी बना ली हालांकि 2019 में दिखाई पड़े लेकिन टिकट न मिलने के कारण फिर गायब हो गए इस बार आनंद भदौरिया क्षत्रिय वोटो को अपने पक्ष में करने में कामयाब होते नजर आ रहे हैं लेकिन मुस्लिम वोट अभी समाजवादी पार्टी के साथ खुलकर नहीं नजर आ रहा है शायद इसका कारण बसपा प्रत्याशी की लोकप्रियता है और लगातार बसपा द्वारा भाजपा को चुनौती देना है

### भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा तीसरी बार चुनाव मैदान में

भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार रेखा वर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है बीते दस सालों में रेखा वर्मा का कद और पद दोनों ने ऊंचाई पकड़ी है साथ ही प्रॉपर्टी भी कई गुनी हो गई है अबकी बार चार सौ पार का नारा और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम साथ में श्री राम का सहारा लेकर चुनाव मैदान में रेखा वर्मा से सबसे ज्यादा उनके कार्यकर्ता ही असंतुष्ट हैं रेखा वर्मा पर जनता से दूरी बनाने और कार्यकर्ताओं का फोन ना उठाने का आरोप लगता रहा है साथ ही विकास कार्यो में रुचि ना लेना और आक्रामक शैली भी कुछ हद तक प्रभाव डाल रही है रेखा वर्मा की राह मे इस बार बहुत से कांटे नजर आ रहे हैं पिछली बार ब्राह्मण और ठाकुर ने एक तरफा वोट बीजेपी को दिया था लेकिन इस बार एकमात्र ब्राह्मण प्रत्याशी होने के कारण ब्राह्मणों का रुझान बीएसपी की तरफ नजर आ रहा है और धौरहरा लोकसभा में ब्राह्मणों की संख्या निर्णायक होती है जो लगभग साढ़े तीन लाख के आसपास है वही आनंद भदौरिया ठाकुर समाज के वोटो में जबरदस्त पकड़ बनाए हुए हैं 2019 के आंकड़ों के अनुसार ठाकुर मतदाता लगभग सवा एक लाख है ब्राह्मण और क्षत्रिय मतदाता आमतौर पर भाजपा का वोटर माना जाता था लेकिन इस बार जबरदस्त ध्रुवीकरण से भाजपा का समीकरण बिगड़ता नजर आ रहा है वही ब्राह्मण मजबूती के साथ बसपा प्रत्याशी के साथ खड़ा नजर आ रहा है

### इस बार क्या है माहौल क्या कहते हैं राजनीतिक पंडित

धौरहरा लोकसभा के राजनीतिक पंडितों का मानना है इस बार खेल होता नजर आ रहा है बसपा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी ने सबसे ज्यादा अगर किसी पार्टी का समीकरण बिगाड़ रखा रहा है तो वह है भाजपा वहीं दूसरी और आनंद भदौरिया वोट कटवा बनकर क्षत्रिय समाज के वोटो पर डाका डालते नजर आ रहे हैं मुसलमानों का रुझान भी बसपा की तरफ नजर आ रहा है क्योंकि बसपा ही बीते दो चुनाव में भाजपा को चुनौती देने में कामयाब रही है और इस बार ब्राह्मण प्रत्याशी होने के चलते बदलाव की बयार दिखाई पड़ रही है हालांकि वोटरों में मोदी और योगी के प्रति कोई शिकायत नहीं है लेकिन क्षेत्रीय सांसद के प्रति जबरदस्त आक्रोश नजर आ रहा है बीते समय में पासगंवा में चर्चित रहा चीर हरण कांड भी क्षत्रिय समाज के आक्रोश का कारण है वही मैगलगंज में किसानों पर लाठी चार्ज महिला और बुजुर्ग किसानों को दौड़ा-दौड़ा पीटने का मामला भी चर्चा का विषय है और पसगंवा क्षेत्र में रहे एक पूर्व खंड विकास अधिकारी की कार्यशैली से क्षेत्र के प्रधानों में जबरदस्त आक्रोश है वही प्रधानों का मानना है कि पूर्व में रहे खंड विकास अधिकारी पर सांसद जी का पूरा हाथ था और उनके इशारों पर ही प्रधानों का उत्पीड़न किया गया फिलहाल आने वाले समय में उलट फेर की संभावना ज्यादा है।

## पशुशाला बनकर रह गया लाखों की लागत से बना आंगनबाड़ी केंद्र

**●आंगनबाड़ी केंद्र में लटक रहा ताला और बरामदे में बंधे दिखे कई जानवर**

**ग्रामीणों ने बताया कभी नहीं खुलता आंगनबाड़ी केंद्र और हर तीसरे चौथे माह बांटा जाता है पोषाहार**

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी** विकासखंड नकहा के के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेल्हौरा के ग्राम बिलहरी में सरकार द्वारा लाखों रुपए की लागत से बनवाए गए आंगनबाड़ी केंद्र में हमेशा तला ही लटकता रहता है और इस आंगनवाड़ी केंद्र पर हमेशा जानवर बांधे जाते हैं जिसके चलते यह आंगनबाड़ी केंद्र पशु शाला में तब्दील होकर रह गया है ऐसा ग्रामीणों का आरोप है। एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार जहां बच्चों और गर्भवती धात्री महिलाओं एवं किशोरियों की स्वास्थ्य के प्रति खास सजगता दिखाते हुए सरकार के खजाने का मुंह खोले हुए हैं वहीं विभागीय जिम्मेदारों की खाओ कमाओ नीति और भ्रष्ट आचरण के चलते बाल विकास परियोजना हकीकत के धरातल पर दम तोड़ती नजर आ रही है जिसका जीता जागता उदाहरण विकासखंड निकाह के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बिलौरा के ग्राम बिलहरी में देखा जा सकता है। जहां के ग्रामीणों ने हमारे स्वतंत्र प्रभार संवाददाता को बताया कि यह सरकार द्वारा लाखों की कीमत से बना आंगनबाड़ी केंद्र जब से बना है तब से आज तक इसका ताला नहीं खुला शायद ही एक दो बार खुला हो तो खुला हो। आंगनबाड़ी कार्यकर्ती की मनमानी के चलते इस पर हमेशा तला ही लगा रहता है और अब यह केंद्र जानवरों के बांधने का अड्डा बनकर रह गया है आंगनबाड़ी कार्यकर्ती द्वारा ना तो केंद्र संचालित किया जाता है और ना ही पोषाहार एवं पुष्टाहार का वितरण ही किया जाता है गर्भवती महिलाओं धात्री और किशोरियों तथा नौनिहालों के लिए आने वाले पौष्टिक आहार के खुले आम बिक्री कर ली जाती है। यह पोषाहार हर तीसरे महीने में वितरण कर कोरम पूरा कर लिया जाता है उसमें भी आदि सामग्री दी जाती है तो आदि सामग्री नहीं दी जाती है ऐसा कई महिलाओं का ऑन कैमरा आरोप है। बिलहरी निवासी रामवती ने बताया की कभी भी केंद्र खोला नहीं जाता है कभी कभार आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपने घर पर केंद्र लगातीहैं जब मन कहता है तो नहीं कहता तो नहीं लगाती हैं और किसी को पोषाहार नहीं देती हैं पोषाहार लेने गए रामवती से कई बार उनका विवाद भी हो चुका है। जिसकी शिकायत भी की गई परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। विभागीय लापरवाही के चलते लाखों की लागत से बना आंगनबाड़ी केंद्र जहां पशुशाला में तब्दील हो गया है वही गरीब धात्री महिलाओं किशोरियों के लिए आने वाला पोषाहार दुधारू पशुओं का आहार बनकर रह गया है।

## मोहल्ला मुन्नूगंज वासियों ने किया मतदान का बहिष्कार करने का ऐलान ,रोड नहीं तो वोट नहीं

**●मामला जनपद खीरी के तहसील गोला गोकर्णनाथ के मोहल्ला मुन्नूगंज का है।**

**आखिर कहाँ सो रहा है प्रशासन मुन्नूगंज वासियों के एलान के बावजूद भी प्रशासन नही ले रहा कोई सुध 13 मई को है वोटिंग कुछ ही दिन शेष फिर भी हल नही!**

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर-खीरी।** विधानसभा गोला गोकर्णनाथ खीरी के स्थानीय शहर के कस्बा मुन्नूगंज वासी लोगों ने पुराने रास्ते पर हो रहे अतिक्रमण से परेशान होकर इस लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के समक्ष सुगम रास्ते की मांग रखी है ।अन्यथा इसबर वोट न डालने का फैसला किया है। बताते चलें कि मोहल्ला मुन्नूगंज ,गली नंबर 105, गोला गोकरन नाथ जिला लखीमपुर खीरी का विगत 5 दिनों से हो रहा है वोट न देने का एलान लेकिन प्रशासन अभी तक कोई सुध नही ले रहा है ।क्या प्रशासन को 4000 वोटों की ज़रूरत नही या ये वोटर प्रशासन के लिए अहम नही है। कई बार जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, क़ानूनगों को शिकायत करने और ज्ञापन देने के बावजूद भी नही निकल रहा कोई हल ! मोहल्ला मुन्नुगंज वार्ड नंबर 9 का सुगम रास्ता स्वर्गीय हमीद बेग के घर से नाले के बाईपास तक का रास्ता लगभग 30 वर्षों से ज्यादा समय से बिना किसी अतिक्रमण के आमजन के आवागमन हेतु उपयोग में लाया जाता रहा है ।परंतु स्थानीय प्रॉपर्टी कारोबारी शिवलाल द्वारा कुछ दिनों से अपनी भूमि बताकर उसपर अतिक्रमण किया जा रहा है । स्थानीय निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता अहमद खान का कहना है कि यह रास्ता बंद होने से मोहल्ले के 200 परिवारों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा। क्यों कि और कोई सुगम मार्ग नहीं है जिससे किसी आपात स्थिति में अग्निशमन ,एंबुलेंस या गाडियां मोहल्ले में जा सके ।कुछ मोहल्ले वासियों का कहना है कि शिवलाल ने जब प्लॉट बेचा था तो उन्होंने यह विश्वास दिया था की वो उपयोग में लाए जा रहे रास्ते पर कभी अतिक्रमण नहीं करेंगे । इस विवाद के संदर्भ में स्थानीय निवासियों का यह भी कहना है कि शिवलाल अवैध तरीके से कृषि योग्य भूमि पर प्लॉटिंग कर रहे हैं जिसकी शिकायत प्रशासन को की गई है । वहीं मोहल्ले वासियों ने इस मामले में स्थानीय पुलिस की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए और शिवलाल के पक्ष में दबाव बनाने का आरोप लगाया। मुन्नूगंज वासियों के सैकड़ों परिवारों ने मांग की है की इस मामले में आवश्यक कदम जनप्रतिनिधि और प्रशासन तत्काल उठाए नहीं तो इसबार वोट का बहिष्कार किया जाएगा । समस्त ........निवासीगण मोहल्ला मुन्नूगंज गली 105

# संक्षिप्त ख़बरें

## फाफामऊ सहसों रोड पर हटाये गये अतिक्रमण




**प्रयागराज।** आगामी कुंभ मेले की तैयारी के परिपेक्ष में सड़कों के चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रयागराज को जोड़ने वाली सभी सड़कों के चौड़ीकरण का प्रस्ताव उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया था। जिसमें पखवारे भर पूर्व कई सड़कों की नाप जोख करके अतिक्रमण हटाने की बात आई थी। मंगलवार दिन में फाफामऊ सहसों रोड पर एसडीएम फूलपुर तपन मिश्रा तहसीलदार फूलपुर एवं सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग के साथ लगकर तोडूदस्ता द्वारा सड़क के किनारे बने अवैध मकान दुकान तथा मंदिरों तक को हटा दिया गया। तोडूदस्ते को देख लोग सहमें रहे। परंतु अधिकारियों ने देखते-देखते चिन्हित अवैध मकान तथा मकान को बचाने हेतु बनाई गई मंदिरों तक ध्वस्त कर दिया।

## प्रेक्षकगणों की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों का द्वितीय रैण्डमाइजेशन हुआ संपन्न




**प्रयागराज।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत बुधवार को एनआईसी कक्ष में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 51-फूलपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नियुक्त प्रेक्षक डॉ0 (टीएमटी) बी0 माहेश्वरी एवं 52-इलाहाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉक्टर मानिक गुरसाल, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की उपस्थिति में मतदान कार्मिको का द्वितीय रैण्डमाइजेशन संपन्न हुआ। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा, मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज सिंह, जॉइंट मजिस्ट्रेट अभिनव सिंह, डीआईओ एनआईसी विजय कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## छापेमारी में एक किलो 200 गांजा बरामद



**प्रयागराज।** जनपद के घुरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेड एक्शन विंग को गांजा तस्करी की सूचना मिलते ही घूरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस व रेड एक्शन विंग की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र के दो जगहों पर सोमवार को छापेमारी की गई। छापेमारी दौरान एक किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया। रेड एक्शन विंग के निदेशक सुजीत सिंह व कमिश्नर मनोज चौहान एवं प्रयागराज व मिर्जापुर की टीम छापेमारी दौरान मौजूद रहे। छापेमारी में गांजा बेचते हुए तस्कर को रंगे हाथ पकड़ा गया जामा तलाशी दौरान 1 किलो 200 ग्राम बरामद किया गया। ढ्

## ट्रक से कुचल कर नव युवक की दर्द नाक मौत

**प्रयागराज।** रिश्तेदारी में प्रतापगढ़ से आए युवक की ट्रक से कुचल कर मौत हो गई जिससे रिस्तेदारो और घर वालो में कोहराम मच गया। घटना फूलपुर थाना छेत्रके बरना बाजार के पास की पास की है जहा जय प्रकाश वर्मा उम्र करीब 25 वर्ष को वाहन सं0 UP 72 BP 6854 सुपर स्पेलण्डर से जाते समय टक्कर मार दिया जिससे घटनास्थल बरना बाजार के आगे उग्रसेनपुर रोड, थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज पर ही जय प्रकाश वर्मा उपरोक्त की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के पिता राम जीवन वर्मा पुत्र स्व. जयकरन वर्मा नि0 ग्राम गड़ई चकदेईयाँ, थाना सदर कोतवाली, प्रतापगढ़ ने ट्रक चालक नाम व पता अज्ञात द्वारा तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक ट्रक चलाते हुए घटना में अपने पुत्र की मौत होने की लिखित तहरीर दी जिसके आधार पर थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0 121/2024 धारा 279/304ए भादसं बनाम ट्रक सं0 UP61 T 8681 का चालक नाम व पता अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 श्री राम विनोद यादव को दिया गया। शव के पोस्टमार्टम व पंचायतनामा की कार्यवाही की जा रही है । मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम है, ट्रक मौके पर पकड़ कर पुलिस थाने पर ले आई है।

# एम्बुलेंस असली, मरीज फर्जी जांच में क्यों हो रही देरी

**● - आंकड़ा के अनुसार जिले में प्रतिदिन होता है 700 एक्सीडेंट**

**एम्बुलेंस सरकार से लेती है प्रति फेरा 3300 रूपए**




**स्वतंत्र प्रभात**

**अम्बेडकरनगर।** जिला चिकित्सालय एवं जिले में चल रहे सरकारी अस्पतालों पर एम्बुलेंस असली, मरीज फर्जी का मामला पिछले एक पखवाड़ा से चल रहा है इस मामले को दैनिक समाचार पत्र स्वतंत्र प्रभात की टीम ने उठाया ,परन्तु जिले के अधिकारियों सहित जीवीके कम्पनी द्वारा कार्रवाई में देरी कर रहे है ,यह बात समझ से परे है।

बताना चाहते हैं कि एम्बुलेंस की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार ने कारवाई की रिपोर्ट आज से लगभग 10 दिन पूर्व देने की बात कही परन्तु जब मुलाकात के दौरान जब कुछ सीक्रेट साक्ष्यों को दिखाया गया तो उन्होंने जांच प्रक्रिया को और आगे बढ़ा दिया और जांच की खबर कुछ अन्य मीडिया द्वारा प्रकाशित की गई। जिसमें स्पष्ट हो गया एम्बुलेंस चालक अपने ऊपरी अधिकारियों के दबाव में किस तरीके से फर्जी काल करके मरीजों की संख्या बढ़ाते है और इससे कम्पनी को क्या फायदा होता है अंत में बताते हैं इससे पहले यह जानना जरूरी है स्वतंत्र प्रभात की टीम द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को क्या साक्ष्य दिखाया गया जिसको संज्ञान में लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की टीम ने दूसरे एम्बुलेंस कर्मचारियों के बयान में सही पाया।

### ऊपरी अधिकारियों के दबाव में होता है फर्जी काल

जब स्वतंत्र प्रभात की टीम ने असली एम्बुलेंस में फर्जी मरीज का सत्यापित कर दिया और अन्य एम्बुलेंस जांच में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की टीम ने सही पाया और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यहां तक दावा किया गया प्रत्येक एम्बुलेंस को कम से कम 30 मरीज दिखाना पड़ता है यह जांच तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी की टीम ने किया ,उससे पहले ही मीडिया द्वारा यह चलाया गया और सभी साक्ष्यों साबूत को दिखाया गया फिर भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्य वाही में देरी कर रहे हैं।

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी को साक्ष्य में क्या दिखाया गया

मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मुलाकात के दौरान दिखाया गया किस तरीके एम्बुलेंस अस्पताल से निकलती है कहां रूकती है और मीडिया में क्या अनाप-शनाप बयान करती है, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिखाया गया , अम्बेडकर नगर के प्रोग्राम मैनेजर अमित वर्मा किस तरीके से कह रहे 2017 से पहले इससे भी ज्यादा स्कैम होता था, एम्बुलेंस प्रभारी विनोद मिश्रा अपने कर्मचारियों को बचाने के लिए किस तरीके फोन पर बचाव कर रहे हैं आडियो से ही स्पष्ट हो गया था कि चालक की मजबूरी है फर्जी मरीज दिखाना इतना सब साक्ष्य देने के बाद भी कार्य वाही में देरी क्यों , बसखारी एम्बुलेंस में फर्जी केस करवाते हुए आडिटर अभय खुद गाड़ी पर मीडिया के निगाह में आये थे,यह सब साक्ष्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिखाया गया है और अब भी बात करने में मुख्य चिकित्सा अधिकारी बता रहे अभी जांच पूरी होने में एक दो दिन का समय लगेगा।

### एम्बुलेंस कम्पनी भी इन बड़े अधिकारियों में क्यों कार्यवाही करने में कर रही आनाकानी

बताना चाहते हैं इसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आलावा जीवीके कम्पनी से बकायदा वार्ता किया गया और सारे साक्ष्य कम्पनी के व्हाट्सएप्प नम्बर पर उपलब्ध कराया गया और कम्पनी ने जल्द कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया फिर भी अभी कम्पनी के तरफ से अभी भी कोई कार्रवाई नहीं की गई, यह भी सोचने वाली बात कही इसके पीछे किसी सफेदपोश का हाथ तो नहीं है।

### आखिर क्यों कराई जाती है फर्जी काल और कम्पनी को कितना फायदा

कुछ समाचार पत्रों ने यह दावा किया गाड़ी के फेरों की संख्या कम से कम तीस करनी होती है यह कम्पनी का टारगेट होता है परन्तु एम्बुलेंस चालकों के अनुसार यह संख्या 35 से 40 के बीच में होती है जबकि हकीकत मरीज 4-5 का एवरेज रहता है फिलहाल हम मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुसार बताने जा रहे हैं कम्पनी एम्बुलेंस से अम्बेडकर से कितना फर्जी धन लूट कर ले जाती है। जिले में 102 और 108 की कुल 56 एम्बुलेंस हैं जिससे 26 की संख्या में 108 और उतनी ही संख्या में 102 है , वर्तमान रिकार्ड से हटकर थोड़ा पीछे ले जा रहे हैं विगत वर्ष तराई के जिलों में ऐसे मामलों का खुलासा हुआ था और देश के टाप टेन के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर आंकड़ा बताया गया, उसमें जो आंकड़ा बताया गया था उसके अनुसार 108 एम्बुलेंस प्रति फेरा सरकार से 3300 वसूल करती है और एक गाड़ी 30 एक्सीडेंट के केस को अस्पताल पहुंचाती है अब सवाल यह उठता है जब एक एम्बुलेंस 30 केस के आस पास करती है। 108 के 26 एम्बुलेंस मिलाकर लगभग 700 से 800 एक्सीडेंटल केस हैंडल करती है यह सोचने वाली बात है जिस जिले में 700 से 800 एक्सीडेंट रोज हो उस जिले की हालत क्या होगी जबकि चालकों के अनुसार 4-5 केस ओर्जिनल होते हैं यह आंकड़ा छोटे बड़े और रेफर की संख्या मिलाकर है ,अगर एम्बुलेंस चालक द्वारा बताये गये ओर्जिनल केस की संख्या और मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा फेरो की संख्या पर बात की जाए तो प्रत्येक 108 एम्बुलेंस गाड़ी अपने कम्पनी को लगभग प्रतिदिन 80,000 रूपए फर्जी तौर पर देती है इसका जीता जागता उदाहरण है अगर 700 एक्सीडेंट प्रतिदिन हो कितने की मृत्यु हो सकती है और हां-हांकार मच सकता है यह आंकड़ा केवल 108 एम्बुलेंस सेवा की है जैसे ही 102 एम्बुलेंस का आंकड़ा मिलता है हम शीघ्र ही बतायेंगे।

फिलहाल सभी साक्ष्य उपलब्ध कराने के बाद भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जीवीके कम्पनी बड़े स्तर के कर्मचारियों के ऊपर कार्यवाही करने में देरी कर रही है यह अपने आप में एक प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

## सी ओ चकबंदी ने कब्जा परिवर्तन के दौरान मौके पर सुनी समस्याएं

**स्वतंत्र प्रभात**




**फूलपुर।प्रयागराज।** फूलपुर विकास खंड के कोड़ापुर गांव में लंबे समय से चल रही चकबंदी प्रक्रिया के बाद अब कस्तकारों के चको को चकबंदी टीम द्वारा नाम करके उन्हे कब्जा परिवर्तन के दौरान कब्जा दिलाया जा रहा है उक्त कब्जा परिवर्तन की प्रक्रिया कैसे चल रही है कस्तकारों को कोई समस्या तो नही हो रही है इसकी हकीकत जानने के लिए मंगलवार को सी ओ चकबंदी फूलपुर द्रुतीय मनीष कुमार अपने टीम के साथ चकपरिवर्तन के लिए हो रही चको के नाप जोख के स्थल पर पहुंच कर कास्तकारो और चकबंदी अधिकारियों और कर्मचारियों से बात चीत करके समस्यायों का निस्तारण कराए अधिकांस कास्तकारों ने बताया की चकबंदी प्रक्रिया कोड़ा पुर में बिल्कुल सही ढंग से हो रही है किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है ।जिन कास्तकारो की भूमि जहां पर अभिलेखों में दी गई है उसे चकबंदी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा उसी स्थान पर नाप जोख करके दिया जा रहा है इससे कास्तकार और ग्रामीणों के साथ चकबंदी समिति संतुष्ट है। मौके पर सी ओ चकबंदी फूलपुर द्रुतीय मनीष कुमार के साथ ,चकबंदी कानून गो कल्पनाथ ,कानून गो धर्मराज यादव,लेखपाल राय साहब यादव,लेखपाल,रवि कुमार पाल,लेखपाल प्रताप बहादुर लेखपाल शैलेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में कास्तकार उपस्थित रहे।

## पति सास ससुर देवर सहित पांच लोगो के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** आवेदिका गुड्डी देवी पत्नी श्री ज्ञानचन्द्र पटेल निवासी ग्रा0 उदयीपुर,ने थाना फूलपुर, में अपने पति सास ससुर देवर सहित पांच लोगो के विरुद्ध दहेज उद्पीड़न का मुकदमा कायम कराया। आवेदिका अपने भाई देवेन्द्र पटेल पुत्र गंगाराम पटेल नि0 ग्राम गोपालापुर थाना बहरिया जनपद प्रयागराज के उपस्थित थाना आकर एक प्रार्थना पत्र खुद के बाबत आवेदिका के ससुरालीजन द्वारा प्रताड़ित करना तथा दहेज में अतिरिक्त 03 लाख रूपये की माँग करना, मना करने पर बाल पकड़कर घसीटकर मारना पीटना, गाली गलौज करना, जान से मारने की धमकी देना व वादिनी के देवरों द्वारा वादिनी का ब्लाउज फाड़ देने के सम्बन्ध में दिया। जिसके आधार पर थाना फूलपुर पर मु0अ0सं0 120/2024 धारा 498ए/323/504/506/354ख भा0द0वि0 बनाम 1. सास फूलवन्ती देवी पत्नी स्व0 शमशेर बहादुर 2. फूलचन्द्र पटेल पुत्र स्व0 शमशेर बहादुर 3. ज्ञानचन्द्र पटेल पुत्र स्व0 शमशेर बहादुर 4.प्रेमचन्द्र पटेल पुत्र स्व0 शमशेर बहादुर 5. लालचन्द्र पटेल पुत्र



स्व0 शमशेर बहादुर निवासीगण ग्राम उदयीपुर थाना फूलपुर जनपद प्रयागराज के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

## प्रयागराज को विकास के उच्च शिखर तक पहुंचाना पहली प्राथमिकता. ।उज्जवल रमण सिंह

**स्वतंत्र प्रभात**

**कोराव, प्रयागराज।** आज समूचा प्रयागराज एवं यहां की जनता पिछले 10 साल के कार्यकाल से अपने को ठगा महसूस कर रही है। जहां एक तरफ दूसरे बड़े महानगर औद्योगिक क्षेत्र में, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में, खेल जगत में, बेहतर स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से निरंतर आगे बढ़ा रहा है वही अपना प्रयागराज इन सब चीजों में बहुत ही पीछे है। अतः इस बार प्रायगराज को आगे तक ले जाना और विकास के उच्च शिखर पर पहुंचाना पहली प्राथमिकता होगी। उक्त बातें पूर्व मंत्री एवं गठबंधन प्रत्याशी कु. उज्जवल रमण सिंह द्वारा प्रचार प्रसार के दौरान उपस्थित युवाओं एवं महिलाओं को बतलाते हुए कही।



उन्होंने कहा कि महंगाई का स्तर इतना बढ़ गया है कि मध्यमवर्गीय परिवार से संबंध रखने वाला व्यक्ति परेशान है। इसी क्रम में सरकार द्वारा किसी भी भर्ती को सही ढंग से पूर्ण नहीं कराया जा रहा है। जिसके कारण लगातार बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। अभी हाल में संपन्न हुई नीट की परीक्षा भी सफल रही परीक्षा से पूर्व ही प्रश्नपत्र लीक हो गए आखिरकार इसमें प्रतियोगी छात्रों की क्या गलती है।विपक्ष पार्टी इस बार अपने को हारता देख नाना प्रकार के हथकंडे अपना रही है आप सभी देवता तुल्य मतदातागण को डरना नहीं है बल्कि मतदान के दिन ज्यादा से ज्यादा हाथ के पंजे पर बटन दबाकर विजयी बनाने का संकल्प लें। पूर्व प्रधान शिवप्रसाद मिश्र (श्प्रधान) सोमदत्त पटेल, तेज बहादुर सिंह,किताब अली, माशूक अहमद, विजय केसरी,पुष्पराज यादव, पुष्पराज भूर्तिया, लवकुश कुमार,प्रमोद पयासी, पुष्पराज सिंह, धनुष सिंह,रामगोपाल सिंह, शिब्बू सिंह, देवीदीन पाल, रामदेव निडर, रुस्तम खान, लल्लन पटेल, दीपक पटेल, रविंद्र जैसल, बबलू गुप्ता, चौधरी गुप्ता, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मतदाता जागरूकता हेतु क्रास कन्ट्री रेस का किया उद्घाटन

**● - मण्डलायुक्त ने सभी खिलाडियों एवं अधिकारियों को दिलायी शपथ।**



**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज में मतदाता जागरूकता 10 कि0मी0 क्रास कन्ट्री रेस पुरूष एवं महिला प्रातः 6.00 बजे अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, म्योहाल से विजय विश्वास पंत-मण्डलायुक्त द्वारा सभी खिलाडियों एवं अधिकारियों को शपथ दिलाकर हरी झण्डी दिखाकर दौड़ का उद्घाटन किया तथा सभी खिलाडियों को दिनांक 25 मई, 2024 को अपने स्वयं के मत तथा अपने परिवार एवं गांव से शत प्रतिशत वोट डालने के लिए कहा गया। उक्त प्रतियोगिता महाराणा प्रताप चौराहा (म्योहाल), धोबी घाट चौराहा, एकलव्य चौराहे से बाये ओर प्रधान डाक घर से होते हुए पत्थर गिरजा घर चौराहा से सुभाष चौराहा, सिविल लाइन हनुमान मन्दिर चौराहा, मेडिकल चौराहा, सी.एम.पी डिग्री कालेज चौराहे से बाए जार्ज टाउन थाना होते हुए बालसन चौराहा से बाए इण्डियन प्रेस चौराहा से होते हुए चन्द्रशेखर आजाद पार्क के गेट नं0 03 पर समाप्त हुई। इस प्रतियोगिता में 256 पुरूष एवं 102 महिला कुल 358 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया,। सभी खिलाडियों का पुरस्कार वितरण मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त का मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बुके देकर एवं संदीप गुप्ता, क्रीडा अधिकारी म्योहाल द्वारा बैज लगाकर तथा मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त एवं प्रेक्षक का बुके तथा अरविन्द सोनकर, उप क्रीडा अधिकारी एवं देवी प्रसाद उप क्रीड़ाधिकारी द्वारा बैज लगाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर आयुकट पी.एन. सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक एवं एल. बी. मौर्य उप जिला विद्यालय निरीक्षक बृजेश श्रीवास्तव, सचिव जिला खेल कूद प्रयागराज नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। प्रतियोगिता इन निर्णायको सत्येन्द्र सिंह, आशीष यादव, श्संजय कुमार सिंह, जयराम सिंह, संजय कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार गुप्ता, सुश्री श्रेया सिंह, प्रवीण जायसवाल, अंकित तिवारी, द्वारा तथा देवी प्रसाद उप कीडाधिकारी की देखरेख में सम्पन्न करायी गयी तथा सभी अतिथियों का श्रीमती विमला सिंह, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# राजस्थान के 14 श्रद्धालु रेस्टोरेंट में खाना खाने के बाद हुए बीमार

**● - राजस्थान से आए श्रद्धालु वृंदावन में हुए फूड पॉइजनिंग का शिकार**



फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए श्रद्धालु।

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** राजस्थान से आए श्रद्धालु दूषित खाद्य पदार्थ खाने से फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। श्रद्धालुओं को उल्टी दस्त की शिकायत हुई। जिसके बाद उन्हें वृंदावन के जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी श्रद्धालुओं की हालत खतरे से बाहर है। राजस्थान के चूरू और सीकर से श्रद्धालुओं का एक दल मथुरा वृंदावन घूमने आया था। करीब डेढ़ सौ लोगों के इस दल के सदस्य मथुरा के थाना गोविंद नगर इलाके की बिरला मंदिर के समीप बिरला धर्मशाला में रुके। जहां इनकी तबीयत सोमवार की देर रात खराब हो गई। बिरला धर्मशाला में रुके श्रद्धालुओं में से 25 लोगों ने मंगलवार की रात को पास ही स्थित एक रेस्टोरेंट पर खाना खाया। जिसमें उन्होंने पनीर की सब्जी भी खाई। यह श्रद्धालु खाना खा कर धर्मशाला पहुंचे। जहां देर रात इनकी तबीयत खराब होना शुरू हो गई। वही श्रद्धालुओं को उल्टी, दस्त और पेट में दर्द की शिकायत हुई। रात को स्थानीय स्तर पर दवा ली, लेकिन जब मंगलवार की सुबह तक कोई फायदा नहीं हुआ तो इनमें से 13 महिलाओं सहित 14 श्रद्धालुओं को इलाज के लिए वृंदावन स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय लाया गया। जहां इन सभी को भर्ती कर लिया गया। जिला संयुक्त चिकित्सालय में लाए गए श्रद्धालुओं में 60 वर्षीय बेतासी, 45 वर्षीय ओम कुमार, 50 वर्षीय मंजू देवी, 60 वर्षीय सरला देवी, 37 वर्षीय सरोज ठाकुर, 75 वर्षीय सूर्या, 70 वर्षीय सविता, 80 वर्षीय भानु, 65 वर्षीय आनंदी, 50 वर्षीय गीता और 50 वर्षीय बाल कुमारी हैं। इन सभी को अस्पताल में भर्ती करा लिया गया। जिला संयुक्त चिकित्सालय लाए गए श्रद्धालुओं का डॉक्टरों ने इलाज किया। अस्पताल के चिकित्सक शशि रंजन ने बताया कि इन सभी ने पनीर खाया था। जिसके बाद सभी की तबीयत खराब हो गई। फिलहाल किसी की हालत गंभीर नहीं है।

### खाद्य विभाग की टीम पहुंची धर्मशाला

बिरला मंदिर धर्मशाला में फूड प्वाइजन की शिकायत मिलने और लोगों के बीमार होने की सूचना पर खाद्य विभाग की टीम धर्मशाला पहुंची। वहां तैयार खिचड़ी तथा जलेबी का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया है।

# पैक्ड दूध, दही पर 'एक्सपायरी डेट' देख कर ही खरीदें

**● - जिला अस्पताल एवं बाल शिशु ग्रह की किचन का औचक निरीक्षण किया**



खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम कार्यवाही करते हुए।

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** पैक्ड, दूध दही खरीदने से पहले पैकेट पर एक्सपायरी डेट जरूर देखें। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से लोगों को इस ओर ध्यान देने और जागरूक रहने के लिए कहा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिला अस्पताल एवं बाल शिशु ग्रह की किचन का औचक निरीक्षण खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक डॉ. गौरी शंकर तथा जिला प्रोविशनरी अधिकारी विकास चंद्र के साथ खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा बाल शिशु ग्रह तथा किशोर सुधार ग्रह में दिखाए जा रहे भोजन तथा भोजन निर्माण में प्रयुक्त खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दौरान रसोई घर तथा स्टोर रूम में साफ सफाई समुचित पाई गई। गुणवत्ता की जांच के लिए बेसन, अरहर दाल, गेहूं का आटा के नमूने संग्रहित किए गए तथा रसोइयों को खाना बनाते समय स्वच्छता बढ़ाने के निर्देश दिए गए। टीम द्वारा जिला महिला चिकित्सालय की कैंटीन तथा जिला चिकित्सालय मथुरा की कैंटीन का निरीक्षण किया गया गुणवत्ता की जांच के लिए मरीजों को खिलाने के लिए तैयार रोटी, गेहूं आटा एवं दाल के सैंपल जांच के लिए संग्रहित किए गए। साथ ही संबंधित इंचार्ज को दूध एवं खाद्य पदार्थ क्रय समय एक्सपायरी डेट का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। गए। टीम मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसपी तिवारी तथा दलवीर सिंह ,देवराज सिंह,अरुण कुमार एस एस निरंजन खाद्य सुरक्षा अधिकारी, गजराज सिंह उपस्थित रहे।

# नंदगांव बरसाना में कुकुरमुत्तों की तरह उग रहीं अवैध कॉलोनियां

**● - नियम विरूद्ध विकसित की जा रहीं कॉलोनियां बनी एमवीडीए के लिए सिरदर्द**



एमवीडीए की जेसीबी अवैध कॉलोनी पर कार्यवाही करते हुए।

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** धार्मिक पर्यटन में लगातार हो रही वृद्धि से मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन के बाद नंदगांव बरसाना में बसने का रुझान लोगों में बढा है। जमीनों की कीमतों को पर लग गये हैं। यहां जमीन या मकान खरीदना कर छोड देने का चलन भी बढ रहा है। तमाम ऐसे लोग है जो यह चाहते हैं कि उनके नाम पर ब्रज में कुछ हो। इसके चलते अनियमित विकास बड़ी समस्या बनकर उभरा है। बरसाना व नंदगांव में में दो अवैध कॉलोनी को तोड़ा गया। लगभग 8000 वर्ग मीटर क्षेत्र में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। दोनों कॉलोनी का निर्माण श्री बांके बिहारी व राजपाल के द्वारा किया जा रहा था। जिसके विरुद्ध प्राधिकरण द्वारा कार्यवाही की गई। उत्तर प्रदेश नगर योजना विकास अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। दोनों कॉलोनाइजर इसके बाद भी कॉलोनी विकसित करते रहे। दोनों के द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। जिस कारण से प्राधिकरण के ओएसडी के द्वारा अवैध कॉलोनी के विरुद्ध गिरने के आदेश पारित किए गए। विकास करता के द्वारा अवैध रूप से काटी गई कॉलोनी को स्वयं नहीं हटाया गया और न ही कोई समन प्लान प्रस्तुत किया। जिसके फल स्वरुप स्थल पर बनाई गई सड़क बिजली के खंभे नाली मकान को तोड़ा गया। वहीं दूसरी अवैध कॉलोनी के विरुद्ध पदम और रणवीर के द्वारा लगभग 15000 वर्ग मीटर क्षेत्र में अवैध कॉलोनी का कार्य किया जा रहा था। इनको भी प्राधिकरण द्वारा आज तोड़ा गया दोनों कॉलोनी के विरुद्ध प्राधिकरण के ओएसडी प्रसून द्विवेदी के द्वारा ध्वस्त करने के के आदेश पारित किए गए थे जिसके क्रम में कार्रवाई की गई। प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी ने कहा है कि अवैध कॉलोनी अवैध निर्माण पर कार्रवाई लगातार की जाती रहेगी। कार्रवाई के दौरान बरसाना थाने की पुलिस वी प्राधिकरण का प्रवर्तन का स्टाफ अवर अभियंता दीप शिखर गुप्ता मनीष तिवारी स्थल पर उपस्थित थे।

# सरकारी गेहूं खरीद केंद्र पर दो महीने में हुई 'एक कुंटल' खरीद

**-गेहूं की कम खरीद पर एक प्रभारी निलंबित, 20 नोटिस जारी**

**-तीन दिन में प्रदर्शन सुधारने के दिया गया है अंतिम अवसर**

**मथुरा।** सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं खरीद की रफ्तार धीमी है। हालांकि इस बार क्रय केन्द्रों कटाई शुरू होने से पहले ही खुल गये थे। जब खरीद की बात आई तो ये केन्द्र फिसड्डी साबित हो रहे हैं। गेहू क्रय केंद्रों पर तेज़ी से खरीद बढ़ाने के निर्देश के बावजूद कम गेहूं खरीद करने वाले क्रय केंद्रों में एक क्रय केंद्र प्रभारी को निलंबित किया गया। क्रय केंद्र प्रभारी पीसीएफ मिठौली के केंद्र प्रभारी लाखन सिंह को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही न्यूनतम खरीद करने वाले 20 क्रय केंद्रों को नोटिस जारी करते हुए अगले तीन दिनों में गेहूं खरीद में वृद्धि हेतु अंतिम अवसर दिया गया है। नोटिस प्राप्त करने वाले क्रय केंद्रों में एक एक केंद्र खाद्य विभाग और पीसीयू के है और शेष 18 केंद्र पीसीएफ के हैं। अब सर्वाधिक गेहूं खरीदने वाले केंद्र संचालक को प्रति सप्ताह 2500 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जिला खाद्य विपणन अधिकारी संतोष कुमार यादव ने बताया कि मिठौली केंद्र पर खरीद के दो महीने बीत जाने के बाद मात्र एक कुंटल की खरीद की गई है। जनपद को इस साल 9300 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला था। इसके लिए 89 सरकारी क्रय केन्द्र खोले गये हैं। लक्ष्य के सापेक्ष खरीद की रफ्तार बहुत धीमी है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## राजमहल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से नवयुग प्रगतिशील मोर्चा के उम्मीदवार मुंसी किस्कु ने नामांकन पत्र खरीदा



**राजमहल-** नवयुग प्रगतिशील मोर्चा राजमहल लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह से कमर कस चुकी हैं। बुधवार को पार्टी उम्मीदवार मुंसी किस्कु ने पत्र खरीदने के साथ ही 11 मई को नामांकन दाखिल करने का ऐलान कर दिया है।नवयुग प्रगतिशील मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष साकिर अहमद जी ने राजमहल लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील किया कि अपना बहुमूल्य वोट देकर समाजसेवी एवं निष्ठावान उम्मीदवार मुंसी किस्कु जी को संसद सदस्य बनाकर संसद भेजने का कष्ट करेंगे।मोके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव उमर अंसारी, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष शयमल कांत साहा,उस्मान गनी मौजूद थे।

## पाकुड से हज यात्रियों का जत्था मक्का मदीना के लिए रवाना



**पाकुड़-** मक्का मदीना जाना धर्म करना सही रास्ते पर चलना घूमना फिरना सभी इस्लामियों को पसंद है !सऊदी अरब में स्थित मक्का और मदीना जाना हर मुसलमान का सपना है, हर वर्ष लाखों की संख्या में देशभर के मुसलमान वहां जाते है, हज सफर के लिए पाकुड़ जिला से हाजियों का जत्था बुधवार को बालूघाट ट्रेन से कार्योडीह लिट्टीपाड़ा, हिरणपुर, पाकुड़ से कोलकाता के लिए रवाना हुआ। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कद्दावर नेता समद अली एवं अन्य हाजी को हज पर जाने वाले को विदाई किया। पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर हज पर जाने वाले यात्रियों के रिश्तेदार दोस्त के अलावे शहर के लोग भी मौजूद रहे। लोगों ने हज यात्रिज्ञयों से हज के दौरान देश में अमन शान्ति व खुशहाली के लिए दुआ करने की अपील की। इस बार झारखण्ड - बिहार के सभी हज यात्री कोलकाता से उड़ान भरेंगे। 8 मई को जद्दा के लिए उड़ान भरेंगे। मुल्क की सलामती, अमन की दुआ की दरख्वास्त के साथ रुखसती। समद अली को छोड़ने स्टेशन पहुंचे अजीजुल इस्लाम, नारायण भगत, मो0 मनोबर आलम, विकास साहा, कमलेश साहा, शाहिद इक़बाल, दौलत मोमिन, इशहाक अंसारी मुसलु द्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

## निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त होने वाले वाहनों के संग्रह स्थल का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**साहेबगंज झारखंड-** लोकसभा आम चुनाव -2024 नामांकन प्रक्रिया उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह -उपायुक्त, हेमंत सती ने वाहन कोषांग कार्यों की समीक्षा कर पोलिंग पार्टी के आवागमन हेतू वाहनों का संग्रह स्थल का निरीक्षण किया।उपायुक्त द्वारा निरीक्षण के क्रम में पुलिस लाईन मैदान में बना रहे वाहन संग्रह स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अनुमंडल पदाधिकारी साहेबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू,जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप , मोटर यान निरीक्षक, विजय गौतम उपस्थित रहे।

## भारतीय जनता पार्टी चैनपुर मंडल के शक्ति केंद्र बिंदोरा मे सभा का आयोजन

**चैनपुर-** भारतीय जनता पार्टी चैनपुर मंडल के शक्ति केंद्र बिंदोरा में शक्ति केंद्र प्रभारी दिलीप जी, विधान विधानसभा प्रभारी श्रीकांत प्रजापति, विधानसभा संयोजक विनोद साहू के नेतृत्व में पथ सभा का आयोजन किया गया। दिलीप जी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश चौमुखी विकास कर रहा है। इस 10 वर्ष के कार्यकाल में मोदी जी ने हम लोगों का चौमुखी विकास किया आज तक कोई भी प्रधानमंत्री जिस कार्य को नहीं कर पाया था उसे मोदी जी ने कर दिखाया। अतः हम लोगों को 13 मई को कमल फूल के निशान पर बटन दबाकर भारी से भारी मतों से समीर उरांव जी को जिता कर मोदी जी के हाथ को मजबूत करना है। से कि हमारा देश चौमुखी विकास कर सके हमारी स्वयं सभ्यता और संस्कृति की रक्षा हो सके। हमारा देश गुलाम ना हो। इस अवसर पर बुधराम नायक नीरज शर्मा राजशरण भगत विनय केसरी रुकमणी देवी चंद्र किरण देवी संगीता देवी मंजूषा देवी कौशल केसरी शाहिद सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# गठबंधन सरकार खजाना ख़ाली होने का रोना रोती है और मंत्री के पीएस के नौकर करोड़पति- लखन उरांव

स्वतंत्र प्रभात

कैरो/लोहरदगा/झारखंड- कैरो भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल अध्यक्ष लखन उरांव ने गठबंधन सरकार पर हमला बोला अध्यक्ष श्री उरांव ने चुनावी पार्टी कार्यालय में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा झारखण्ड सरकार जो जल, जंगल और जमीन के नाम पर झारखंडवासियों को बरगलाने का करता है वो आज अवैध जमीन कारोबार के मामले में जेल में बंद है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व में भारत आज विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। आजादी के बाद लगभग सात दसक तक कांग्रेस की सरकार केंद्र में था।उस समय देश की स्थिति किसी से छुपा नहीं है, जब से भाजपा की सरकार बनी है विकास की ओर भारत बढ़ता जा रहा है। यदि आदिवासी बहुल राज्य झारखण्ड की बात करें तो डबल इंजन की सरकार में रघुवर दास जी के नेतृत्व में किसानों के लिए मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना के तहत प्रत्येक वर्ष प्रति एकड़ पांच हजार रुपए मिलता था। एक रुपये में महिलाओं को जमीन का मालिकाना हक देने का काम हो रहा था जब झारखण्ड में गठबंधन की सरकार बनी हेमंत सोरेन ने सभी योजनाओ को बंद कर दिया। क्या यही है आदिवासी हितैषी ? प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रत्येक तीन महीने में दो हजार रुपए साल में छः हजार रुपए किसानों को देकर सम्मानित करने का काम मोदी जी ने किया है। गठबंधन सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री जेएमएम सुप्रीमो अपने चुनावी घोषणा पत्र में बीए पास छात्रों को पांच हजार और एमए पास को सात हजार देने का झूठा वादा किया। सरकार बनने के बाद झारखण्ड के पढ़े लिखे युवाओ को मुर्गी और सुवर पालने के लिए कहता है। गठबंधन सरकार हमेशा खजाना खाली है बोलकर ठगते रहा है और इनके मंत्रियों के नौकरों के घरों में करोड़ो रूपये नगद मिलना क्या है ये आदिवासी समुदाय का कभी विकास नही करना चाहते। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने महिलाओं को सम्मान के लिए गैस चूल्हा, शौचालय, पांच लाख तक मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड,बेहतर शिक्षा के लिए मॉडल एकलव्य विद्यालय,कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, का स्थापना जनधन योजना और आने वाले पांच साल 2028 तक फ्री राशन देने की शुरुआत हो चुका है। महत्वकांक्षी



योजना प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबो के लिए वरदान साबित हुआ है वहीं हेमंत सोरेन और चंपई सोरेन की सरकार ने बालू खनन पर रोक लगा कर बालू माफियाओं से अवैध तरीके से रुपए उगाही करने का प्रचलन तेजी से हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक को बालू की रकम तीन गुना ज्यादा देना पड़ रहा है। ट्रैक्टर मालिक,चालक व मजदूर पुलिसकर्मियों की खौफ से त्राहि त्राहि हो रहे हैं। गठबंधन सरकार में सबसे अधिक शोषण,दुष्कर्म एवं अत्याचार आदिवासियों पर हुआ है। जनता को निर्णय लेने का समय आ गया है, जनता जवाब देगी।

# हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने ली हर हाल में मतदान करने की शपथ

● लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने और किसी प्रलोभन में प्रभावित नहीं होने का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग-** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के प्रशिक्षुओं ने बुधवार को मतदान अवश्य करने की शपथ ली। इस मौके पर प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने बी.एड. और डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। साथ ही कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करना ही चाहिए। वैसे भी मतदाताओं के लिए मताधिकार का प्रयोग करना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। प्रशिक्षुओं ने शपथ ली कि वह अपने देश के लोकतंत्र की परंपराओं के मर्यादा को अक्षुण्ण रखेंगे और मतदान के लिए जाति, धर्म, भाषा अथवा किसी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित नहीं होंगे। प्रशिक्षुओं ने मतदान के लिए दूसरे लोगों को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके अलावा शिक्षण सहायक सामग्री निर्माण कौशल में दूसरे दिन डॉ मीरा कुमारी के नेतृत्व में जल संरक्षण, वर्षा कुमारी के नेतृत्व में विज्ञान आधारित तथा स्नेहलता खलखो के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुरक्षा पर आधारित कौशल विकास कराया गया। मौके पर आईक्यूएसी की को-ऑर्डिनेटर डॉ बसुंधरा कुमारी, सहायक प्राध्यापिका डॉ पुष्पा सिंह, डॉ पुष्पा कुमारी, कुमारी अंजलि, रचना कुमारी, सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार, जगेश्वर रजक, महेश प्रसाद, अशोक कुमार सिन्हा, गुलशन कुमार, एसएस मैती, दिलीप कुमार सिंह, संदीप खलखो, डॉ अनुरंजन कुमार, संदीप कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केंद्रों की 4D कैमरा के माध्यम से वेबकास्टिंग

● जीपीएस ट्रैकिंग के माध्यम से इवीएम का आवागमन करने वाले वाहनों पर रखी जायेगी नजर

मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान कर ससमय करें मतदान कार्य से मुक्त

स्वतंत्र प्रभात



**राँची-** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केंद्रों पर 4ष्ठ कैमरा के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। इस वेबकास्टिंग पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के साथ भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से मानिटरिंग की जानी है। इस बार के मतदान में मतदान केंद्र के अंदर एवं बाहर दोनों ओर के फीड पर विभिन्न स्तरों से मानिटरिंग की जाएगी। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वह बुधवार को निर्वाचन सदन में सभी जिलों में वेबकास्टिंग,जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट हेतु गठित सेल के नोडल पाधिकारियों के साथ वीडियो कॉनफेन्सिंग के माध्यम से जिलों में निर्वाचन संबंधित चल रही तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान ससमय करते हुए उसे मतदान कार्य से मुक्त करें। वाहन के प्रबंधन में सभी जिलों के पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। किसी प्रकार के संशय की स्थिति में मुख्यालय में गठित वाहन प्रबंधन कोषांग से विमर्श कर निर्णय लें। उन्होंने कहा कि वाहनों के प्रबंधन में इस बात का ध्यान रखें कि निर्वाचन के दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी सुगमता से बहाल रहे। उन्होंने चालकों की खुराकी, पेट्रोल पम्प मालिकों को एडवांस पेमेंट, वाहन मालिकों को एडवांस पेमेंट आदि विषयों पर जिलों में किये जा रहे कार्य को लेकर वाहन प्रबंधन की समीक्षा की। साथ ही इन सब का वीएमएस पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर इवीएम पहुंचाने वाले वाहनों में जीपीएस लगाकर इसकी मानिटरिंग करने एवं संधारण गृह में इवीएम के संधारण के उपरांत ही जीपीएस को हटाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश सहित मुख्यालय एवं जिला स्तर पर गठित वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# बरही चौक पर ओबीसी कांग्रेस ने अंबा प्रसाद का किया स्वागत

● जेपी पटेल के पक्ष में वैश्य समाज के बीच पहुंचीं अंबा

स्वतंत्र प्रभात



**बरही-** ओबीसी कांग्रेस बरही प्रखंड कमेटी की ओर बरही चौक पर बडकागांव विधायक अंबा प्रसाद का स्वागत किया गया। इस मौके पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला, कांग्रेस के एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा भी मौजूद थे। दरअसल यहां से बाद में कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल का बरही प्रखंड में भ्रमण व जनसंपर्क का कार्यक्रम भी शुरू हुआ। इसी क्रम में ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता की पहल से आयोजित वैश्य समाज के कार्यक्रमों में विधायक अंबा प्रसाद पहुंचीं और लोगों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने सभी महिलाओं की समस्या भी सुनी। बड़कागांव विधायक अंबा ने कहा कि हमारे खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा जो अत्याचार किया जा रहा है, उसका जवाब हमारे समाज के लोग कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल को भारी संख्या में मतदान करके लेंगे। हजारीबाग लोकसभा की प्रगति के लिए अबकी बार जमीन पर परिवर्तन का माहौल है। वैश्य समाज किसी पार्टी विशेष के अधीन नहीं है, पिछले दस सालों में जनता समझ चुकी है कि मोदी सरकार आम लोगों की नहीं, सिर्फ धन्नासेठों, उद्योगपतियों की है।अंबा प्रसाद ने इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद वैश्य समाज की महिलाओं से भी संवाद किया। इस दौरान वैश्य समाज के प्रमुख लोगों ने अंबा प्रसाद को प्रत्याशी के पक्ष में बढ़ चढकर समर्थन देने का वचन दिया। इस दौरान कार्यक्रम में बीस विधायक प्रतिनिधि छठू गोप, जिला सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर उदय केसरी, ओबीसी कांग्रेस के महासचिव सुनील साहू, प्रखंड अध्यक्ष राजू राणा, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष मनोहर यादव, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक सिंह, यमुना यादव, सिंघरावां पंचायत अध्यक्ष नरेश साव, शरीफुल हक, सुशील केसरी, प्रमोद, पूर्वी पंचायत अध्यक्ष मनोज रविदास , सुनील दास, सुधीर रजक, सोनी देवी, उर्मिला देवी, चंचला देवी, आशा देवी, पूनम देवी, सरिता देवी, बीरेन्द्र यादव, बहादुर राणा, गोपाल विश्वकर्मा, महेन्द्र साव सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

# वर्षा से धूप की प्रखरता एवम गर्मी से लोगों को मिली थोड़ी राहत

● बारिश से सब्जी व आम फसल को होगा लाभ

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** बीते मंगलवार की रात्रि को हुई वर्षा से लोगों को कड़ी धूप व उमस भरी गर्मी से कुछ राहत मिली। जबकि भीषण ताप से मुरझाती लतादि व सब्जियों, खीरा, ककड़ी के अलावे आम को लाभ होने की बात कही जा रही है। हालांकि बीते साल के बनिस्पत इस बार आम की फसल में कमी आई है।

वर्षा होने से किसान प्रसन्न हैं और उनका कहना है कि बारिश से फिलहाल क्षति नहीं होगी। बारिश होने से घास भी निकलेगा जिससे मवेशियों को चारा मिलेगा। वर्षा होने से वृक्ष हरे-भरे दिख रहे हैं और प्राकृतिक सौंदर्य में निखार से लोग हर्षित हैं। बताते चलें की 6 मई को पाकुड़िया के आकाश में घने बादल छाए रहने व मंद-मंद शीतल पवन चलने से लोगों



को सुकून मिलता दिखा। वहीं मंगलवार की रात 10 से 11 बजे के बीच हुई बारिश से लोग काफी प्रसन्न देखे गये।

# अन्नदा उच्च विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई कविगुरु रबींद्रनाथ टैगोर की163वीं जयंती, छात्रों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** अन्नदा उच्च विद्यालय हजारीबाग में भारत के महान कवि, लेखक, नाटककार, दार्शनिक, संगीतकार व शिक्षाविद् तथा कविगुरु रबींद्रनाथ टैगोर की 163वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनायी गई। अनुष्ठान की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक दशरथ माहतो ने किया। जबकि उक्त अनुष्ठान में विद्यालय के नवम् वर्ग के विद्यार्थियों में लक्की कुमार गिरी, नितिन कुमार, आकाश कुमार, नंदन कुमार, पियूष कुमार, राज रौशन सिंह, अंकित कुमार, रूद्र विश्वकर्मा, गौरव कुमार, सागर कुमार एवं दशम वर्ग विद्यार्थियों में अंशु कुमार, युवराज प्रसाद, नीतेश कुमार, प्रिंस कुमार राना, आयुष कुमार सोनी, सूरज कुमार एवं दीपक कुमार नें कविगुरु के जीवन परिचय, साहित्यिक जीवन, शिक्षा, साहित्यिक जीवन, एक अभिनेता के रूप में टैगोर के कार्यकाल, उनकी सर्वश्रेष्ठ कहानियाँ, ब्रिटेन में गुरुदेव, कलाकार टैगोर, विज्ञान में दिलचस्पी, आल्बर्ट आइन्स्टाइन से लेकर गांधी जी तक, रवीन्द्रनाथ ठाकुर की कृतियाँ, गीतांजलि का अंग्रेजी अनुवाद, विश्व भ्रमण, शांतिनिकेतन की स्थापना, सम्मान, जलियाँवाला बाग कांड की निंदा एवं किस बीमारी से हुआ था गुरुदेव का निधन आदि विषयों पर भाग लेकर अनुष्ठान को सफल बनाया।

विद्यालय के शिक्षक उदयन दत्ता नें एक कविता पाठ एवं एक रवींद्र संगीत प्रस्तुत किया। अन्य शिक्षकों में से डॉ. साकेत कुमार पाठक, रमानाथ दास गोस्वामी, देबादित्तो गुप्ता भी रवींद्र संगीत प्रस्तुत किए। बताया गया कि दो बार हजारीबाग आए थे गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर विषय पर शिक्षक राना चेतन प्रताप नें बहुत विस्तार पूर्वक चर्चा की। मंच संचालन भूगोल के शिक्षक अनुप कुमार पांजा ने किया। वहीं मंच संचालन के दौरान उन्होंने दामोदर शेठ, क्षांतोबुढ़िर दीदिशाशुरी, चाष कोरि आनोन्दे, प्रश्न, छुटि आदि कविता का सस्वर पाठ कर अनुष्ठान को और रोचक बनाया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक उदयन दत्ता ने किया। मौके पर अन्य शिक्षकों में गौतम साहा, देबाशीष माहतो, सिद्धार्थ माहतो, काटूलाल माहतो, प्रदीप भारद्वाज, तपन सरकार, शम्भू राणा, पिंटू गोप आदि उपस्थित थे।

# चोरदाहा, दैहर व झापा पंचायतो में पूर्व विधायक ने बैठक व जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में मांगा वोट

● मोदी के हाथों में ही संविधान सुरक्षित है, राष्ट्रहित में भाजपा को वोट करें- मनोज यादव

स्वतंत्र प्रभात



**चौपारण-** बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में जनसम्पर्क अभियान चलाया। चोरदाहा, दैहर व झापा पंचायतों में शक्ति केंद्र प्रमुख व कार्यकर्ताओं संग बैठक कर भाजपा को जिताने का संकल्प लिया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी की लोकप्रियता ने ही उनको टिकट दिलवाया। राष्ट्रहित के लिए भाजपा को वोट करें। विपक्ष जनता को बरगलाने का काम कर रही है। संविधान की रक्षा मोदी जी ही कर सकते है। मोदी जी जो कहते हैं वो जरूर करते हैं। यही मोदी की गारंटी है। मनीष जायसवाल जी भारी मतों से जीत रहे है आप भी इसका गवाह बनें और भाजपा को वोट करें।

इस दौरान जिप सदस्य राकेश रंजन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरुप पासवान, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, सुखदेव पासवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत सिंह, महामंत्री आशीष सिंह, कैलाश पांडेय, जनमेजय सिंह, अर्जुन सिंह, विजय पांडेय, देवकुमार दाँगी, सुरेश दाँगी, मन्नू सिंह, बासुदेव दाँगी, बिनोद भोक्ता, केदार यादव, गोपाल भुइयाँ, रतन भुइयाँ, अंगीरा देवी, सरिता देवी, बिनय रजक, चोरदाहा में मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार यादव, सुरेन्द्र पांडेय, जय प्रकाश पोद्दार सहित अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# जिला मंत्री एवं सहसंयोजक की उपस्थिति में विहिप बजरंग दल की बैठक हुई संपन्न

● नई नगर इकाई का किया गया पुनर्गठन

स्वतंत्र प्रभात



**मधुपुर, देवघर, झारखंड-** बीते बुधवार को बजरंग दल मधुपुर नगर समिति ने स्थानीय रामचंद्र बाजार हटिया रोड स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में जिला मंत्री विक्रम सिंह एवं जिला बजरंग दल सहसंयोजक प्रकाश गुप्ता के उपस्थिति में बैठक कर सर्वसम्मति से मधुपुर नगर का पुनर्गठन किया। इस पुनर्गठित इकाई में कुमार कार्तिक को बजरंग दल नगर संयोजक, सनी कुमार को सहसंयोजक, करण कुमार लाल को गोरक्षा प्रमुख, अजीत कुमार ठाकुर को सह गौ रक्षा प्रमुख, सूरज कुमार रवानी को मिलन केंद्र प्रमुख, राज मंडल को नगर बालोपासना प्रमुख, रवि शंकर एवं दिनेश यादव को प्रचार प्रसार प्रमुख सह प्रमुख, संतोष यादव को विद्यार्थी प्रमुख, सूरज कुमार साह को सेवा प्रमुख, निखिल कुमार को सह सेवा प्रमुख, एवं वार्ड नंबर 19 में रुद्र नील चटर्जी को वार्ड संयोजक, राहुल कुमार दास को सहसंयोजक, वार्ड नंबर 6 में अभिषेक कुमार को संयोजक व देवांश गुप्ता को सहसंयोजक बनाए गए। जिला मंत्री विक्रम सिंह ने सभी नवीन दायित्वान कार्यकर्ता को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि राष्ट्र धर्म एवं संस्कृति की रक्षा हेतु बजरंग दल की स्थापना हुई है। बजरंग दल का ध्येय सेवा, सुरक्षा और संस्कार है जिसे हम सभी बजरंगी जन-जन तक ले जाकर हिंदुत्व को मजबूत करने का कार्य करेंगे। जिला मंत्री श्री सिंह ने कहा कि विहिप बजरंग दल ही एकमात्र संगठन है जो जिले में बढ़ रहे गो तस्करी, लव जिहाद, धर्मातरण, लैंड जिहाद जैसे घिनौना कृत्य को जो रोक रहा है और रोकता रहेगा।

वहीं बजरंग दल के जिला सहसंयोजक प्रकाश गुप्ता ने भी सभी दायित्वों कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए तन मन धन से देश और धर्म के प्रति कार्य करने को कहा मौके पर बजरंग दल जिला सहसंयोजक प्रकाश गुप्ता पूर्व नगर संयोजक बंटी हरि सहसंयोजक विवेक राजकुमार समेत दर्जनों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# चौपारण प्रखंड में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने चलाया जनसंपर्क अभियान

स्वतंत्र प्रभात



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने चौपरान प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान लोगों से इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के लिए लोगों से समर्थन मांगा। ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता की पहल पर आयोजित विधायक अंबा प्रसाद के इस दौरा कार्यक्रम के दौरान संतोष रजक के नेतृत्व में सिंघरावां मोड पर, मतीन खान के अगुवाई में बजरंग चौक पर , वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र साव में अगुवाई में चौपारण, कांग्रेस नेता बीरबल साव के अगुवाई में साहू भवन चौपारण,कांग्रेस पंचायत सचिव नरेश साव के आगूवई में सिंघरावॉ मंदिर के समीप जोरदार स्वागत किया गया।

इस दौरान दोपहर के वक्त दीपक गुप्ता के आवास पर विधायक अंबा प्रसाद ने सभी प्रमुख कांग्रेस जनों के साथ भोजन भी किया। साथ ही लोक सभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा भी की। भोजन के पश्चात अंबा प्रसाद ने सिंघरावा में महिलाओं के बीच संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुनी। साथ ही कांग्रेस के नारी न्याय के बारे में बताते हुए कहा की कांग्रेस सता में आई तो गरीब परिवार की एक महिला को एक लाख सालाना दिया जाएगा। उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा की प्रगति के लिए अबकी बार जमीन पर परिवर्तन का माहौल है। वैश्य समाज किसी पार्टी विशेष के अधीन नहीं है, पिछले दस सालों में जनता समझ चुकी है कि मोदी सरकार आम लोगों की नहीं, सिर्फ धन्नासेठों, उद्योगपतियों की है। मौके पर यूवा अनुमंडल अध्यक्ष बीरबल साव, उपप्रमुख प्रीति गुप्ता,राजेश कुमार, एससी जिला कार्यकारी अध्यक्ष, जिला सचिव विकास गुप्ता, समाजसेवी महेंद्र साव, जीप सदस्य भरत साव,राजेश कुमार, नरेश साव,पिंटू शर्मा, केशरी नायक, किशोर साव, बहादुर राणा, बिरेंद्र यादव,देवलाल साव, गोपाल विश्वकर्मा, लालेश साहू,अशोक सिंह, प्रकाश कुमार, पिंटू कुमार, हरेंद्र कुमार,अमित कुमार, ओमकार कुमार, संहसा खान,किरण देवी, पुतुल देवी, बसंती देवी, सदाम खान, कैलाश साव, नईम खान, अनिसुल, साजिद, महेश कुमार, महावीर साव सहित कई लोग मौजुद थे।

# चैनपुर के कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र के मरवा जंगल से पुलिस ने सड़ा गला शव किया बरामद

● मजिस्ट्रेट यादव बैठक की उपस्थिति में शव को गड्ढे से निकलवाया गया

स्वतंत्र प्रभात



**चैनपुर-** चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मरवा गांव के जंगल से जमीन में गाड़ा हुआ सड़ा गला शव को कुरूमगढ़ पुलिस ने बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को मरवा गांव के कुछ ग्रामीण जंगल में पशु चराने गए थे। इस दौरान जंगल से काफी बदबू आने लगी लोगों ने वहां जाकर देखा तो किसी के शव होने की आशंका हुई। इसके बाद इसकी सूचना कुरूमगढ़ थाना को दी गई कुरूपगढ़ थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार चेतन दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। इसके बाद बुधवार को मजिस्ट्रेट चैनपुर वीडियो यादव बैठक की उपस्थिति में शव को गड्ढे से खुदवा कर निकलवाया गया।

शव की पहचान थाना क्षेत्र के संतोष कुमार महतो उर्फ फौजी ( 22 ) के रूप में की गई। मृतक के पिता मनोज महतो ने बताया कि मेरा बेटा भी होली के दिन से गायब है इसी तरह का कपड़ा पहना था इस आधार से यह संतोष हो सकता है। संतोष होली मनाने के लिए अपने चाचा के घर मरवा गांव आया था। जहां होली के दिन 25 मार्च को सामने अपने दोस्तों के साथ सोने जाने की बात कह कर घर से निकाला व उसके बाद लौट के वापस नहीं आया। इसके बाद परिजन अपने स्तर से काफी खोजबीन किया लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया है। कुरूपगढ़ थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार चैतन्य बताया कि मंगलवार की शाम ग्रामीणों से जानकारी मिली थी। जिसके बाद शव को गड्ढे से निकलवा कर जांच के लिए भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकता है। पुलिस मामले की जांच में छूट गई है।

# सरकारी नौकरियाँ बनाम निजी नौकरियाँ - एक तुलना

सरकारी क्षेत्र बनाम निजी क्षेत्र की तुलना एक बहस का विषय है जो कभी न खत्म होने वाला विषय प्रतीत होता है। प्रशासन के इन दोनों रूपों में से किसी एक के पक्ष में खड़ा होना बहुत मुश्किल है क्योंकि दोनों के अपने-अपने फायदे और कुछ सीमाएँ हैं। इस भ्रम के पीछे का कारण अज्ञात नहीं है, लेकिन बहुत स्पष्ट है, क्योंकि दोनों अलग-अलग तरीकों से दायरे प्रदान करते हैं और उनकी अपनी सीमाएं हैं। किसी विशेष क्षेत्र में नौकरी से संतुष्टि इस बात पर निर्भर करती है कि कोई व्यक्ति अपनी नौकरी से कितना संतुष्ट है और इन दोनों के लिए अलग-अलग लोगों के अलग-अलग विचार होते हैं। हमारे देश में शुरू से ही सरकारी नौकरियों की सबसे अधिक मांग रही है और ज्यादातर लोग प्राइवेट नौकरी में अपने करियर को जोखिम में डालने के बजाय सरकारी नौकरी करना पसंद करते हैं। जैसे-जैसे समय बीतता गया, आधुनिकीकरण और वैश्वीकरण के साथ कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने हमारे देश में प्रवेश किया है जो अन्य भत्तों के साथ-साथ आकर्षक पैकेज भी प्रदान करती हैं और इस प्रकार युवाओं को लुभाती हैं जो कभी-कभी अपनी सरकारी नौकरी छोड़कर ऐसी कंपनियों में प्रवेश कर जाते हैं। कुछ साल पहले, जब हमारे माता-पिता कॉलेजों से पास हुए थे, उस समय उनके लिए ज्यादा विकल्प नहीं थे और अपनी योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन करना ही एकमात्र विकल्प था। और वर्तमान समय में परिदृश्य में बदलाव आ रहा है, आज हमें सरकारी नौकरियों के अलावा भी कई अवसर मिल सकते हैं। आम तौर पर सरकारी नौकरियों में राज्य सरकार, नगर निगम सरकार और केंद्र की नौकरियां शामिल होती हैं। सरकारी बैंकों, पब्लिक स्कूलों, प्रशासन आदि में नौकरियाँ सरकारी नौकरियों का हिस्सा हैं। और निजी नौकरियों में आम तौर पर गैर सरकारी संगठन, बहुराष्ट्रीय कंपनियां, आईटी क्षेत्र और आईटीई और एकमात्र मालिक कंपनियां शामिल हैं। ये नौकरियाँ कैसे प्राप्त करें? दोनों प्रकार की नौकरियों में बहुत अंतर है जो या तो वेतनमान, कार्य वातावरण या किसी अन्य रूप में हो सकता है। अन्य सभी क्षेत्रों की तरह इन दोनों नौकरियों के लिए भी आवेदन प्रक्रिया के आधार पर अंतर हैं। सरकारी नौकरी सरकार के लिए आवेदन करने वालों को कई बातों का ध्यान रखना पड़ता है। आमतौर पर, सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन पत्रों में जारी होने की तारीख निश्चित होती है, और ये उम्मीदवार के लिए आवेदन करने के लिए एक विशिष्ट समय अवधि के साथ आते हैं। इसलिए सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को इन तारीखों को ध्यान में रखना होगा। आम तौर पर, सरकारी नौकरी पाना थोड़ा कठिन होता है, क्योंकि किसी विशेष रिक्ति के लिए कई उम्मीदवार आवेदन करते हैं, और आमतौर पर ये नौकरियां अखिल भारतीय स्तर पर खुली होती हैं, और पूरे देश से उम्मीदवार आवेदन करते हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा कठिन हो जाती है। इसलिए उन परीक्षाओं की अच्छी तैयारी की जरूरत है। सरकारी नौकरी श्रेणी में आईएएस, बैंकिंग, राज्य सेवा और यूपीएससी की नौकरियां बहुत लोकप्रिय हैं और बहुत से उम्मीदवार इन परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के लिए पूरे वर्ष अध्ययन करते हैं और प्रतियोगिता काफी कठिन होती है। उन परीक्षाओं को पास करने के लिए उम्मीदवारों को नियमित रूप से अध्ययन करने और बुनियादी सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर्स और तर्क कौशल आदि से खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है। और एक बार जब कोई उम्मीदवार लिखित परीक्षा पास कर लेता है, तो उसे एक स्क्रीनिंग साक्षात्कार से गुजरना पड़ता है जो नौकरी पाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सरकारी नौकरी का मुख्य लाभ नौकरी की सुरक्षा को माना जा सकता है। मूल रूप से, किसी सरकार में, यदि आप अपना काम अच्छी तरह से कर रहे हैं, तो आपको किसी सहकर्मी या वरिष्ठ के साथ कुछ छोटे-मोटे मुद्दों के कारण अपनी नौकरी खोने का कोई डर नहीं है, और इसमें पेंशन का अतिरिक्त लाभ भी शामिल है और कई छुट्टियाँ. लेकिन यह एक सच्चाई है कि कार्य संरचना और कार्यसूची जनता के बीच हैसेक्टर थोड़ा सुस्त रहेगा। अगर आप बार-बार बदलाव पसंद करने वाले व्यक्ति हैं तो सरकारी नौकरी आपके लिए उबाऊ हो सकती है। आम तौर पर, लोग अधिक पेशेवर नहीं होते हैं क्योंकि नौकरी की सुरक्षा का कारक हमेशा उनके दिमाग में रहता है। इसलिए सरकारी कार्यालयों में आलस्य का माहौल है जो बहुत उबाऊ साबित हो सकता है। प्राइवेट नौकरी चूंकि निजी क्षेत्र जनता के लिए हर तरह से बिल्कुल अलग है, इसलिए अंतर निजी क्षेत्र की नौकरियों के लिए चयन प्रक्रिया में भी है। निजी क्षेत्र में प्रवेश करना, निजी क्षेत्र में नौकरी पाने का एक वास्तविक पेशेवर तरीका है। ऐसे कोई परीक्षा फॉर्म नहीं हैं जिन्हें चयन प्रक्रिया में शामिल होने से पहले भरने की आवश्यकता हो। यहां आपको हर समय परीक्षा नहीं देनी पड़ती है, लेकिन हां अगर यह ऑन-कैंपस जॉब इंटरव्यू है, तो आपको एक परीक्षा और समूह चर्चा से गुजरना होगा। अधिकांश कंपनियां स्नातकों की भर्ती करती हैं और उनके रवैये, तकनीकी कौशल और कार्य करने की क्षमता की जांच करती हैं। आमतौर पर निजी क्षेत्र की चयन प्रक्रिया सरकारी प्रक्रिया की तुलना में बहुत तेज होती है, जिसके परिणाम घोषित होने में कई महीने लग जाते हैं, यहां अवसर भी बहुत बड़ा है। नौकरी न मिलने तक लोग हर दिन साक्षात्कार की तलाश कर सकते हैं। निजी क्षेत्र में, सब कुछ एक व्यक्ति के प्रदर्शन के आधार पर चलता है, जब तक आपके पास नौकरी की मांग नहीं होती है और प्रदर्शन स्तर से बाहर होने पर आपको अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। ऐसी भी संभावना है कि जब मांग कम हो या कंपनी गंभीर घाटे में हो तो आप निजी क्षेत्र की नौकरी खो सकते हैं। यहां प्रतिस्पर्धा भी बहुत है और प्रतिभा भी मौजूद है, इसलिए प्राइवेट सेक्टर की नौकरी बरकरार रखने के लिए आपको अपने कौशल से हमेशा अपडेट रहना होगा और आपकी ग्रोथ भी आपके प्रदर्शन पर निर्भर करती है। निर्णय लेने के लिए उल्लेखनीय बिंदु असमंजस में हैं कि किस रास्ते पर जाएं? आपको तैयारी शुरू करने से पहले अच्छी तरह से अपना मन बना लेना होगा, क्योंकि दोनों की तैयारी प्रक्रिया वास्तव में एक दूसरे से अलग है। अपनी तैयारी शुरू करने से पहले यह तय कर लें कि आप अपने जीवन में क्या चाहते हैं, पैसा या आराम (विश्राम) अगर आपका जवाब पैसा है तो निजी क्षेत्र में जाएं और यदि आप एक स्थिर करियर चाहते हैं तो सरकारी नौकरी सबसे अच्छा विकल्प है। कुछ अन्य बिंदु भी हैं जिनका आपको ध्यान रखना होगा- यह तय कर लें कि आप कुछ सालों बाद खुद को कहां देखना चाहते हैं, अगर आप महत्वाकांक्षी हैं और जीवन की सीढ़ियां तेजी से चढ़ना चाहते हैं तो सरकारी नौकरी आपके बस की बात नहीं है। यदि आप तेजी से सीखते हैं और विकास आपका जुनून है तो बस निजी क्षेत्र की ओर जाएं। यदि आप कम वेतन के साथ भी शांति से जीवन जीना चाहते हैं, तो सरकारी नौकरी चुनें क्योंकि सरकारी विभाग में कोई लक्ष्य या बड़ी परियोजना नहीं होती है और न ही ऐसे कोई बड़े मुद्दे होते हैं, क्या आप देर से चल रहे हैं, हालांकि, आप निजी तौर पर ऐसी उम्मीद नहीं कर सकते हैं। नौकरी, जहां कार्य कुशलता और गति वास्तव में योग्य हैं। सरकारी नौकरी का मुख्य लाभ मन की शांति है जबकि नुकसान में वेतन, शालीनता, अवांछित नौकरी के स्थान, उच्च नौकरशाही आदि शामिल हैं। आपकी निजी क्षेत्र की नौकरी में, सब कुछ आपके प्रदर्शन पर आधारित है, आप धीमी गति से काम करना चुनते हैं तो आपका बोनस भी उसी गति से आता है, हालाँकि, यदि आप अपने काम में तेज़ हैं, तो आपकी पदोन्नति भी होती है। निजी क्षेत्र में आपकी मेहनत सीधे तौर पर आपके विकास पर निर्भर करती है। निजी नौकरी का मुख्य नुकसान अत्यधिक कार्यसूची और बॉसवाद हो सकता है, लेकिन अंत में इसका लाभ मिलता है, यदि आप कार्यभार ले सकते हैं तो इसमें कोई संदेह नहीं है कि कंपनी आपके लिए सब कुछ करेगी।ओ कृपया बदले में आपको। जब भी किसी को कोई अच्छा ऑफर मिलता है तो उसे आसानी से नौकरी बदलने की आजादी होती है। निजी क्षेत्र में आपका विकास हमेशा आपके हाथ में है। अंततः, यह व्यक्ति की मनःस्थिति ही है जो किसी भी कार्य को अच्छा या बुरा बनाती है। भगवान ने हर व्यक्ति को अलग-अलग स्वभाव और विशेषताओं के साथ बनाया है, जो चीज़ मेरे लिए उपयोगी है वह आपके लिए बेकार हो सकती है या इसके विपरीत। इसलिए किसी एक विकल्प को चुनने से पहले व्यक्ति को अपनी आवश्यकताओं, रुचियों और क्षमता पर गौर करना होगा। सरकारी और प्राइवेट नौकरियों के फायदे और नुकसान सरकारी नौकरी- सरकारी नौकरी के विभिन्न फायदे और नुकसान हैं- लाभ स्थिरता [illegible] पेंशन जैसे लाभ नौकरी की सुरक्षा काम या अध्ययन से इतर समय ढेर सारी छुट्टियाँ तुलनात्मक रूप से कम दबाव लम्बी अवधि की नौकरी नुकसान धीमी वृद्धि कम वेतन कमाई की संभावना सीमित नियंत्रण का निम्न स्तर आलसी कार्य वातावरण कड़ी मेहनत का कोई मूल्यांकन नहीं कठिन चयन प्रक्रिया सरकारी नौकरी- प्राइवेट नौकरी के विभिन्न फायदे और नुकसान हैं- लाभ तेज़ चयन प्रक्रिया ज्यादा तनख्वाह त्वरित विकास का अवसर कड़ी मेहनत का मूल्यांकन तेज गति वाली कार्यशैली काम करने का अच्छा माहौल आपका काम ही आपका विकास तय करता है नुकसान कठिन प्रतियोगिता नौकरी की कोई सुरक्षा नहीं बढ़िया काम का बोझ काम का समय काफी ज्यादा है कोई पेंशन या ऐसा कोई लाभ नहीं बहुत कम छुट्टियाँ सरकारी नौकरियों के प्रति उम्मीदवारों को क्या प्रभावित करता है? सरकारी नौकरियों ने हमारे देश में नौकरी की तलाश कर रहे अधिकांश उम्मीदवारों को हमेशा प्रभावित किया है। परंपरागत रूप से, सरकारी नौकरियों को भी सुरक्षित माना जाता है, जिसमें नौकरी छूटने का कोई खतरा नहीं होता है या बहुत कम होता है, खासकर जब निजी क्षेत्र में नौकरी के अवसर नहीं थे। साथ ही सरकारी वर्ग के अंतर्गत मंदी के कारण नौकरी जाने का डर भी नहीं रहता है। एक समय था जब हमारे देश में केंद्र और राज्य दोनों सरकारें सबसे बड़ी नियोक्ता थीं, लेकिन अब परिदृश्य बदलता दिख रहा है। ऐसा माना जाता था कि सरकारी नौकरी मिलने से उनका या उनके बच्चों का जीवन अधिक सुरक्षित हो जाएगा क्योंकि सरकारी क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद नौकरी छूटने का कोई डर नहीं होता। फिर भी, सरकारी नौकरियों में परंपरागत रूप से निजी नौकरियों की तुलना में कई सुविधाएं दी जाती हैं। निजी क्षेत्र की बजाय सरकारी नौकरी चुनने के कुछ नौकरी लाभ और कारण यहां दिए गए हैं। पेंशन, जो भविष्य के लिए आकर्षण और सुरक्षा में से एक है। वित्तीय सेवाएँ, जैसे व्यक्तिगत ऋण, संबंधित विभाग द्वारा कम ब्याज दर पर दी जाती हैं जहाँ कर्मचारी काम कर रहा है और कम दस्तावेज़ीकरण शुल्क भी। पदोन्नति और वेतन वृद्धि निर्दिष्ट अंतराल पर कर्मचारियों को तत्काल सामाजिक मान्यता/स्थिति प्रदान करती है। उच्च पदों के लिए अक्सर बेजोड़ प्रशासनिक शक्ति और सुविधाएं आवश्यक होती हैं। नौकरी छूटने के खिलाफ अपेक्षाकृत मजबूत प्रतिरक्षा और मंदी का कोई प्रभाव नहीं अधिक आरामदायक, अनुकूल कार्यशैली निजी नौकरियों के प्रति उम्मीदवारों को क्या प्रभावित करता है? आज देश में रोजगार उपलब्ध कराने में निजी क्षेत्र की मजबूत हिस्सेदारी है। निजी क्षेत्र असीमित विकास अवसर के साथ अधिकतम संख्या में रोजगार के अवसर प्रदान करता है। यह किसी भी विकासशील या विकसित देश के लिए सत्य है। निजी क्षेत्र की नौकरियाँ, भले ही नौकरी की सुरक्षा की गारंटी नहीं देती हैं, कुछ वास्तव में बड़े भुगतानों के साथ उच्च कैरियर संभावित विकास के अवसर प्रदान करती हैं, जो अब तक निजी क्षेत्र की नौकरियों की लोकप्रियता के साथ-साथ उनके द्वारा पैदा की जाने वाली भारी मांग का सबसे बड़ा कारण है। निजी क्षेत्र कोई नौकरी सुरक्षा प्रदान नहीं करता है, लेकिन फिर भी, उम्मीदवार अक्सर अपनी तेज़ गति के कारण निजी क्षेत्र में रोजगार का विकल्प चुनते हैंआधुनिक भर्ती प्रक्रियाएँ. मुख्य लाभ यह है कि, निजी क्षेत्र में, विभिन्न चयन तकनीकों द्वारा सच्ची प्रतिभा को पहचाना और खोजा जाता है और सर्वोत्तम लोगों के लिए विकास का प्रावधान भी होता है। निजी क्षेत्र की नौकरी में विकास की असीमित संभावनाएं हैं और आप स्वयं अपनी विकास गति निर्धारित करते हैं। निजी क्षेत्र की नौकरियों के कुछ बुनियादी तथ्य हैं- चयन प्रक्रिया सभी आवेदकों के लिए समान अवसर प्रदान करती है और सभी को प्रदर्शन करने का समान अवसर मिलता है। कोई पक्षपात या निरंकुशता नहीं है. यह सरकारी क्षेत्र के विपरीत है, जहां चयन अक्सर वरिष्ठता या किसी विशेष एजेंसी में किसी को जानने के आधार पर किया जाता है। चयन से पहले साक्षात्कार और विचार-मंथन के माध्यम से सच्ची प्रतिभा का पता चलता है। उच्च प्रारंभिक वेतन और उच्च विकास के अवसर। तेज़ गति वाली कार्यशैली और वातावरण कर्मचारियों को उच्च कार्य संतुष्टि और अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा देते हैं।

# अमेठी में क्या है कांग्रेस का मास्टर प्लान

चर्चा में लोगों को कांग्रेस भले ही कमजोर दिखाई दे रही हो लेकिन इस बार कांग्रेस बड़े ही प्लानिंग के साथ चुनाव में उतरी है। कांग्रेस की प्लानिंग में गहराई है। उत्तर प्रदेश की अमेठी और रायबरेली ऐसी लोकसभा सीट हैं जिन्होंने गांधी परिवार को बहुत प्यार दिया है। लेकिन फिर भी 2019 के चुनाव में राहुल गांधी चुनाव हार गए थे। उन्हें भारतीय जनता पार्टी की स्मृति ईरानी ने हराया था। राहुल ने दो जगह से चुनाव लड़ा था और वह वायनाड से चुनाव जीत गए थे। लेकिन इस बार वह फिर से उत्तर प्रदेश में आ गए हैं। और उन्होंने अमेठी न चुनकर रायबरेली को अपनी सीट चुना। और अमेठी से गांधी परिवार के विश्वासपात्र रहे किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतार दिया। लोगों की निगाह में यह बड़ा ही आश्चर्यजनक था। लेकिन कांग्रेस की रणनीति को लोग समझ नहीं पा रहे थे।

नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के अंतिम समय पर यह घोषणा हुई कि राहुल गांधी रायबरेली से और किशोरी लाल शर्मा अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस पार्टी 2019 के चुनाव में स्मृति ईरानी से राहुल गांधी को मिली हार को भुला नहीं पाई है। पार्टी सूत्रों की मानें तो यह काफी पहले निश्चित हो गया था और जानबूझकर सस्पेंस बरकरार रखा गया। जिसमें भाजपा और स्मृति ईरानी भी अटकलें लगातीं रहीं लेकिन जब सच्चाई सामने आई तो मामला कुछ और ही निकला। दरअसल जो ग्राउंड रिपोर्ट आ रही है उसके हिसाब से स्मृति ईरानी की स्थिति इस बार अमेठी में ठीक नहीं है। क्यों कि जिन नारों और वादों के साथ स्मृति ईरानी ने पिछला चुनाव जीता था अमेठी की जनता मानती है कि वह पूरे नहीं हुए। और जिस तरह राहुल गांधी अमेठी से दूर रहते थे उसी तरह स्मृति ईरानी भी अमेठी से दूर ही नजर आई।

रायबरेली सोनिया गांधी की सुरक्षित सीट थी लेकिन इस बार सोनिया राज्यसभा से चुन कर संसद पहुंच गई और रायबरेली को उन्होंने राहुल गांधी के लिए छोड़ दिया। अमेठी से कांग्रेस के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा गांधी परिवार के बहुत ही विश्वासपात्र हैं। राहुल गांधी की अनुपस्थिति में किशोरी लाल शर्मा ही अमेठी का सारा कार्य देखते थे और इस तरह वे अमेठी की जनता से बहुत ही करीब से जुड़े थे। किशोरी लाल अमेठी के स्थानीय नेता हैं और अमेठी की गली गली को वह जानते हैं। लोगों में उनकी अच्छी पहचान बनी हुई है। चाहते तो राहुल इस बार फिर से अमेठी से चुनाव लड़ सकते थे क्योंकि पिछले चुनाव से इस चुनाव में अमेठी में कांग्रेस की स्थिति ज्यादा मजबूत थी। लेकिन कांग्रेस अपने प्लान के तहत एक कार्यकर्ता से स्मृति ईरानी को हराना चाहती है। यदि राहुल वहां से खड़े होते और जीत जाते तब यही होता कि वह तो कांग्रेस और राहुल की परंपरागत सीट थी। लेकिन यदि किशोरी लाल शर्मा चुनाव जीत गए तो यह स्मृति ईरानी के लिए बहुत बड़ी बात होंगी। क्यों कि आज के समय में स्मृति ईरानी को भारतीय जनता पार्टी की बड़े नेताओं में गिनती होती है।

अमेठी में यदि 1998 के चुनाव को हटा दिया जाए तो 1967 से 2014 तक अमेठी में कांग्रेस का ही परचम लहराया है। 1998 में डा. संजय सिंह (भाजपा ) ने कैप्टन सतीश शर्मा (कांग्रेस ) को हराया था। इससे पहले डा. संजय सिंह भी कांग्रेस में थे और कुछ समय पहले ही कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए थे। भाजपा ने उन्हें अमेठी से प्रत्याशी बना दिया और वह चुनाव जीत गए। इसके बाद केवल स्मृति ईरानी ही 2019 में भाजपा से चुनाव जीती हैं। गांधी परिवार की बात करें तो राजीव गांधी ने अमेठी को अपनी परंपरागत सीट बनाया था। राजीव गांधी यहां से चार बार सांसद चुने गए। 1999 में सोनिया गांधी यहां से चुनाव लड़ीं और जीत हासिल हुई और उसके बाद तीन बार राहुल गांधी अमेठी से लगातार सांसद चुने गए। 2019 के लोकसभा चुनाव में जब स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को हराकर था तो वह लोकसभा चुनाव के हिसाब से हार जीत का बहुत बड़ा अंतर नहीं था। स्मृति ईरानी यह चुनाव 55120 मतों से जीतीं थीं। लेकिन हार तो हार होती है भले ही वह एक वोट से क्यों न हो।

अमेठी से राहुल को मिली हार कांग्रेस को बहुत चुभी और पांच साल तक कांग्रेस ने इस हार पर कोई वक्तव्य नहीं दिया और अमेठी की जनता का जनादेश स्वीकार किया। लेकिन इस हार की टशन तो बहुत थी। और इसके लिए चुनाव से पहले ही जब सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए चुनी गई तभी से रणनीति तैयार होने लगी थी। कांग्रेस ने रायबरेली और अमेठी में प्रत्याशी की घोषणा में जानबूझकर देरी की क्यों कि उनकी प्लानिंग को समय से पहले कोई भांप न सके। भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस को हताशा का आरोप लगाती रही। भारतीय जनता पार्टी चाहती थी कि राहुल पर यह आरोप लगाया जाए कि वह डर के कारण अमेठी छोड़कर वायनाड गये लेकिन अब उन्हें वायनाड से भी डर सता रहा है। जब कि ऐसा नहीं था। इस बार राहुल को वायनाड से चुनाव लड़ना ही नहीं था। और रायबरेली सीट इसीलिए सोनिया गांधी ने खाली की थी। कांग्रेस का यह मास्टर स्ट्रोक है यदि किशोरी लाल शर्मा चुनाव हार गए तो कोई बात नहीं क्यों कि वह कांग्रेस के साधारण कार्यकर्ता हैं और यदि वह चुनाव जीत गए तो स्मृति ईरानी के लिए यह एक बहुत बड़ी बात होगी कि वह कांग्रेस के एक छोटे से कार्यकर्ता से चुनाव हार गईं।




रायबरेली से राहुल गांधी की जीत सुनिश्चित लग रही है। और अमेठी में कांटे की टक्कर होती दिख रही है कोई भी चुनाव जीत सकता है। अब वहां धर्म और जाति के सारे हथकंडे अपनाए जाने लगे हैं। किशोरी लाल शर्मा वहां के लोकल निवासी हैं और गांधी परिवार के विश्वासपात्र हैं वह 20 वर्षों से भी अधिक समय से अमेठी में गांधी परिवार का कार्य देख रहे हैं। वह अमेठी की जनता से काफी अच्छी तरह से रुबरु हैं। इसका लाभ किशोरी लाल शर्मा को मिल सकता है। दूसरी तरफ कुछ नाराजगी वहां की जनता को स्मृति ईरानी से भी दिखाई दे रही है। लेकिन स्मृति एक बड़ी नेता हैं आसानी से वो भी हार नहीं मानेंगी। वह पांच साल से अमेठी का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। और अमेठी को काफी कुछ पहचान भी लिया होगा। हो सकता है कि वह अमेठी की जनता को मनाने में कामयाब हो जाएं। बरहाल कुछ भी हो कांग्रेस पार्टी ने यहां पर बहुत ही तगड़ी रणनीति तैयार की है जिसे भारतीय जनता पार्टी अंत तक नहीं समझ सकी। जब नामांकन का एक दिन रह गया तब राहुल गांधी ने रायबरेली से और किशोरी लाल शर्मा ने अमेठी से नामांकन दाखिल किया। इससे पहले तो कयास ही लगाए जा रहे थे। लेकिन अब मुकाबला काफी रोचक हो चुका है। अमेठी लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं, तिलोई, सलोन, जगदीशपुर, गौरीगंज और अमेठी। अमेठी में 2019 का चुनाव देश की राजनीति को एक नई दिशा दे गया और यह इतिहास में दर्ज हो गया। यह पहला ऐसा चुनाव था जिसमें तत्कालीन कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष को हार का सामना करना पड़ा। राहुल गांधी को हराने के बाद स्मृति ईरानी का कद भी भारतीय जनता पार्टी में बढ़ गया। राहुल गांधी की हार कोई विशेष मायने नहीं रखती विपरीत लहर में इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेई, मुलायम सिंह यादव, जैसे तमाम दिग्गज नेताओं को भी हार का सामना करना पड़ा है। लेकिन इस बार दांव अलग ही है। यदि कांग्रेस अमेठी हार गई तो कोई बड़ी बात नहीं लेकिन यदि चुनाव जीत गई तो यह एक बहुत बड़ी बात होगी।

## संपादकीय

### राम के नाम पर नहीं काम के नाम पर चुनिए




हम कलम घसीटने वालों के पास मुफ्त में देने के लिए अन्न नहीं है लेकिन तजुर्बे हैं,सलाह- मशवविरे हैं, जो हम लगातार देते रहते है। अठारहवीं लोकसभा के लिए तीसरे चरण के मतदान के बाद चौथे ,पांचवें,छटवें और सातवें चरण में मतदान करने वालों को हमारी सलाह है कि वे राम के नाम पर नहीं बल्कि काम के नाम पर मतदान करें और जो राम के नाम पर भिक्षाटन कर रहा हो उसे या तो राम के पास ही माला जपने के लिए भेज दें या फिर उससे कहें की वो काम करे। देश की जनता राम को अपना आराध्य मानती है और राम के नाम पर लगातार उदारता दिखाकर मतदान भी करती आयी है किन्तु अब राम जी की कृपा से जनता जाग गयी है। जनता को समझ में आ गया है कि राम को तो वोट की जरूरत है ही नहीं। वे तो पहले से राजा राम है। वोट तो उनके नाम पर राजनीतिक ठगी करने वालों को चाहिए। हरियाणा में दल-दल से बाहर खड़े होकर दलदल की सरकार का समर्थन करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों को सबसे पहले ये समझ में आया है और उन्होंने राम के नाम पर बनी नकली राम सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। अब हरियाणा में या तो राष्ट्रपति शासन लगाया जाएगा या फिर नए चुनाव होंगे । राम के नाम पर खरीद-फरोख्त की गुंजाइश अब लगभग बची नहीं है।

हरियाणा की जनता और नेता राम के साथ ही कृष्ण की भी सुनते है। असली महाभारत तो हरियाणा में ही हुआ था । यहां के लोग रामायण के साथ ही गीता के उपदेशों के बारे में भी जानते हैं। शायद इसीलिए भाजपा को समर्थन दे रहे तीन निर्दलीयों ने सरकार से समर्थन वापस लेते हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को समर्थन देने का एलान कर दिया है। रोहतक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के साथ निर्दलीय विधायक दादरी से सोमबीर सांगवान, पूंडरी से रणधीर गोलन और नीलोखेड़ी से धर्मपाल गोंधर ने कांग्रेस के समर्थन का एलान किया है। देश में जब रामनाम की खुली लूट चल रही थी तब भी 2019 के विधानसभा चुनाव में हरियाणा की 90 सीटों में से भाजपा ने 40 सीटों पर जीत दर्ज की थी और बहुमत का आंकड़ा हासिल करने में असफल रही थी। वहीं, इनेलो से अलग होकर बनी जननायक जनता पार्टी के दस विधायक बने थे। सात निर्दलीयों ने भी जीत दर्ज की थी। कांग्रेस के खाते में 31 सीट तो इनेलो और हरियाणा लोकहित पार्टी के खाते में एक एक सीट आई थी। इस स्थिति में भाजपा ने जजपा के साथ गठबंधन किया और करीब साढ़े चार साल तक प्रदेश में सरकार चलाई। इस दौरान कांग्रेस की आदमपुर सीट कुलदीप बिश्नोई के भाजपा में शामिल होने से खाली हुई और वहां उपचुनाव में उनके बेटे ने जीत दर्ज की और भाजपा के प्रदेश में 41 विधायक हो गए। वहीं, कांग्रेस के पास तीस विधायक रह गए। पिछले दस साल में भाजपा ने राम के नाम पर अनेक राज्यों की चुनी हुई सरकारें गिराईं,दल-बदल कराया,पार्टियों को तोड़ा किन्तु ये पहला मौक़ा है जब खुद भाजपा की सरकार टूट रही है। यानि जो तकनीक भाजपा सत्ता हासिल करने के लिए अब तक इस्तेमाल करती आ रही थी ,उसी तकनीक से उसे हरियाणा में सत्ता से बेदखल करने के लिए इस्तेमाल किया गया है । लोकसभा चुनाव के लिए हुए तीसरे चरण के मतदान के दिन ही भाजपा को ये उपहार मिला है। इस घटना से हरियाणा को जो कष्ट झेलना पड़ेंगे वे तो अलग हैं लेकिन अब भाजपा को चार सौ पार करने के लिए फिर से प्रभु राम की शरण में जाना पड़ेगा । कोई दूसरा पुलवामा भी भाजपा की मदद कर सकता है ,लेकिन आज का समय और भगवान राम तो उसके साथ खड़े होने वाले नहीं हैं। आपको याद दिला दूँ कि हरियाणा में जजपा पांडवों की तरह भाजपा से लोकसभा चुनाव से पहले गठबंधन में बने रहने के लिए मात्र 2 सीटें मांग रही थी,किन्तु हरियाणा में कौरव बनी भाजपा ने जजपा को ठेंगा दिखा दिया। लोकसभा चुनाव से पहले ही 12 मार्च को हरियाणा में भाजपा-जजपा गठबंधन टूट गया। भाजपा को मजबूरी में राज्य में मुख्यमंत्री बदलकर मनोहर लाल खटटर की जगह नबाब सैनी को लाना पड़ा। जजपा से गठबंधन टूटने के बाद भाजपा के पास अपने 41, छह निर्दलीयों और एक हलोपा विधायक का समर्थन था। जजपा के कुछ विधायक भी भाजपा के साथ आते दिखाई दिए, लेकिन विहिप जारी होने के कारण सदन से बाहर चले गए और ध्वनि मत से सैनी सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। महम से निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू भी सरकार के खिलाफ पहले से ही मोर्चा खाले हुए हैं। मोशा की जोड़ी मुमकिन है कि जोड़तोड़ से हरियाणा की सरकार एक बार फिर बचा ले किन्तु अब पूरा देश भाजपा की हकीकत समझ गया है। अब भाजपा के सामने हरियाणा से ज्यादा दिल्ली की सरकार को बचाने की चुनौती है। राम जी के नाम पर अब देश की जनता भाजपा को वोट देने वाली नहीं है । अब भाजपा को राम के नाम पर नहीं बल्कि अपने काम पर वोट मांगना चाहिए अन्यथा राम नाम सत्य साबित हो सकता है। मुझे भाजपा का जाना अच्छा नहीं न लगेगा क्योंकि बेचारी भाजपा ने राम के नाम पर देश में बहुत पापड़ बेले हैं। जनता को खिलाकर भरमाया है । किन्तु यदि जनता काम पर वोट देने की आदत डालकर कोई फैसला करती है तो मै क्या पूरा देश ,हमारी भारत माता,हमारा लोकतंत्र सुखानुभूति करेगा। क्योंकि हमारे देश में 1980 के पहले राम -श्याम के नाम पर वोट मांगने की परम्परा नहीं है ,और फिर राम-श्याम के नाम पर वोट मांगे भी क्यों जाएँ ? हरियाणा के निर्दलीय विधायकों की ही तरह राम जी करें कि हमारा केंचुआ भी नींद से जागे और बदजुबानी करने वालों को केवल नोटिस देकर ही न छोड़े बल्कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर प्रमाणित करे की उसके पास भी रीढ़ की हड्डी है। केंचुआ हो या न्यायपालिका या संसद जिसने भी ,जब भी अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा किया है लोकतंत्र का स्वास्थ्य सुधरा है। भारत का लोकतंत्र कुछ कांग्रेस ने बीएमआर किया था और बचा-खुचा भाजपा ने कर दिया। जनता ही जो लोकतंत्र को बचा सकती है। हम जनता में फर्क नहीं करते। लोकतंत्र बचाने कि लिए उस 85 करोड़ जनता की भी जरूरत है जो पांच किलो अनाज कि लिए सरकार की मोहताज है और उस जनता की भी जो भक्ति करते -करते अंधभक्ति की शिकार हो गयी थी। राम सबकी रक्षा करें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित
संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो. 7499472288
स्वतंत्र प्रभात
e-Mail- news@swatantraprabhat.com, RNI No. UPHIN/2019/79073
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के पिता ने ससुरालियों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**सहजनवां /गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव की एक विवाहिता के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न और मारपीट कर बेटी को घर से बाहर निकालने का मुकदमा दर्ज कराया है। सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव के विवाहिता के पिता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हमने अपने बेटी की शादी तीन वर्ष पहले हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझौरा निवासी अर्जुन यादव पुत्र राम सेवक यादव के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ किया था, शादी में सामर्थ्य के हिसाब से दान दहेज भी दिया था, लेकिन शादी के बाद जबसे हमारी लड़की ससुराल में गई तभी से पति अर्जुन, ससुर राम सेवक, सास सोना देवी, ननद प्रेमशीला मोटरसाइकिल के लिए हमारी लड़की को हमेशा प्रताड़ित करते रहते हुए मारपीट कर घर से निकाल दिए।

इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया कि विवाहिता के पिता रामनयन यादव की तहरीर पर पति, ससुर ,सास और ननद के खिलाफ आईपीसी की धारा 498ए, 323,506, दहेज प्रतिषेध अधिनियम मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## बाइक पर बैठाकर युवती को अगवा कर ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

**सहजनवां/गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव में 20 वर्षीय युवती को बहला फुसलाकर उसके गाव का ही एक युवक उसे अगवा कर ले गया, युवती के स्वजनों ने युवती को नात रिश्तेदारी सब जगह खोजा लेकिन जब वह नहीं मिली तो पता चला कि गांव का ही एक युवक उसे बाइक पर बैठाकर ले गया है। गायब युवती के पिता ने हरपुर बुदहट पुलिस को तहरीर देकर बेटी को वापस लाये जाने की गुहार लगाते हुए आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण की धाराओ में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विशाल उपाध्याय ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी राजवीर पुत्र बिंदेश्वरी प्रजापति के खिलाफ आईपीसी धारा 366 के तहत केस दर्ज कर युवती की तलाश की जा जा रही है।

## दो पक्षों में मारपीट दोनों पक्ष की तहरीर पर क्रास मुकदमा दर्ज

**सहजनवां/गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के सिंघवलिया गांव में आपसी विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमे एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायलों को अस्पताल भिजवाया। सिंघवलिया निवासी विद्यावती पत्नी सन्तोष पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पड़ोसी सोनू पांडेय ने बेवजह उसे और उसके लड़के को मार पीट कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के सोनू पांडेय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है की उसकी पड़ोसन विद्यावती देवी और उसके लड़के सर्वेश ने मिलकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर क्रास केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस ने युवक की तहरीर पर चार के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज




**मीरजापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के खोदाईपुर गांव निवासी प्रदीप दूबे ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया गया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई प्रदीप दुबे ने तहरीर देकर बताया की बुधवार दोपहर में घर से कपड़ा प्रेस कराने जा रहा था कि गांव निवासी प्रियांशु व प्रिंस उर्फ छोटू व बगल के गांव मड़वा धनावल निवासी जगदीश शुक्ल, रामप्रताप शुक्ल रोककर गाली गलौज देने लगे मना करने पर लात घूसों से पिटाई कर घायल कर दिया जिससे चोटें आई हैं? पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले कि जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# स्वागत कर्ताओं के हाथ मे फूलमाला तो कहाँ हुआ लाठी डंडों से प्रहार

**●कोई गम्भीर चोट नही न कोई हुआ लहू लुहान, कैसे लगा 307 जैसे गम्भीर धाराओं में मुकदमा ! सवाल**

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर** जनपद खजनी थाना क्षेत्र बीते दिनों सांसद प्रतिनिधि के रोड़ शो में दो पक्षो में नोक झोंक हो गई, जिसमें खजनी प्रमुख के प्रतिनिधि से अमित सिंह समर्थकों से ब्यक्ति विशेष की नारेबाजी को लेकर विवाद हो गया ,किसी ने खजनी प्रमुख के स्कार्पियो के पीछे शीशा पर मुक्का मार दिया जिससे गाड़ी का शीशा फूटा तो गाड़ी के अंदर से प्रमुख के प्रतिनिधि बाहर निकले जहां अमित सिंह के समर्थक में तीखी नोक झोंक हुए ,जुबानी तीर चली, तत्पश्चात सांसद जी का काफिला सामने आ गया लोग उनकी स्वागत में लग गए वहीँ प्रमुख प्रतिनिधि की कारवां आगे बढ़ गया , जिसमे प्रमुख पक्ष द्वारा गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर घटना को बढ़ा रूप दे दिया गया ।

**क्या था मामला**

दर्शल 5 मई 2024 को सदर सांसद रविकिशन का रोड़ शो होना था , दिन के 12 बजे काफिला छताई पूल पहुंचा, जहां ब्लाक प्रमुख अंशु सिंह अपने समर्थकों के साथ पहुँच कर स्वागत की ,उसके बाद उनका कारवाँ आगे बढ़ा ,मंझरिया मोड़ पर अमित सिंह के साथ सैकड़ो लोग सदर सांसद बर्तमान चुनाव के प्रत्याशी के स्वागत में खड़े थे ,उसी बीच मे खजनी प्रमुख का काफिला पहुंचा , एक काले रंग के स्कार्पियो में एक ब्यक्ति सिर को बाहर निकाले स्टंट करते हुए अंशु सिंह जिल्दाबाद का नारा लगाते हुए अमित सिंह के समर्थकों के सामने चिल्लाने लगा ,उसके तेवर अमित सिंह के समर्थको को बुरा लगा गाड़ी को वहाँ से भागने को बोले तभी किसी ने मंझरिया मुर्दाबाद का नारा लगा दिया ,लोगो गुस्सा फूटा किसी ने मुक्का से शीशा तोड़ दिया ,तभी गाड़ी से प्रमुख प्रतिनिधि अंशुमाली धर दुबे निकले और जुबानी तीर चली , तभी सांसद का काफिला आ पहुंचा उनके सुरक्षा पहुंच गई , लोग फूल माला लिए स्वागत में लग गए । प्रमुख का काफिला आगे गया ,खजनी थानां में लाठी डंडा राड से हमले का तहरीर देकर गम्भीर धारा में अमित सिंह सुमित सिंह व कुन्नू सिंह सहित अन्य पर जानलेवा हमला बलबा धमकी जैसे गम्भीर धारा में मुकदमा पंजीकृत कराया । वही लाठी डंडे की बात लोगो को हजम नही हो रही है ,जहां फूल माला हाथ मे लिए है फिर लोहे का राड लाठियों की प्रहार कहाँ हुआ ,प्रत्यक्ष दर्शी हैरान है जहाँ कुछ नही होता ,किसी को कोई चोट नही केवल जुबानी तीर पर गम्भीर मुकदमा ,जहां सब कुछ होता सिर फट जाता खून लथपथ थानां जाते वहां 151 में लोग जाते कैसा न्याय कैसा बिधान लोगो को गम्भीर सवाल कड़ी बन गई है।

# गोरखपुर लोकसभा से दो प्रत्याशियों ने किया पर्चा दाखिल

**●गो लोक सभा से आठ प्रत्याशियों ने 15 सेट पर्चे लिए**

**बांसगांव लोकसभा से दो प्रत्याशियों ने पर्चे लिए, कोई पर्चे दाखिल नहीं किए गए**

**एसपी नॉर्थ के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था रहा चाक चौबंद**

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर ।** सामान्य लोकसभा नामांकन के दूसरे दिन गोरखपुर लोकसभा से दो प्रत्याशियों एडीएम वित्त कोर्ट में रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम कैंपियरगंज रोहित मौर्य सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी के मौजूदगी में श्री राम प्रसाद अल हिंद पार्टी राधेश्याम सेहरा निर्दल ने पर्चा दाखिल किया। 8 प्रत्याशियों अशोक अग्रहरि प्रेम प्रकाश हरीश त्रिपाठी साहबज़ादा रमाकांत सोनू राय विजय भारती नित्यानंद ने अपने अपने 15 सेट में पर्चे लिए। बांसगांव लोकसभा से दो प्रत्याशियों ने सीआरओ कोर्ट में रिटर्निंग ऑफिसर/ जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम गोला केसरी नंदन तिवारी के मौजूदगी में रामा और राकेश कुमार सिद्धार्थ ने अपने अपने पर्चे लिए। नामांकन कच्छ के बाहर नामांकन सुरक्षा नोडल प्रभारी पुलिस अधीक्षक उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में क्षेत्राधिकारी कोतवाली सौरभ त्रिपाठी क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा नितिन तनेजा सहित पुलिस के जवान और एलआईयू अपने अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए ड्यूटी पर मुस्तैद रहे।

# धूमधाम से निकली भव्य कलश यात्रा

स्वतंत्र प्रभात




**सहजनवा/गोरखपुर।** नगर पंचायत सहजनवा वार्ड नंबर 13 जुडियांन में श्री राम सेवा समिति के सौजन्य से शुरू जीव कल्याण श्री राम महायज्ञ के तहत एक कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से कालेसर राप्ती नदी के तट तक पहुंची तथा वापस जल भरकर यज्ञस्थल तक आई। जिसमें बच्चे, बूढ़े ,महिलाएं और नौजवान गाजे बाजे के साथ हर्षोल्लाह के साथ नारा देते हुए चल रहे थे। प्रतिदिन इस यज्ञ में दिन में श्री राम कथा रामकुमार प्रपन्नाचार्य द्वारा कहा जाएगा तथा रात में रामलीला के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा । 8 मई से प्रारंभ इस यज्ञ का 18 मई को विशाल भंडारे के साथ समापन किया जाएगा। इस अवसर परांकुशाचार्य, चेयरमैन सहजनवां सुमन सिंह, भूतपूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि सहजनवां नागेन्द्र सिंह, सभासद अमित कुमार,मेवा लाल यादव, हरिनारायण, राजीव यादव, लाल चंद्र चौहान, दिवाकर गौंड, मनोज यादव, लक्ष्मण यादव, रामहित, पुरुषोत्तम, धर्मराज, राम हित, सत्यभामा, पूनम, अर्चना यादव, अमित ,रामसजन सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अंग्रेजी शराब- बोतल की ढक्कन उखाड़ धंधा जोरों पर

**●शील बिना टूटे ही खुल जा रहा ढक्कन , आबकारी विभाग मौन ..!**

स्वतंत्र प्रभात




**कुशीनगर।** बिहार सीमा से सटे जनपद कुशीनगर के थाना जटहां बाजार कस्बा में खुले अंग्रेजी शराब की दबंग प्रभावशाली दुकान विक्रेता द्वारा की जा रही धांधली को शराब के शौकीनों द्वारा उजागर किया जा रहा है। बताया जा रहा हैं की शराब की दुकान की दुकानदारी हेतु कोई समय निर्धारित नही हैं, नियत समय के बाद मनमानी ओवर रेटिंग कर शाम तय समय के बाद से सुबह तक धड़ल्ले से बेची जा रही हैं और आबकारी अधिकारी मौन साध रखे हैं। इससे यह साबित हो रहा है कि विभाग के मिलीभगत से कारोबार में चार चांद लगा हुआ हैं। अब निः संदेह अंग्रेजी शराब की डॉट उखाड़ कर उसमे मिश्रण कर डॉट बैठाकर ग्राहकों को जोरदार चुना लगाने का गोरखधंधा भी खूब हो रहा है, शराब के शौकीनों की माने तो यह चर्चा का विषय बना हुआ है। बीते दिन 7 मई को एक ग्राहक जटहां में खुली अंग्रेजी शराब की दुकान से 8 पीएम का आधा बोतल खरीदकर एक नास्ते की दुकान पर बैठा जब बोतल का ढक्कन खोला तो बिना शील टूटे ही खुल गया। जो वीडियो शोशल मीडिया में बड़ी तेजी से वायरल हो रही हैं। अब शराब के शौकीनों में चर्चा जोरशोर से खूब की जा रही हैं कि शराब दुकानदार द्वारा दो नंबर शराब का धंधा बड़े पैमाने पर किया जा रहा हैं। अब देखना हैं आबकारी विभाग क्या एक्शन लेता हैं ?

# अवैध तमंचा के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शस्त्रों का संग्रहण, निर्माण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर की जा रही कार्यवाही के क्रम में बीती देर शाम थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा गश्त एवं चेकिंग के दौरान थाना तिन्दवारी क्षेत्र के ग्राम सिंघौली रोड कस्बा तिन्दवारी से एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचे व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम रावीन्द्र उर्फ लाला सोनी पुत्र कामता सोनी निवासी श्रीनगर मुहल्ला कस्बा व थाना तिन्दवारी जनपद बांदा है।

# रवि किशन शुक्ला ने विकास और सुशासन के लिए मांगा वोट

स्वतंत्र प्रभात



**सहजनवां/गोरखपुर।** पिपरौली ब्लॉक बरडाड़,रामपुर मलौली, भीटी, भीटी खोरिया, भगवानपुर, भखरा, सियर, नन्दा पार, जैतपुर, गौसपुर, अमटौरा, बनौड़ा, बालवाड़ी, गाडर, कैली, कुल्हुई, तेनुअन, अड़ीलापार, पिपरौली, बसुधा, देईपार, कुरमौला, रावतपार सरैया, नेवास, बरवार, साथीपार, बरहुआ, कोलिया, एकडंगा, रोड शो के माध्यम से नुक्कड़ सभा के दौरान सांसद रवि किशन शुक्ला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश और प्रदेश की विकास के लिए मोदी व योगी जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज देश में विकास व सुशासन की गंगा बह रही है। सारे विरोधी भयभीत है,चाहे वह देश हो या विदेश के। इस बार मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक विकास में दुनिया की सबसे बड़ी इकोनांमी बनेगा।यह मोदी की गारंटी है। इसके लिए जनता का आशीर्वाद जरूरी है। आप सभी एक जून को अपने घरों से निकले और कमल निशान के आगे बटन दबाकर अपना आशीर्वाद जरूर दें। आज देश जिस गति से विकास कर रहा है और दुनिया में भारत का नाम ऊंचा हो रहा है। मोदी को अपना आशीर्वाद देकर एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों बषों से भगवान राम टेस्ट में थे। उन्हें भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित करने काम मोदी योगी सरकार में संभव हो सका है। अंत में सरकार की गरीबों के हित में चलाई जा रही जनकल्याण की योजनाओं का भी जिक्र किया।सभा में विधायक प्रदीप शुक्ला, पूर्व विधायक जीएम सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष महेश दुबे प्रभाकर दुबे, नागेंद्र सिंह,ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव शशि प्रताप सिंह विकास सिंह ,सुरेंद्र निषाद , छोटेलाल मौर्य,घनश्याम मिश्रा संतोष त्रिपाठी,मंडल अध्यक्ष धर्मराज गोड,रत्नेश पांडे, विकास पांडे, रमेश मिश्रा,रामपाल सिंह,वीरू सिंह, ऋषिकेश जयसवाल,राम बुझारत पासी ,रवि सोलंकी,भानु सिंह,सुरजीत सिंह,गुलाब तिवारी,गौरव गुप्ता, अवधेश यादव ,मोहम्मद अली, समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पीएम बनने के बाद मोदी ने राम मंदिर बनवाकर करोड़ों हिंदुओं के आस्था का रखा मान -स्वतंत्र देव

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर-** पं. दीन दयाल उपाध्याय ने हजारों घरों की कुंडियों को खड़काया था तब जाकर एक पं. अटल बिहारी बाजपेयी मिले थे। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं का निर्माण करती है। यह बातें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को तुलसीपुर मार्ग स्थित मधु विजा लॉन में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कही।

मुख्य अतिथि जल शक्ति मंत्री ने कहा कि सदन में सोनिया गांधी ने अटल बिहारी बाजपेयी को निकम्मा कहा था। 2014 से अभी तक देश की जनता ने कांग्रेस को सरकार बनाने का मौका नहीं दिया है। 2024 का चुनाव राष्ट्र निर्माण का है। कांग्रेस पार्टी रामसेतु एवं राम को काल्पनिक मानती थी। पीएम बनने के बाद मोदी ने राम मंदिर बनवाकर करोड़ों हिंदुओं के आस्था का मान रखा है। राम मंदिर बनने से सभी लोगों को फायदा पहुंचा है। कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर था। आए दिन घोटाले होते रहते थे। एक चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री बनने पर करोड़ों लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिला रहे हैं। कहा कि पहले की सरकारों में जगह-जगह बम फूटते थे। 2014 में भाजपा की सरकार बनने पर देश में कहीं भी बम नहीं फूटा है। लोग अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस की सरकार ने श्रीनगर के लाल चौराहे पर तिरंगा नहीं फहराता था। आतंकियों के हौसले बुलंद थे। भाजपा की सरकार बनने पर आज लाल चौक पर शान से तिरंगा फहरा रहा है। सपा और बसपा गुण्डो की पार्टी है, जबकि भाजपा राष्टवादी पार्टी है। योगी की सरकार में कांवड़ यात्रा में हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों के ऊपर पुष्प वर्षा की जा रही है। जबकि पहले की सरकारों में कांवड़ यात्रा व राम बारात पर प्रतिबंध लगाया जाता था। बूथ अध्यक्षों से कहा कि जनता के बीच जाने से कार्यकर्ताओं का कद बढ़ता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने की। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव, लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पाण्डेय,अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, सदर विधायक पल्टूराम,तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल,जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, चेयरमैन डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु,पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू,जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी,अजय सिंह पिंकू,वरुण सिंह मोनू,अवधेश तिवारी तरुण, डॉ प्रांजल त्रिपाठी, विष्णुदेव गुप्ता, अवधेश पाण्डेय, श्याम मनोहर तिवारी, गोविंद सोनकर, आद्या सिंह, मंजू तिवारी, विनोद गिरी,कृष्ण गोपाल गुप्ता,कृष्ण कुमार तिवारी, राघवेन्द्र कांत सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में लबालब भरे रहेंगे तालाब, डी एम ने दिया निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर-** भीषण गर्मी में सूखे पड़े तालाबों को पानी से लबालब भरे जाने को डीएम अरविंद सिंह द्वारा अभिनव पहल की गई है। डी एम ने कहा कि जनपद में सूखे पड़े तालाबों को चिन्हित किया जाए तथा नहरों के पानी का सदुपयोग करते हुए नरेगा से गुल बनाकर तालाबों को पानी से भरा जाए । उन्होंने डीसी मनरेगा , सिंचाई विभाग एवं नहर विभाग के अभियंताओं को सामंजस्य बनाते हुए नहरों के पानी का सदुपयोग करते हुए गूल बनाकर तालाबों को पानी से भरे जाने को युद्ध स्तर पर अभियान चलाए जाने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि तालाबों के पानी से भरे होने पर भूगर्भ जल बढ़ेगा तथा पशु पक्षियों को पीने का पानी उपलब्ध होगा । इसके साथ ही साथ अग्निकांड आदि परिस्थितियों में इन जल स्रोतों से बचाव कार्य बचाव कार्य में मदद मिलेंगी ।

उन्होंने नए वित्तीय वर्ष में कार्ययोजना बनाकर मनरेगा से नए तालाबों की खुदाई का विशेष अभियान चलाया जाए तथा नए तालाबों के निर्माण को विकास खंडों को लक्ष्य निर्धारित किए जाने का निर्देश दिया। नलकूप विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी विभागीय तालाबों को पानी से लबाबाब भरे होना सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा की गेहूं की फसल कटने के बाद पराली का सदुपयोग हो , इसके लिए नहरों के पानी से खेतों को भरे जाने का अभियान चलाया जाए , जिससे पराली सड़ने पर खेतों में खाद का काम करेगी तथा किसानों को कम लागत में अच्छी उपज प्राप्त होगी। उपनिदेशक कृषि एवं जिला कृषि अधिकारी को कृषकों में पराली ना जलाने को जागरूकता चलाए जाने का निर्देश दिया । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य , डीसी मनरेगा , सिंचाई विभाग के अभियंता उपस्थित रहें ।

# केन जल आरती कार्यक्रम में पंडित श्याम बिहारी मिश्रा को श्रद्धांजलि

**बांदा।** शहर के केन घाट पर मंगलवार की देर शाम केन जल महा आरती कार्यक्रम में विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के तत्वाधान में श्रद्धेय पंडित श्याम बिहारी मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने अवगत कराया कि इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलित कर उनको सादर प्रणाम किया गया। पंडित श्याम बिहारी मिश्रा व्यवपारियो के मसीहा कहे जाने वाले व्यक्ति थे जो ईमानदारी और कर्तव्यनिस्थता के धनी व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने कार्यों से समाज में एक अलग ही पहचान बनाई जिससे आज सभी लोग उनके व्यक्तित्व से प्रभावित हैं। इस दौरान सभी लोगो ने पंडित जी को याद करते हुए उनके नेक कार्यो का बखान किया गया तथा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। केन जल आरती में सभी भक्तो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा केन नदी की जलधारा को लेकर विचार विमर्श किया गया। समिति के जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति ने कहा कि पंडित श्याम बिहारी मिश्रा जी एक अच्छे व्यक्ति थे और उन्होंने हमेशा अपने साथियों को साथ दिया है तथा व्यापारियों के लिए भी वो हमेशा तत्पर रहते थे, केन जल के संबंध में जिलाध्यक्ष ने कहा कि गर्मी काफी पड़ने लगी है और केन जल की जलधारा ही हम सबका सहारा है इसलिए इसको संरक्षित रखने का दायित्व भी हमारा है। इस दौरान कार्यक्रम में व्यापार मंडल से प्रदेश संयुक्त महामंत्री श्री चारु चंद्र खरे जिला महामंत्री कमलेश कुमार गुप्ता जिला मंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला संयुक्त महामंत्री राकेश सिंह राठौड़ नगर कोषाध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता पूर्व महामंत्री प्रेम गुप्ता गौ रक्षा समिति से जिला सह प्रभारी आलोक कुमार निगम जिला उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया सागर गोयल नगर उपाध्यक्ष अनिल राजपूत महामंत्री अखबार विक्रेता संघ प्रिंस साहू मुनेंद्र चौरसिया ब्लाक अध्यक्ष सत्यम मिश्रा तमाम पदाधिकारी एवं श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या के दो आरोपियों को सात-सात वर्ष की सजा

**- तीन-तीन हजार का लगा जुर्माना**

**बांदा।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान आपरेशन कन्विक्शन के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में वर्ष-2020 में दहेज हत्या मामलें में 02 अभियुक्तों को 07-07 वर्ष के सश्रम कारावास व जुर्माने से दण्डित कराया गया । गौरतलब हो कि 18 जून 2020 को थाना कमासिन के रहने वाले विजयपाल कुशवाहा द्वारा थाना गिरवां पर अपनी पुत्री की दहेज के लिए उसके ससुरालीजनों द्वारा 14 जून 2020 को हत्या किये जाने के सम्बन्ध प्रार्थना पत्र दिया गया था । इस सम्बन्ध में थाना गिरवां पर धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी राजीव प्रताप सिंह द्वारा सम्पादित की गयी थी । विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुये साक्ष्य संकलन करते हुए आरोपी को 6 जुलाई 2020 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा 9 सितंबर 2020 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया था । अभियोजक विजय बहादुर सिंह द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी अनिल रायकवार तथा पैरोकार मुख्य आरक्षी रहीस कुमार के अथक प्रयासों से अभियुक्त को न्यायालय जिला सत्र बांदा द्वारा 02 अभियुक्तों को 07-07 वर्ष के सश्रम कारावास व 03-03 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया । अभियुक्तो में कैलाश पुत्र रामहित व रामहित पुत्र महादेव निवासी बरसड़ा थाना गिरवां जनपद बांदा हैं।

# कनाडाई विदेश मंत्री बोलीं- भारत पर लगे आरोपों पर कायम

**● - निज्जर की हत्या में उनका हाथ; भारतीय डिप्लोमैट ने कहा- लाइन क्रॉस न करे कनाडा**

स्वतंत्र प्रभात

कनाडा ने एक बार फिर से खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत पर लगाए गए आरोपों को दोहराया है। कनाडा की विदेश मंत्री मेलेनी जोली ने कहा, "हम अभी भी यही मानते हैं कि भारतीय एजेंट्स ने कनाडाई धरती पर हमारे नागरिक की हत्या करवाई।"

दूसरी तरफ कनाडा में मौजूद भारत के हाई कमिश्नर संजय कुमार वर्मा ने कहा, "भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर बुरी नजर डालना लक्ष्मण रेखा पार करने जैसा है। भारत का भविष्य अब विदेशी नहीं, बल्कि भारतीय खुद तय करेंगे।"

**'कनाडाई नागरिकों की सुरक्षा करते रहेंगे'**

मीडिया से बात करते हुए कनाडा की विदेश मंत्री जोली ने बताया कि निज्जर की हत्या की जांच रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (RCMP) कर रही है। जोली ने कहा ,"कनाडा की प्राथमिकता देश के नागरिकों की रक्षा करना है।"

जोली ने आगे कहा, "हम उन आरोपों पर भी कायम हैं जिसमें कहा गया था कि भारतीय एजेंट्स ने कनाडा की धरती पर एक शख्स की हत्या की। मैं इस मामले पर और कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती हूं। कनाडा सरकार का कोई भी व्यक्ति इस मामले पर और कुछ नहीं कहेगा।

भारत के साथ रिश्तों पर जोली ने कहा कि "डिप्लोमैसी पर्दे के पीछे ज्यादा बेहतर होती है। कनाडा अपने नागरिकों की सुरक्षा, अपने संप्रभुता को बनाए रखने और कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है।"

**कनाडा की जमीन पर बढ़ रहे हैं भारत विरोधी**

वहीं भारत के उच्चायुक्त संजय वर्मा मंगलवार को कनाडा में मॉन्ट्रियल काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे। यहां उन्होंने भारत-कनाडा के रिश्तों से जुड़े सवालों के जवाब दिए। वर्मा ने कहा कि कनाडा की धरती पर ऐसे तत्व उभर रहे हैं, जो भारत के लिए खतरा हैं।

संजय ने आगे कहा, "द्विपक्षीय संबंधों में जब हम एक-दूसरे को दोस्त कहते हैं तो हम उम्मीद करते हैं कि एक-दूसरे के दृष्टिकोण, कल्चर और चिंताओं को समझेंगे। लेकिन कुछ ऐसे मुद्दे है, जिस पर सालों से कोई नतीजा नहीं निकल पाया है।"

**आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया**

निज्जर हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए आरोपियों को मंगलवार 7 मई को ब्रिटिश कोलंबिया की सरे कोर्ट में पेश किया है।



आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट की सुनवाई में शामिल हुए। इस दौरान कोर्ट रूम में सिख समुदाय के सदस्यों ने भीड़ लगा दी।

खालिस्तानी समर्थकों ने नारे लगाए और कोर्ट के बाहर तख्तियां लेकर भारत सरकार को हत्या के लिए दोषी ठहराया। कनाडाई कोर्ट ने 3 में से 2 आरोपियों पर सुनवाई को 21 मई के लिए बढ़ा दिया गया है। वहीं तीसरे आरोपी कमलप्रीत ने लीगल काउंसिल मांगा है।

इससे पहले मंगलवार को भारत के विदेश मंत्रालय ने कनाडा में सिख संगठनों की ओर से निकाली गई खालिस्तान समर्थित झाकियों पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि वह कनाडा में अपने राजनयिकों की सुरक्षा के लिए चिंतित है।

**ट्रूडो ने भारत पर लगाया था निज्जर की हत्या का आरोप**

18 जून, 2023 की शाम को सरे शहर के एक गुरुद्वारे से निकलते समय निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने भारत सरकार पर निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था, जिसे भारत ने खारिज किया था।

अब कनाडा की पुलिस ने दावा किया है कि उसने निज्जर की हत्या के 3 आरोपियों को शुक्रवार (3 मई) को गिरफ्तार कर लिया है। कनाडाई न्यूज एजेंसी CBC की रिपोर्ट के मुताबिक, एडमंटन शहर से गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी भारतीय हैं।

इन पर पुलिस कई महीनों से नजर रखे हुई थी। पुलिस को यकीन है कि इन्हें भारत ने निज्जर को मारने का काम सौंपा था। वहीं भारत ने इस मामले पर कहा था कि यह कनाडा का आंतरिक मामला है।




## संक्षिप्त ख़बरें

### जंगल में चोरी से लकड़ी काटते हुए तीन के खिलाफ एफआइआर

**शिकोहाबाद।** जंगल में चोरी से लकड़ी काटते हुए वन दरोगा ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।वन दरोगा प्रताप सिंह ने थाने में तहरीर दी है कि कुछ लोग रपड़ी के जंगल में चोरी से लकड़ी काट रहे थे। जब हमने उन्हें घेरने का प्रयास किया तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। मौके से आठ कंतल लकड़ी कटी हुई मिली। लकड़ी को कब्जे में लेकर कैटिल गार्ड की सुरक्षा में सौंप दिया। वन दारोगा ने बताया कि लकड़ी चोरों की पहचान शिवराज, कुलंगा और छोटेलाल निवासी धर्मनगर नसीरपुर लकड़ी काट रहे थे। उक्त तीनों लोग हम लोगों को देख कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। पुलिस ने वन दारोगा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

### शनि भक्तों ने पीड़ित परिवार को दिया 6 माह का राशन



**शिकोहाबाद।** शनि भक्त सेवा कार्य की श्रंखला को बढ़ाते जा रहे हैं। सोमवार को शनि भक्तों ने एक आग से पीड़ित परिवार को 6 माह का राशन उसके घर जा कर दिया। सिरसागंज के गांव नगला मदारी निवासी एक विधवा महिला पर तीन बच्चे है। उसके पास घर चलाने के लिए मात्र तीन बीघा जमीन है। जिसमें उसने गेहूं की फसल बोई थी। लेकिन किन्हीं कारणों के चलते उसकी फसल में आग लग गई और पूरा तीन बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। फसल में आग लगने से उसके परिवार का भरण पोषण के लिए पैदा होने वाला अनाज जल गया। अब उसके परिवार के सामने पूरी साल खाने का भी संकट पैदा हो गया। जब इसकी जानकारी शनि भक्तों को हुई तो उन्होंने पीड़ित परिवार के लिए 6 माह का राशन और अन्य सामान देने का संकल्प लिया। सोमवार सुबह सभी शनि भक्त राशन को लेकर उसके घर पहुंचे और सारा सामान परिवार को भेंट कर दिया। इतना ही नहीं उन्हेंने पीड़ित परिवार से कहा कि अगर बीच में किसी बात की कोई जरूरत पड़े तो बता दें। इस दौरान ग्रामीण लोग भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने शनि भक्तों के इस नेक कार्य की सराहना की।

### 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**शिकोहाबाद।** थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान कांशीराम कॉलोनी तिराहे से एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। उसके कब्जे से एक 20 लीटर की केन बरामद हुई। जब उसका ढक्कन खोल कर सूंघा तो उसमें कच्ची शराब भरी हुई थी। इस संबंध में जब युवक से पूछा गया तो उसने कोई संबंधित शराब रखने के कागज नहीं दिखाए। इसके बाद आरोपी को पकड़ कर थाना लाया गया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने पूछताछ में पकड़े गये युवक का नाम विकास निवासी कैंप ब्लाक के पीछे जसवंत नगर इटावा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# दिल्ली में कुल फाइल नामांकन पत्र 367 अवैध 129 वैलिड 238 ,नाम वापसी आज गुरूवार 9 मई को

स्वतंत्र प्रभात

**दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों के लिए कुल 367 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गए।इनमें से 129 नामांकन पत्र अवैध पाए गए। जिनको खारिज कर दिया गया।खारिज किए गए नामांकन पत्रों में कुछ कमियां, खामियां थी,जिनको संबधित प्रत्यक्षी पूरा नहीं कर सके थे। इसके बाद 238 नामांकन पत्र वैध पाए गए। नामांकन पत्रों की जांच के बाद अब दिल्ली में कुल 265 उम्मीदवार चुनावी अखाडे में उतर गए है। अब इसके बाद 9 मई यानि गुरूवार को नामांकन पत्र वापिस लेने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके बाद अंतिम रूप से सभी 7तों सीटों पर चुनावी अखाडे में उतरने वाले प्रत्यक्षियों की सूची जारी कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि मंगलवार सुबह 10 बजे से शुरू नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया रात के 9 बजे तक चलती रही। इसके बाद रात 10:30 बजे दिल्ली निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा मीडिया को वैध और अवैध नामांकन की जानकारी दी गई। बता दें कि अधिकतर नामांकन पत्र उन



प्रत्यक्षियों के खारिज हुए है,जो गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल से हैं,या निर्दलीय है। उन्होने जल्दबाजी में बिना कागज पूरे किए नामांकन पत्र दाखिल कर दिए थे।

इसके अलावा डमी प्रत्यक्षियों के भी पर्चे खारिज हुए। सातों सीटों पर नामांकन पत्र खारिज हुए। निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक नोर्थ ईस्ट दिल्ली लोकसभा सीट पर कुल 69 में से 45 नामांकन पत्र सही पाए गए। इसके अलावा चांदनी चौंक सीट में 52 में से 39 नामांकन पत्र वैध पाए गए। ईस्ट दिल्ली सीट में 52 में से 31 वैध नामांकन पत्र वैध पाए गए। इसी तरह नई दिल्ली सीट में 54 में से 29 वैध पाए गए। वहीं उत्तर पश्चिम सीट में 55 में से 35 वैध पाए गए। पश्चिमी दिल्ली में 49 में से 30 वैध पाए गए। और दक्षिण दिल्ली में 367 में से 238 नामांकन पत्र वैध पाए गए। फाइनल सूची के हिसाब से 7तों सीटों पर अंतिम दिन तक कुल 265 प्रत्यक्षियों ने 367 नामांकन पत्र दाखिल किए थे। गुरूवार 9 मई को नाम वापसी के बाद चुनावी अखाडे में उतरने वाले उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी। बता दें कि इस बार राजधानी दिल्ली में 1.52 करोड मतदाता अपने उम्मीदवारों को चुनेंगे। इसके अलावा उत्तर पूर्वी सीट पर चुनाव लडने वाले कैंडिडेट्स सबसे ज्यादा है। वहीं साउथ दिल्ली सीट से सबसे कम कैंडिडेट्स मैदान में है।

### बाल विवाह रोकने के लिए करे 181, 1098, एवं 112 नम्बर पर कॉलः-सुशील कुमार सिंह

**हरदोई.** जिला प्रोबेशन अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अक्षय तृतीया (10 मई 2024) के अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी/समस्त तहसीलदार, जिला प्रोबेशन अधिकारी/जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष, अध्यक्ष/सदस्य बाल कल्याण समिति जिला समाज कल्याण अधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी, समस्त स्वयंसेवी संस्था द्वारा कार्यालयाध्यक्ष, चाइल्ड लाइन, वन स्टाप सेन्टर, हरदोई के समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि अक्षय तृतीय के अवसर पर जनपद में कोई भी बाल विवाह होता है तो उसे तत्काल प्रभाव से रोका जाये तथा जनपद के समस्त संस्थाओ, महिला समूह, ग्राम प्रधानो एवं आगंनबाडी कार्यकत्रियो, आशाबहुओ, समाज सेविकाओ से अनुरोध है कि बाल विवाह को जनपद में खत्म करने के लिए, बच्चो के भविष्य को सवारने के लिए कृपया बाल विवाह रोकथाम के लिए 181, 1098, एवं 112 नम्बर पर कॉल करे या सीधे जिला प्रोबेशन कार्यालय या जिला बाल संरक्षण इकाई रेलवेगंज हरदोई में सम्पर्क करें। लड़की की उम्र 18 वर्ष व लड़के की उम्र 21 वर्ष से कम होती है तो बाल विवाह कहा जाता है। बाल विवाह सम्पन्न कराये जाने वाले व्यक्ति जैसे पंड़ित, मौलवी, माता-पिता, दोस्त इत्यादि को दो वर्ष की कड़ी सजा या एक लाख का जुर्माना या दोनो हो सकते है।

## सिलापथार में बंग साहित्य सम्मेलन द्वारा 163वीं रवीन्द्र जयंती समारोह का आयोजन


स्वतंत्र प्रभात

**सिलापथार- 8 मई।** आज नोबेल पुरस्कार विजेता, दार्शनिक और लेखक कविगुरु रवींद्रनाथ टैगोर की 163वीं जन्मजयंती है। देश की अन्य प्रान्त के साथ सिलापथार में बिस्व कवि रविंद्रनाथ टैगोर को स्मरण किया गया, सिलापथार बंग साहित्य सम्मेलन शाखा संघ और स्वर साधना संगीत केंद्र की पहल के तहत 163 वीं रवीन्द्र जयंती मनाई गई।

सुबह मंगलदीप प्रज्वलित कर रवीन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिछवि पर माल्यर्पण के बाद सामुहिक स्तर पर रविंद्र संगीत द्वारा अनुष्ठान की शुभारंभ किया गया। दुपहर को विद्यर्थियों के बीच मे रवीन्द्रनाथ चित्र अंकन प्रतियोगिता, रविंद्र संगीत प्रतियोगिता, सभी छात्रों द्वारा कविता पाठ का कारिक्रम लिया गया। अनुष्ठान में स्वर साधना संगीत केंद्र







विद्यार्थियों, शिक्षको के अलावा बंग साहित्य सम्मेलन के धेमाजी जिला अध्यक्ष रुहित आर्य,सचिव सजल कुमार नाथ,सलाहकार रविन्द्र देव, दर्पण के भाषा के लेखक डॉ उत्तम दास, सहित इलाके की कोई बारिश लोगों मजूद थे।

## पूर्व रालोद अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौ.अजीत सिंह को तृतीय पुण्यतिथि पर किया नमन

स्वतंत्र प्रभात

**टूण्डला-** सामाजिक एकता के प्रतीक, किसान मसीहा राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री भारत सरकार स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह को युवा राष्ट्रीय लोकदल फिरोजाबाद कार्य कार्यकर्ताओ ने नम आंखो से उनकी तृतीय पुण्यतिथि पर नमन कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।जिलाध्यक्ष चौधरी अमर सिंह पचहरे ने कहा कि चौधरी अजित सिंह ने अमेरिका मे सौक्ट वेयर इन्जीनियर की नौकरी छोड़कर अपना चालीस वर्ष का राजनैतिक जीवन किसान मजदूर गरीब मजलूमो एवं देश की खुशहाली और भाई चारा कायम रखने के लिए समर्पित किया। कोविड की महामारी मे जीवन के अंतिम समय मे चौधरी सहाब ने कहा था कि मेरे गाँव मे रहने वाले किसान कमेरो को पढाई और दवाई का ख्याल रखना मुझे उनकी चिंता है मेरे बाद उनका ध्यान रखना आज ही के दिन वो इस दुनिया से विदा हो गए वो हम सब किसान मजदूर गरीबों के दिल में हमेशा याद रहेंगे। श्रद्धांजलि देने वालों में जिलाध्यक्ष मा.देशराज सिंह वरिष्ठ नेता निरंजन सिंह पौनिया किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आचार्य राजवीर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुंवर सुधीर सिंह महामंत्री जितेंद्र सिंह पौनिया जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर मुन्नेश कुमार राजौरिया सचिव धर्मवीर सिंह उपाध्यक्ष नेपाल सिंह ठेनुआ इंद्रजीत सिंह कोषाध्यक्ष



शेर सिंह राणा उपाध्यक्ष सचिन उपाध्याय यूनिश खान शिवा चौधरी मीडिया पृभारी हर्ष राजौरिया विशाल चौधरी गोलू निषाद राहुल चौधरी कार्तिक नौहवार गुड्डू पूर्व सरपंच जिला महासचिव लख्मी सिंह,आकाश चौधरी, भरत सिंह, पंकज ठेनुआ आदि लोग मौजूद रहे।

# भारत में कारोबार करना अगले कुछ महीने नहीं होगा आसान! जानिए ऐसा क्यों

**● - क्रिसिल का अनुमान है कि अभी कुछ समय तक ब्याज दरें ज्यादा रहने वाली हैं. साथ ही रिजर्व बैंक के कुछ कड़े नियमों की वजह से देश की वित्तीय स्थिति पर भी असर पड़ेगा.**

स्वतंत्र प्रभात

भारत में मार्च 2024 के महीने में वित्तीय हालात पहले से बेहतर हुए हैं. इसका मतलब ये है कि उधार लेना और बाजार में पैसा लगाना दोनों आसान हुआ. मगर आने वाले अगले कुछ महीनों में देश में कारोबार करना और लोन लेना मुश्किल हो सकता है. ये पता कैसे चला?

दरअसल क्रिसिल नाम की एक संस्था हर साल फाइनेंशियल कंडीशन इंडेक्स (FCI) जारी करती है. इस इंडेक्स से पता चलता है कि बाजार में पैसा कितनी आसानी से प्रवाह कर रहा है. रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में लगातार दूसरे महीने कारोबार करना आसान हुआ. मार्च में ये इंडेक्स 40 बेसिस प्वाइंट्स बढ़कर 1.0 हो गया, जो अगस्त 2023 के बाद सबसे ऊंचा है.

लगातार दो महीने फरवरी और मार्च में वित्तीय हालात सुधरने की दो वजह रिपोर्ट में सामने आई है. एक वजह है विदेशों से ज्यादा पैसा भारत में निवेश के लिए आया. दूसरा कारण है बैंकों के पास पैसा ज्यादा होना, जिससे लोन लेना या कारोबार के लिए पैसा निकालना आसान हो गया.

**कारोबार के लिए आने वाले कुछ महीने कैसे हैं मुश्किल?**

बैंकों की ओर से दिए जाने वाले लोन जरूर बढ़े हैं मगर कुछ जगहों पर थोड़ी कमी भी आई है. इसकी वजह ये है कि रिजर्व बैंक (RBI) ने कुछ नियम बदले हैं, इससे कुछ कंपनियों को मिलने वाले लोन और व्यक्तिगत लोन (जैसे कार लोन) पर थोड़ा अंकुश लगा है. रिजर्व बैंक के इन बदलावों का असर आने वाले समय में पूरी अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है.

आरबीआई ने इस साल ब्याज दरों (रेपो रेट) में अभी कोई बदलाव नहीं किया है. देखा जाए तो पूरी दुनिया में महंगाई कम होने की रफ्तार धीमी है. इसलिए दूसरे बैंकों ने भी अभी ब्याज दरें कम नहीं की हैं. दूसरा भारत में इस साल अच्छे मानसून का अनुमान है जिससे महंगाई घट सकती है. लेकिन अचानक मौसम में बदलाव और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने का भी जोखिम है. सरकारी बॉन्ड की यील्ड (यानी ब्याज दर) बढ़ गई है क्योंकि बाजार को लगता है कि आरबीआई जल्द ब्याज दरें कम नहीं करेगा. इसी कारण आने वाले कुछ महीनों में हो सकता है कि लोन लेना और कारोबार करना थोड़ा मुश्किल हो जाए, क्योंकि ब्याज दरें ज्यादा रहने वाली हैं और RBI ने भी कुछ सख्त नियम बनाए हैं.

**मार्च में कारोबार करना कैसे हुआ आसान?**

बीते मार्च में विदेशी निवेशकों का बाजार में पैसा आने से हालात बेहतर हुए हैं. फरवरी में जहां 3.8 अरब डॉलर का निवेश आया था, वहीं मार्च में यह आंकड़ा बढ़कर 6.3 अरब डॉलर हो गया. इसमें भी शेयर बाजार में निवेश सबसे ज्यादा था. शेयर बाजार में फरवरी के 0.2 अरब डॉलर के मुकाबले मार्च में 4.2 अरब डॉलर का निवेश आया. बॉन्ड बाजार में भी निवेश आया लेकिन फरवरी के 2.7 अरब डॉलर से घटकर मार्च में 1.6 अरब डॉलर रहा.

ज्यादा निवेश आने की एक अहम वजह ये है कि भारत को वैश्विक बॉन्ड इंडेक्स में शामिल करने की तैयारी चल रही है. इस वजह से कर्ज के बाजार में जमकर निवेश हो रहा है. इसमें लगातार 12 महीनों से बढ़ोतरी हो रही है.

**लिक्विडिटी घटी, पर बहुत ज्यादा नहीं**

बैंकों में पैसा पहले से ज्यादा आसानी से उपलब्ध हो गया है. आरबीआई ने फरवरी के मुकाबले मार्च में कम पैसा बाजार में डाला. इसका एक कारण है सरकारी खर्च बढ़ जाना और ब्याज दर में कमी. जब बैंकों में पैसा आसानी से आने लगा, तो स्वाभाविक रूप से ब्याज दरों में भी कमी आती है.

उदाहरण के लिए कमर्शियल पेपर (CP) पर लगने वाला ब्याज 32 बेसिस प्वाइंट कम होकर 8.15त्र हो गया. बैंकों में जमा राशि पर मिलने वाला ब्याज भी कम हुआ. 6 महीनों वाले सर्टिफिकेट्स ऑफ डिपॉजिट (CDs) पर मिलने वाला ब्याज 15 बेसिस प्वाइंट कम होकर 7.67% हो गया. मतलब ये कि कई तरह के छोटी अवधि के कर्ज सस्ते हो गए.

मार्च में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में करीब 1त्र की बढ़त दर्ज की गई. ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि भारत की आर्थिक वृद्धि के आंकड़े अच्छे रहे और विदेशी निवेशकों ने भी भारतीय शेयर बाजार में ज्यादा पैसा लगाया. हालांकि फरवरी के मुकाबले मार्च में बैंकों से दिया जाने वाला कर्ज की वृद्धि दर थोड़ी कम हुई.

**नए वित्तीय वर्ष में ब्याज दरों में बदलाव नहीं**

नए वित्तीय वर्ष में रिजर्व बैंक ने अभी रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है. इस वजह से लगातार 14वें महीने ब्याज दरें वहीं रहेंगी. वहीं आरबीआई ने अपना रुख भी नहीं बदला है. सेंट्रल बैंक अब भी पैसे की सप्लाई को बाजार में से थोड़ा कम करने की ओर ध्यान दे रहा है.

इस कारण बैंक ब्याज दरें अभी भी ऊंची बनी हुई हैं. ये दरें कोरोना महामारी से पहले के औसत से भी ज्यादा है. जैसे एक साल की अवधि के लिए दिए जाने वाले लोन (MCLR) और गाड़ियों के लिए लिए जाने वाले लोन पर लगने वाली ब्याज दरें पिछले महीने की तरह ही 8.8% और 9.77% हैं. घर खरीदने के लिए लिए जाने वाले लोन पर लगने वाली ब्याज दरों में थोड़ी बढ़ोतरी हुई है.




यह दर अब 9.31% है.

वहीं पिछले चार महीनों से कच्चे तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. मार्च में भी यही रुझान देखने को मिला. फरवरी में कच्चे तेल की कीमत 83.8 डॉलर प्रति बैरल थी, जो मार्च में बढ़कर 85.4 डॉलर प्रति बैरल हो गई. दरअसल दुनियाभर में राजनीतिक अस्थिरता के चलते कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं. इसका असर भारत में भी पड़ता है, क्योंकि हमें कच्चा तेल आयात करना पड़ता है.

**RBI के फैसले का भविष्य में क्या होगा असर?**

मौसम का भारत की अर्थव्यवस्था पर बहुत असर पड़ता है. खास तौर पर इसका असर खाने-पीने की चीजों और महंगाई पर होता है. मौसम विभाग (IMD) ने इस साल अच्छी बारिश का अनुमान जताया है तो इससे खाने-पीने की चीजों की कीमतें कम हो सकती हैं. लेकिन गर्मी का सितम और कच्चे तेल की कीमतों पर भी नजर रखनी होगी. ये दोनों चीजें महंगाई बढ़ा सकती हैं.

क्रिसिल का अनुमान है कि फिलहाल अभी ब्याज दरें ऊंची रहने वाली हैं. इन सबका असर यह हो सकता है कि भले ही भविष्य में ब्याज दरें कम हों आने वाले कुछ महीनों में कारोबार करना और लोन लेना अभी भी थोड़ा मुश्किल रहेगा. साथ ही, इस साल लोन की रफ्तार और कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था की रफ्तार भी थोड़ी धीमी रहने का अंदेशा है.

अच्छी बात ये है कि इस साल भारत को ग्लोबल बॉन्ड इंडेक्स में शामिल किया जा सकता है. इससे विदेशी निवेशक भारतीय बाजार में ज्यादा पैसा लगाएंगे और भारत की विदेशी लेन-देन की स्थिति मजबूत हो सकती है.